(सिद्धान्ताचार्य पडित फूलचन्द्र शास्त्री की जन्म शताब्दी पर)

पंडितजी

पडित फूलचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री के जीवन तथा कार्यो पर एक दृष्टि



सम्पादक मंडल

डॉ प्रेम चन्द जैन
डॉ अशोक कुमार जैन
डॉ कपूर चन्द जैन
श्रीमती नीरजा जैन

प्रकाशक

राष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन एवं संशोधना केन्द्र

(श्रुतकेवली एजुकेशन ट्रस्ट (रजि) के अन्तर्गत)

श्री धवल तीर्थम्, श्रवणबेलगोला – ५७३ १३५

प्रकाशक

राष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन एव सशोधना केन्द्र
(श्रुतकेवली एजुकेशन ट्रस्ट (रजि) के अन्तर्गत)
श्री धवल तीर्थम्, श्रवणबेलगोला – ५७३ १३५

प्रथम सस्करण २००४

सपादन डॉ प्रेम चन्द जैन, डॉ अशोक कुमार जैन
डॉ कपूर चन्द जैन, श्रीमती नीरजा जैन

पृष्ठ सख्या २६०

प्रति ११००

मूल्य रु २५०/– (रुपये दो सौ पचास मात्र)

मुद्रक

अजय प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स
१८ सिविल लाईन्स रूडकी
दूरभाष ०१३३२–२७१३४०, २७४७४०

On the birth centenary of Siddhantacharya Pandit Phool Chandra Shastri

PANDITJI

A glimpse of the life and works of Pandit Phool Chandra Siddhant Shastri



Publisher

National Institute of Prakrit Studies and Research

[Under the aegis of Shrutakevali Education Trust (Reg)]

Shri Dhavala Teertham, Shravanbelgola - 573 135

Published by:

National Institute of Prakrit Studies and Research
[Under the aegis of Shrutakevali Education Trust (Reg)]
Shri Dhavala Teertham, Shravanbelgola - 573 135, (Karnataka)

First Edition 2004

Edited by Dr Prem Chand Jain, Dr Ashok Kumar Jain
Dr Kapoor Chand Jain, Smt Neerja Jain

Pages 260

Copies 1100

Price Rs 250/- (Rupees Two Hundred and Fifty)

Printed By

Ajay Printers & Publishers
19, Civil Lines, Roorkee
Phone 01332-273140, 274740

SHRUTAKEVALI EDUCATION TRUST (REGD.)

ಶ್ರುತಕೇವಲಿ ಎಜುಕೇಶನ್ ಟ್ರಸ್ಟ್ (ರಿ.)

Chairman
Jagadguru Karmayogi Swastishri
CHARUKEERTY BHATTARAK SWAMIJI

Office
Shree Kshetra Shravanabelagola Math
SHRAVANABELAGOLA - 573 135
KARNATAKA



October 2nd, 2004

BLESSINGS

Pandit Phoolchandra Siddhanta Shastri, the well known scholar of Jainism and freedom fighter, occupies the highest respect among the scholars of Jainism of 20th Century His original books like "Varna, Jati Aur Dharma", "Jaina Tatwa Meemansa" and commentaries on "Tattvartha Sutra", "Sarvarthasiddhi" are the monumental works of the days His thoughts on 'Karma Theory of Jainism' are most useful in reaching the heart of the matter for a thinker His tireless efforts for about 25 years to edit the great canons of Jainism, Shatkhandagama Commentaries, "Dhavala, Jayadhavala and Mahabandha" in 39 volumes is his unforgettable service to the community Though his name is unforgettable by the Jaina community, it is our prime duty to recall his life and works just to keep it as an ideal before the coming generations

Panditji's learned son Dr Ashok Kumar Jain, a professor of physics, Indian Institute of Technology of Roorkee and Chairman of Sidhantacharya Pt Phoolchandra Shastri Foundation, has taken much more interest to collect the photos and articles to make the book worthily His efforts have been very much helpful in our task The well known scholars like Dr Prem Chand Jain, Dr Kapoor Chand Jain, Smt Neerja Jain, who are in the editorial boards, have also taken keen interest in publishing the book Their co-operation is highly appreciated The publication of a book on the life and works of Pandit Phoolchandra Siddhanta Shastri on behalf of our National Institute of Prakrit Studies and Research is just paying homage to the great soul We are immensely pleased to bless all those connected with the publication of the book

Swastishri Charukeerthy Bhattarak Swamiji
Chairman,
SHRUTAKEVALI EDUCATION TRUST (R.)
Shravanbelagola

PUBLISHER'S NOTE

With great ambition of His Holiness Jagadguru Karmayogi Swastishri Charukeerthy Bhattarak Swamiji Shri Kshetra Sravnbelagola, to protect and propagate the Jain Agama language and the oldest language of this land, **"Prakrit"**, **"The Shrutakevali Education Trust (R.)"** was established The objectives of the trust are publishing of the great epics and canons of Jainism, helping to promote research on the Prakrit language and literature, teaching of Prakrit language, conducting of seminars on State, National and International level

To broaden the base of Prakrit language and to propagate it, **"National Institute of Prakrit Studies and Research"** was started in he year 1993, and got recognized by Mysore University in the year 2000 Our efforts are becoming fruitful and the progress is gradually on the rise

We have already offered valuable books of Jainism in the hands of our beloved readers The publication of Dhavala series in forty Volumes is undertaken and five Volumes have already been published Now I take a great pride in publishing a noteworthy book **"The Life and Works of Pandit Phool Chandra Siddhanta Shastri"**, who tirelessly worked for about twenty five years to edit and translate the great canon of Jainism **"Shatkhandagama"**, and Acharya Virsena's commentaries there upon namely, **"Dhavala"**, **"Jaidhavala"**, and **"Mahabandha"** in thirty nine volumes Pandit Phool Chandra Siddhanta Shastri was one of the great scholars of Jainism of his days, apart from being a freedom fighter His works are monumental to the community and we expect the younger generation to emulate the life of Panditji as an ideal

If the readers take the advantage of this book to our expectations, our efforts will be deemed as fruitful

I thank one and all connected with the book in writing and publishing

(B S SANNAIAH)
Director
National Institute of Prakrit Studies and Research,
Shri Dhavala Teertham
Shravanbelagola - 573 135
Distt Hassan, (Karnataka)

PROLOGUE

I was visiting the *National Institute of Advanced Studies, Bangalore* (founded by Dr Raja Ramanna) in January 2003 where an International Symposium on *"Science and Beyond"* was organized during 8th-11th January, 2003 Being a member of the *"Science and Spiritual Quest"* project of the *Centre for Theology and the Natural Sciences, Berkeley, California,* I was invited to give a talk at the symposium I had the good fortune of visiting Shri Shravanbelgola prior to attending the conference After offering our prayers (with my wife Neerja) to Lord *Gommateshwar Bahubali Swami*, we went to have a *"darshan"* of *Swasti Shri Charukeerti Bhattarak Maha Swamiji* He welcomed us with great affection and initiated discussions on various aspects of Jain philosophy I had a question which had been nagging me for long what is the difference between *Anekant* and *Syadvad*? When I posed this question to Swamiji, he told me that the same issue had perplexed him also until sometimes ago Then he proceeded to give me a very simple answer, which cleared my doubt I used his explanation in my lecture that I delivered at the symposium

This visit left a deep impression in our minds The magnificent sight of *Gommateshwar* on the *Vindhyagiri* hill and the ancient temples and caves on the *Chandragiri* hill transported us to a different world *Swamiji* himself is a very learned scholar and radiates a message of peace and well being

I had a feeling that we are destined to return to this holy place again We did return in June 2004 This time I had a copy of the English translation of Book One of *Dhavala* commentary on *Satkhandagam* This book was already in press and I requested *Swamiji* to bless the work He immediately asked me, "What do you want?" I put forward a humble request that the book when ready, be released under his patronage *Swamiji* agreed immediately He also provided help in the printing of the book He immediately suggested that I should invite Prof Padmanabh S Jaini to release the book He further suggested that I should bring out a book on *Panditji* (my father Pandit Phoolchandra Shastri) as his birth centenary has passed by in 2001 unmarked

The present book is, therefore, the result of the desire of *Pujya Swamiji* It is very difficult to prepare an authentic book in a short time Particularly when one wants to do justice with a great scholar like Pandit Phool Chandraji He lived for almost 91 years, and of these 91 years, he wrote for almost 60 years His works are considered the most authentic and true to the spirit I then looked into the collection of papers that I had saved from my father I found that there are a large number of letters written by prominent persons and scholars which naturally narrated the history of those times We also had a number of articles, which were once invited by Dr Prem Chand Jain, Nazibabad with a view to bring out a memorial volume I also had a collection of photographs, historically important

We have put all these together to form this book A scholar also has a personal life Panditji himself never wrote anything much about his personal life True to his

convictions, he considered these as changing phases not worth remembering I have been a privy to many such incidents and inside details which I may want to write someday But time has prevented me from doing so in this book Some of the family photographs and a family tree somewhat fills up this gap I must add here a few words of caution when going through these letters These letters were written at a particular time with the situations prevailing then It is, however, remarkable to note that even while opposing each other, the scholars maintained a sense of dignity and respect for each other This is reflected in ample ways in so many letters Unfortunately, this seems to be fast becoming a thing of the past

The present book is the outcome of the collective efforts of Dr Prem Chand Jain, who has guided me like a younger brother, my wife, Neerja, and my friend Dr Kapoor Chand Jain, Khatauli Dr Jyoti Jain, wife of Dr Kapoor Chand Jain provided much encouragement Mrs Rashim Bhargava has translated the material presented here in english, we thank her very much

I thank Mr Pankaj Gaur for the assistance in preparing the book Mr Ajay Mehta, our printer, has been most helpful in bringing out the book on time

I have already mentioned the key role of *Swasthi Shri Charukeerti Bhattarak Swamiji* in initiating and sustaining this work, we are all indebted to him We are grateful to the *National Institute of Prakrit Studies and Research* under the *Shrutkevali Education Trust, Shri Shravanbelgola* for publishing the volume We also thank Shri Mahesh Chulaki, Managing Trustee, who has promptly pursued all our requests

(ASHOK KUMAR JAIN)
Professor of Physics, I I T., Roorkee
Chairman, Siddhantacharya Pt Phoolchandra Shastri Foundation, Roorkee
Secretary, Shri Ganesh Varni Dig Jain Sansthan, Varanasi

भूमिका

अध्यात्म–दर्शन एव साहित्यमर्मी युगपुरुषो का याद आना मेरे लिए सदा प्रेरणा प्रदायक रहा है। प फूलचन्द्र जी शास्त्री ऐसे ही आगमज्ञ महान् विद्वान थे। उनका सानिध्य उनकी कृपा को मै अपने इस जीवन का सुफल मानता हूँ। उनके विषय मे लिखना – जीवनीपरक लिखना, मुझ जैसे अल्पज्ञ के लिए दुष्कर कार्य है। परन्तु साथ ही यह भी सच है कि मेरे लिए स्मृतियो को पुनर्जाग्रत करने का सुअवसर है। मेरा यह मानना रहा है कि ज्ञानी–मर्मियो के रचनाकर्म के अध्ययन के फलस्वरूप, बडे–बडे कुमार्गरती, सत्यपथ को अपनाकर निज कल्याण करते रहे हैं। पराधीनता से त्रस्त मानव, ऐसे महामानवो के जीवन से प्रेरणा लेकर स्वावलम्बन की डगर पर बढ चलते हैं। यदि जैनागमो की प्राचीन ताडपत्रीय पाण्डुलिपियो, सैद्धान्तिक ग्रन्थो अथवा जैन दर्शन के गूढ मन्तव्यो के उद्घाटक किसी एक साधक और प्रामाणिक विद्वान की किसी को तलाश है, तो अगुलिका के प्रथम पोर पर पडित जी का नाम स्वत आ जायेगा। चूकि जैन–जगत् से जुडे सुधी स्वाध्यायी तथा उनके रचनाकर्म से परिचितजन जानते है कि स्वावलम्बन, स्वाध्याय और स्वाभिमान उनके जीवन के मूलमन्त्र थे। जिनवाणी का प्रचार–प्रसार उनका लक्ष्य था। जैन–सिद्धान्त के प्रतिपादन मे निर्भीकता उनका स्वभाव था। जैन साहित्य, सस्कृति दर्शन एव समाज की सेवा से उन्हे सुख्याति मिली। धन–धान्य तथा यशादि लिप्साओ से वे सदैव दूरी बनाए रहे। जैन सिद्धान्तो पर अडिग रहकर उनकी सोदाहरण प्रामाणिक व्याख्याएँ प्रस्तुत की। साथ ही जैनागमो के दृष्टान्तो–तर्कों और स्पष्ट प्रमाणो के आधार पर आशकाओ का समाधान करके उन्हे निर्मूल भी किया। अपने गूढ मनन–चिन्तन और स्वाध्याय के बल पर तत्त्वचर्चाओ मे भाग लिया। किसी विद्वान ने साथ दिया तो दिया, नहीं तो 'एकला चलो' का पथ निर्माण करते हुए चुनौती स्वीकार की। बडी तथा उल्लेखनीय विशेषता यही थी। आज यह दुर्लभ है। आगमानुसार उनकी प्रकृति एव सोच थी–

णाणा जीवा णाणा कम्म णाणाविह हवे लद्धी।
तम्हा वमण विवाद सगपर समएहिं वज्जिजो।।

आशय यह है – लोक मे अनेक जीव है, कर्म भी नाना प्रकार के है, प्रत्येक की उपलब्धियॉ भी अनेक प्रकार की होती है। अत अपने/दूसरे मतावलम्बियो से वचन–विवाद को वर्जित करना चाहिए।

अपने जीवनकाल मे पडित जी ने अनेकानेक ग्रन्थो का सृजन किया है। इन्हीं कृतियो की अक्षरदेह मे पडित जी सदा साकार दृष्टिगत बने रहेगे। उनकी यही देह उनकी स्मृतियो को अक्षुण्ण बनाए रहेगी। जैन समाज तथा विद्वानो को पता है कि पडित जी के जीवन का प्रमुख लक्ष्य चुनौतियो का सामना करते हुए जैन सिद्धान्त, दर्शन, और साहित्य को सही दिशा मे आगे बढाने का रहा था। सभवत इसलिए नौकरी जैसी पराधीनता के बन्धन से मुक्त रहकर वे जीवनपर्यन्त स्वतन्त्र मसिजीवी बने रहे। आत्मस्वरुप की पहचान कराने वाले दिगम्बराचार्यो द्वारा प्रणीत प्राचीन ग्रन्थो का आलोडन–विलोडन तथा स्वाध्याय के निष्कर्षो को जैन जगत के सामने लाने पर उन्हे अपार सन्तोष मिलता था। सर्वविदित है कि प्राचीन जैन ग्रन्थो की भाषा प्राकृत, सस्कृत सर्वसाधारण की समझ से क्या, पडित कहलाने वाले अनेक विद्वानो की पकड से दूर थी। उनमे एक ऐसा ही दुरूह परन्तु महत्वपूर्ण ग्रन्थ षट्खण्डागम था। इसके अतिदुष्कर अनुवाद कार्य का उत्तरदायित्व पडित जी ने स्वीकार किया था। न केवल इतना भर कार्य किया, अपितु जिज्ञासुओ के लिए पठनीय बनाते हुए ग्रन्थो को प्रकाशित कराने मे अपना अमूल्य योगदान किया। प्राचीन सस्कृत–प्राकृत

टीकाओ, टिप्पणियो को हिन्दी मे परिभाषित और अनूदित करना निश्चित ही कठिन कार्य है। सृजन के ऐसे अनेक कार्य प्रस्तुत करके पडित जी ने न केवल जैन साहित्य का उद्धार किया अपितु समाज के जिज्ञासु अध्येताओ सहित अन्वेषको का बहुत बडा उपकार किया। रचनात्मक दृष्टि से पडित जी ने जिस इतिहास का निर्माण किया है, वह युग–युग तक उनकी जीवन–कहानी को मुखरित करता रहेगा। इस प्रकार वे न केवल आगमज्ञ थे, वरन् उनके व्याख्याता, प्रवचनकार और उद्धारक भी थे।

दरअसल किन्हीं सिद्धान्त और दर्शनो का प्रतिपादन करने मे महारत् हासिल करना एक अलग बात है और उनके प्रतिपादन मे रचपच जाना उससे भिन्न बात है। पडित जी ने जैन–आगमो मे इतनी गहरी पैठ बना ली थी कि वे तत्सम्बन्धी प्रश्नो का उत्तर तत्काल देने की सामर्थ्य रखते थे। विद्वानो को अवाक् हो जाना पडता था। एकाधिक बार तत्त्वार्थसूत्र के प्रवचनो मे श्रोता बनने का सौभाग्य मुझे मिला था। असदिग्धरुप से वे जैन–सिद्धान्त सागर मे आकण्ठ निमग्न हो चुके थे। इसकी पुष्टि के लिए मै एक–दो उदाहरण प्रस्तुत करने की इच्छा रखता हूँ। देखे, उनके जीवनकाल मे डा० नेमीचन्द्र जैन शास्त्री पडित जी का साक्षात्कार लेने पधारे थे। उनका पहना प्रश्न और पडित जी द्वारा तत्काल दिया गया उसका उत्तर ध्यातव्य है

प्रश्न. जहॉ तक मै आपके बारे मे जान पाया हूँ, आपका जन्म ११ अप्रैल, १६०१ मे सिलावन मे हुआ था। आप हजारो वर्षो तक रहे, यही हमारी आकॉक्षा है।

उत्तर. यह पर्याय रहे न रहे यह आत्मा तो रहेगा।

कहना न होगा, ऐसा निजात्मा का बोधज्ञान जो तपाक से दिए गए उत्तर मे भी निहित है, 'जिन' सिद्धान्तो के प्रति अटूट आस्था, दृढता, विनाशी–अविनाशी तत्त्वो की समझ की समग्रता एक विवेकी आगमज्ञ मे ही सभव है। एक लघु वाक्य मे ही वृहत्काय जैन–ग्रन्थो का सार मर्मित है। इसके विपरीत हम जैसे अल्पज्ञ हजारो वर्षो तक रहने की युगाकॉक्षा' पाकर बाहर से सकुचित और भीतर से गद्‌गद हो जाते अथवा धन्यवाद कहकर, अगले प्रश्न की प्रतीक्षा करते परन्तु मनीषी प० जी के प्रश्नोत्तर मे ही व्यवहार–निश्चय और अनेकान्त सभी कुछ मूल मे विद्यमान है। उत्तर के दार्शनिक पक्ष अलग से व्याख्यान के विषय है। यहॉ विस्तार से जाना अभिप्रेत नहीं है। पडित जी द्वारा दिए गए उत्तर की पूर्णता पर श्रद्धान रखते हुए डा० नेमीचन्द्र जैन की शुभाकॉक्षा, उनकी भविष्यवाणी स्वयसिद्ध होगी। ऐसा मेरा विश्वास है। और मै पूर्व मे भी लिख चुका हूँ कि पडित जी की अक्षरदेह उन्हे हजारो वर्षो तक जीवित रखने मे पूरी तरह सक्षम है। इस प्रकार की एक–दो–तीन घटनाए ही नही हैं। पडित जी के जीवनचरित को आदर्श महापुरुष के स्वरुप पर प्रकाश डालने वाली अनेक घटनाएँ है। जीव अनादिनिधन है। जैन–दर्शन 'स्व' और 'पर' के भेद को वैज्ञानिक दृष्टि से स्पष्ट करता आया है। आत्मा और अनात्मा को जाने बिना मुक्ति की चाह, चाहना ही बनी रहती है। जो भी तीर्थ बन सके है, वे सब निज, पुरुषार्थ के बल पर और –'निज'–'पर' की सही परख हो जाने के बाद ही बने हैं। इनकी पहचान और परख कराने वाले अनेक ग्रन्थ उपलब्ध थे। परन्तु पॉचवे दशक के उत्तरार्द्ध मे जैन विद्वत्परिषद के सदस्यो को सरलतम विधि से जैन तत्त्वो की व्याख्या करने वाले ग्रन्थ का अभाव साल रहा था। निदान स्वरुप एक प्रस्ताव प्रकाश मे लाया गया। अन्तत ऐसा ग्रन्थ तैयार करने हेतु विद्वानो की दृष्टि पडित जी पर केन्द्रित हुई थी। चूँकि 'तत्त्व–मीमासा' के प्रकाशित ग्रन्थ के प्राक्कथन मे समग्र प्रकरण की जानकारी दी गई है, अत उस सबका उल्लेख अनावश्यक रहेगा। फिर भी ऐसे प्रसगो की जानकारी पडित जी के जीवन के मूल्याकन मे सहायक होगे। पडित जी ने 'जैन तत्त्व–मीमासा' की रचना कर ली थी। अभी इसकी अग्निपरीक्षा भी होनी आवश्यक मानी जा रही थी। सो इसके प्रकाशन के

पूर्व तत्कालीन विद्वत्परिषद के मूर्धन्य विद्वानो की एक सगोष्ठी मे लगातार आठ दिनो तक ग्रन्थ का वाचन और विवेचन चलता रहा। विचार–मन्थन से जो नवनीत प्राप्त हुआ, उसके विषय मे पडित जगन्मोहनलाल शास्त्री का कथन उल्लेख्य एव महत्वपूर्ण भी है, "हमने अपने जीवनकाल मे विद्वानो की इस प्रकार की चर्चा कभी न देखी और न सुनी। मैं समझता हूँ कि सैकडो वर्ष पूर्व भी कभी ऐसा सगठित धार्मिक चर्चा सम्मेलन हुआ होगा यह हमारी जानकारी मे नहीं आया "। हम जैसे–जैसे उनके समय की परिधि मे प्रवेश कर देख पाएँगे, तो न केवल दार्शनिक प्रसगो पर दृष्टि टिकेगी अपितु सामाजिक और राष्ट्रीय कुरीतियो पर भी उन्हे निर्भीक, क्रान्तिकारी विचार व्यक्त करते पायेगे।

जो महानुभाव खानिया तत्त्वचर्चा से परिचित है, उन्हे भली भाति विदित होगा कि ११ दिनो तक नियत समय पर चर्चा प्रारम्भ होती थी। पडित जी अकेले अपना पक्ष प्रस्तुत करते थे। दूसरे या प्रतिपक्ष के विद्वानो का सम्मिलितरुप से तैयार किया हुआ लिखित विषय रहता था। जाहिर है, मूलसिद्धान्तो पर पकड, प्रामाणिक – प्रस्तुतीकरण, सहज दृढता और सहिष्णुता मे पडित जी अपूर्व थे। इस सन्दर्भ मे इसी पुस्तक मे सस्कृत साहित्य के सहृदय अजातशत्रु, विद्वान प० अमृतलाल शास्त्री तथा प० भुवनेन्द्रकुमार शास्त्री के आलेखो मे प्रामाणिक जानकारी दी गई है। अतएव मैने इगित मात्र कर दिया है। जहॉ तक पडित जी के व्यक्तित्व एव कृतित्व के मूल्याकन का प्रश्न है इस विषय मे मुझे लगता है कि ऐसा प्रयत्न ही नही हुआ है। यदि ऐसा हुआ है तो मेरी सीमित जानकारी मे नहीं है। अलबत्ता पडित जी के अभिनदन ग्रन्थ के सामने होने पर भी मैने ऐसा साहस किया है। काश! पडित जी को स्वय की आत्मकथा लिखने का समय मिल गया होता। वे तो जनोपयोगी कार्यों मे ही जीवनपर्यन्त सलग्न रहे। किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा जीवन परिचय का लिखा जाना विचारणीय बनकर रह जाता है। अधिकाश लेखको का मानना है कि समग्रत किसी व्यक्ति का मूल्याकन करना – जो निष्पक्ष भी हो – यदि असभव नहीं तो कठिन तो है ही। मेरी सोच इससे भिन्न नही है। दरअसल मैने देखा कि जो पडित जी के व्यक्तित्व से परिचित रहे है अथवा उनके व्याख्यानो, प्रवचनो के श्रोता तथा उनके कृतित्व के पाठक भी रहे है, उन्होने पडित जी के जीवन परिचय के लिए किसी पुस्तक की कमी तो महसूस की होगी, फिर भी ऐसा प्रयत्न किया है – मेरी जानकारी मे यह भी नही है। हॉ उनके जीवन–परिचय के लिए पुस्तक लिखी जानी चाहिए, इस बात की आपस मे सुगबुगाहट तो एक अरसे से होती रही है। परन्तु क्रियान्वयन की योजना नहीं बन सकी। कारण जो भी रहे हो।

मुझे यह बात तो तथ्यपरक प्रतीत होती है कि किसी विद्वान का जीवन–परिचय उसी अथवा उन्ही लेखको/आत्मीय जनो द्वारा प्रस्तुत किया जाना प्रामाणिक बनता है, जो उस विद्वान के निकटस्थ रहे हो। इससे एक ओर जहॉ जीवन–परिचय मे अनर्गल बाते या मनगढन्त प्रसग नही होगे तो दूसरी ओर प्राय अछूते प्रसग भी सामने आ पायेगे। एक मनीषी सरल परिणामी विद्वान की जन्म–शताब्दि पर मुझे इस बात की वेदना सालती रही कि पडित जी के जीवनकाल मे उनसे जुडे रहे विद्वानो ने भी, पत्र–पत्रिकाओ तक मे कृतज्ञता का परिचय नहीं दिया। यो साधारण से साधारण व्यक्तियो की जन्म–शताब्दि धूमधाम से मनायी गई है। बात पडित जी के जीवन–परिचय सम्बन्धी पुस्तक के लेखन की थी। अन्तत रुडकी आइ.आई टी मे भौतिक विज्ञान के ख्यातिलब्ध प्रोफेसर डा० अशोक कुमार जैन एव उनकी विदुषी पत्नी श्रीमती नीरजा जैन ने, इस अभाव को दूर करने का बीडा उठाया है। इस कार्य मे परम पूज्य स्वस्ति श्री चारुकीर्ति भट्टारक महास्वामी जी का आशीर्वाद उन्मुक्तता से प्राप्त हुआ है। अन्यथा यह कार्य सपन्न नहीं हो सकता था। जब मैं पडित जी के किसी ग्रन्थ के प्रकाशन आदि के सन्दर्भ को देखता हूँ तो उनके एक मात्र सुपुत्र डा० अशोक

कुमार जैन और विदुषी पुत्रवधु श्रीमती नीरजा जैन की लगन, कर्मठ क्रियाशीलता तथा अभिरुचि के लिए मौनावलम्बित साधुवाद एव सराहना करता हूँ। यह सुखद है कि पडित जी के जीवन–परिचय की अलग से एक पुस्तक के लिए डा० अशोक कुमार ने अपनी सहधर्मिणी श्रीमती नीरजा जैन के सहयोग से रात–दिन के अथक परिश्रमपूर्वक तत्सम्बन्धी पूरी सामग्री सचित करके, अपने पूज्य पिता जी के पथ–चिन्हो को सुरक्षित किया है। जैन दर्शन एव सस्कृत साहित्य के विद्वान डा० कपूरचन्द जैन, खतौली का उन्हे पूरा सहयोग मिला है। यो तो पडित जी की सम्पूर्ण ग्रन्थ–सम्पदा ही उनके जीवन–परिचय के लिए प्रामाणिक दस्तावेज है। यह भी मेरा/किसी का बडबोलापन माना जाये तो, पडित जी का द्वारा सस्थापित सस्था तथा उनके सृजन को सरक्षित रखने के लिए सदैव जागरुक एकमात्र सस्कारी विद्वान पुत्र अशोक कुमार जैन, विदुषी पुत्रवधु नीरजा जैन उनके जीवन–परिचय की ही अनुकृति है। अस्तु

विश्व के अनेक इतिहासकारो, समाजशास्त्रियो ने स्वीकार किया है कि जिस जाति का जितना समृद्ध साहित्य रहा होगा, वह जाति उतनी ही अधिक सभ्य और सुसस्कृत होगी। जैनो के सन्दर्भ मे किसी सीमा तक उक्त मान्यता सटीक मानी जा सकती है। वर्तमान मे जैन ग्रन्थ–भण्डारो की साहित्य– सम्पदा देख कर चकित रह जाना अस्वाभाविक नही लगता। लेकिन नहीं लगता कि उस वृहद् सम्पदा से धूल भी छुटा पाने का हम साहस बटोर पाए हो! अलबत्ता गतशताब्दि के कतिपय अग्रगण्य विद्वानो ने भूर्जपत्रो पर अकित महत्वपूर्ण ग्रन्थो की न केवल खोज की अपितु उनका सम्पादन अनुवादन एव प्रकाशन के स्तुत्य एव चिरस्मरणीय कार्य भी किए। एक समय तत्त्वार्थसूत्र को पढकर सुनाने वालो तक का अकाल था। उस स्थिति से उबारने का सफल कार्य प्रात स्मरणीय त्यागमूर्ति पूज्य गणेशप्रसाद जी वर्णी ने किया। जैन पाठशालाओ से लेकर महाविद्यालयो तक की स्थापनाओ और सुव्यवस्थित सचालनो द्वारा जैन समाज नीद से जाग गया। एक अपूर्व चेतना ने जन्म लिया था। विद्वानो के पास आजीविका के न्यूनतम साधन रहे। लेकिन इन्ही विद्वानो ने जिन्होने अभावग्रस्त रहकर भी देव–शास्त्र–गुरु सम्मत जिनवाणी को न केवल सरक्षित करने मे उद्धरणीय योगदान किया, वरन् सर्वसाधारण के लिए पठनीय बनाया। धन्य थे ऐसे विद्वान। जैन साधको आचार्यो एव चिन्तको द्वारा प्राकृत–सस्कृत–अपभ्रश आदि प्राचीन भाषाओ मे प्रणीत दर्शन–खगोल–भूगोल एव ऐतिहासिक ग्रन्थो को लाने वाले विद्वानो को विस्मृत कर देना कृतज्ञता नहीं कही जायेगी। हमे सोचना होगा कि जिनवाणी की उस अक्षय निधि की धरोहर को समाज एव मानव–कल्याण हेतु किस प्रकार उपयोगी बनाया जाए? विद्यमान परिस्थितियो मे जैन–समाज एव लोक के लिए अहिसा और अनेकान्त बहुत सामयिक, उपयोगी तथा अपरिहार्य भी है। यह भी विचारणीय होगा कि जिन्होने जिनोपदेशो एव जिनवाणी को शिरोभागो पर धारणकर उसे जन–जन तक सम्प्रेषित करने का उपकार किया – वे नीव के पत्थर कौन थे?

पडित फूलचन्द्र जी शास्त्री द्वारा किए गए कार्यो पर विहगावलोकनात्मक दृष्टि डाले तो उल्लेख्य विषय अवश्य सामने आ जायेगे। भारतीय नागरिक होने का उन्हे गर्व था। भारत की स्वतन्त्रता के लिए चलाए गए अहिसा आन्दोलन मे भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही थी। एतदर्थ उनको जेल भी हुई थी। इस चर्चा का उल्लेख आपको इस पुस्तक के अन्य पृष्ठो पर मिल सकेगा। अत विस्तार देना इष्ट नहीं है। हॉ ऊपर नींव के पत्थर वाली बात अधूरी छूट गई थी। जिनवाणी के भव्य ज्ञान–मन्दिर को अपने सुदृढ कन्धो पर उठाकर पडित जी ने षटखण्डागम जैसे अनेक ग्रन्थो का पुनरुद्धार करने का सकल्प किया था। एक स्थान पर आजादी के अहिसक योद्धा कवि प० माखनलाल चतुर्वेदी जी ने लिखा है

मै पहला पत्थर मन्दिर का
अनजाना पथ जान रहा हूँ,.
गढूँ नींव मे - अपने कन्धो पर,
मन्दिर अनुमान रहा हूँ।।

पडित जी पुरुषार्थी ज्ञानगुरु शान्तिवीर विद्वान थे। जिन्हे जिनवाणी–मन्दिर की नींव के पत्थर बनने की सुखद अनुभूति रही। अत कार्य करते हुये और सहज भाव रखते हुए अपेक्षाओ में निर्लिप्तता बनी रहती थी। समाज के विद्वानो के समक्ष अपने जीवन–परिचय देने का उनका सोच कभी नहीं बना। प० भुवनेन्द्रकुमार जी, सागर ने एक जगह लिखा है कि पडित जी कठिन परिस्थितियो मे मुख मलिन नहीं करते थे। न ही उनका उल्लेख करते थे। अपने लेखन मे भी उन्होने ऐसा कहीं प्रकट नहीं होने दिया। पूज्य वर्णी के सम्बन्ध मे पडित जी का मैंने एक लेखा पढा था। पढते–पढते उस लेख में एक वाक्य को रेखाकित किया और उसी पर सोचता रहा। चूँकि लेख के उस स्थल से पूर्व अपने विषय मे ही पडित जी का लेख चल रहा था। अत उस प्रसग को बचाकर अपनी आत्मगहन की प्रकृति प्रकट कर ही दी। वह दृष्टव्य वाक्य "मध्य का काल ऐसा बहुत है जो प्रकृत मे विशेष उल्लेखनीय नहीं है।" उनके लिए 'प्रकृत मे विशेष उल्लेखनीय' जीवन मे आने वाले अवरोधो एव घटनाओ के विवरण ही होते थे। मुझे लगता है जो उस 'मध्य के' काल के बारे मे जानते होगे उन्हे अवश्य ज्ञात होगा? जीवनी के तथ्यो का सामने आना आत्मकथा मे ही सभव है। परन्तु पडित जी ने पूरा ध्यान आगम पर ही केन्द्रित कर लिया था।

अतएव ऐसे महापुरुष के जीवन–परिचय को किसी पुस्तक मे सजोने मे कठिनाई तो रही ही होगी। कुछ भी नहीं तो कठिनाई इसलिए भी है कि समग्रता के साथ–साथ वह प्रमाणिक भी हो। सर्वमान्य तथ्य है कि व्यक्ति और उसके कार्यो के सम्पादन एव प्रतिफलन का सम्मिलितरूप ही जीवन परिचय मे गुम्फित होता है। सो पडित जी के समाजोद्धारक–समाजोपकारक ओर रूढिभजक मुद्रा के अनेकानेक उल्लेखनीय कार्य ऐसे है, जो उन्हे निडर, जागरूक और स्वतन्त्र राष्ट्रवादी चिन्तक सिद्ध ही नहीं–स्वत सिद्ध करते हैं। पिछले दशक मे जैन ग्रन्थो एव आचार्यो पर विविध शोध प्रबन्ध प्रस्तुत हुए है। मेरी शोधार्थियो से अपील है कि पडित जी द्वारा लिखित, सम्पादित अथवा अनूदित साहित्य के विविध पक्षो को लेकर शोध–प्रबन्ध लिखे तो अनेक नवीन सन्दर्भ सामने आ सकते है। जो विद्वान इस दिशा मे क्रियाशील होगे, जैन साहित्य तथा समाज के लिए उल्लेखनीय अवदान होगा। यदि ऐसे शोधार्थियो जिनकी पडित जी के रचनात्मक कर्म अथवा पत्र–साहित्य पर अन्वेषण करने की रुचि सामने आयेगी तो वर्णी शोध–सस्थान, वाराणसी तथा सि०प० फूलचन्द्र शास्त्री फाउडेशन, रुडकी, उनको समुचित सुविधाएँ प्रदान किए जाने मे सहायक होगे।

जहाँ तक इस पुस्तक मे पडित जी के जीवनीपरक विहगावलोकन' की समग्रता का प्रश्न है–हम कुछ नहीं कह पायेगे। अलबत्ता ऐसा अवश्य है कि जितना खोज पाए है, उतना समग्र है और प्रामाणिक है। सोने पे सुहागा यह भी है कि पडित जी के 'लेटर–बॉक्स' के बच गये भाग को, पडित जी के सुपुत्र अशोक जी एव पुत्रवधु श्रीमती नीरजा जैन ने सहज सभाल कर रखा हुआ है। सहेजकर रखी गई उस धरोहर से कतिपय चुनींदा पत्र छायाप्रति के रुप मे पुस्तक मे आपको पढने को मिल जायेगे। साधारण समझे जाने वाली चिट्ठियो मे असाधारण सामग्री पडित जी के गहन–गम्भीर चिन्तन पर प्रकाश डालती है। पुस्तक का यह अति महत्वपूर्ण भाग है। पत्रो को एक अलग साहित्यिक विधा मानने वाले हिन्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान प० बनारसीदास चतुर्वेदी ने महापुरुषो के पत्रो को उच्चकोटि के साहित्य मे परिगणित करते हुए श्रेष्ठ नेताओ,

समाजशास्त्रियो तथा साहित्यकारो के पत्र--सकलन की एक पुस्तक भी प्रकाशित कराई थी। अशोक जैन ने अपने पिताजी द्वारा लिखे अथवा उनके बाद मिले किसी कागज के टुकडे को भी रत्न के रूप मे सुरक्षित किया। ऐसा सुन--देखकर किसी को भी सुखद आश्चर्य हो सकता है। पडित जी के ये पत्र प्रथम बार ही इस पुस्तक के माध्यम से प्रकाश मे आ रहे है। वर्णी जी द्वारा पडित जी को लिखे गए एक आत्मीयपत्र की कतिपय पक्तियॉ उद्धृत कर रहा हूँ

. "ललितपुर की ओर जाना है परन्तु अब किसी की प्रेरणा से नहीं, स्वय जावेगे- किसी के भारभूत होकर जाना अच्छा नहीं - अब शारीरिक व्यवस्था इस योग्य नहीं -जो कोई कार्यभार लूँ - लौकिकजन प्रयोजन बिना भगवान से भी बात नहीं करते हम तौ वस्तु ही क्या है - लौकिक मनुष्यो मे हम भी आ गए - हम तो उपलक्षण है मोही जीव मात्र इस रोग से पीडित है - यह कोई अवगुण नहीं - वस्तुमर्यादा यही है - परोपकारी शब्द का व्यवहार चल पड़ा है - ससारी जीवमात्र सोद्देश्य से ही स्वकीया प्रवृत्ति करते है - ससार मे परस्पर प्रशसा का रोग इतना व्याप्त है जो इससे मुक्त होना है महान दुर्लभ है मेरा तो विश्वास है यथार्थविद ही इससे मुक्त है"

आ०सु० १३ — **आ०शु० चि०**
स ० २००६ — **गणेश वर्णी**

पुन मेरा विचार पत्र व्यवहार त्यागने का है-

इस पत्र को और पुस्तक मे प्रकाशित अन्यान्य पत्रो को पढने के बाद आप स्वय मूल्याकन करेगे। अत विस्तार अनपेक्षित है।

अपने जीवनकाल मे पडित जी सैद्धान्तिक प्रश्नो पर कभी भी समझौतो के प्रलोभनो मे नही फॅसे। यथार्थवादी आगमज्ञ ऐसा कर भी नहीं सकता। स्वतन्त्र चिन्तक कवि चतुर्वेदी जी की एक पक्ति मे देखे तो--

'यह सुधार-समझौतो वाली, मुझको भाती नहीं ठिठोली'

आगम--प्रमाण है तो वे ही सामने लाने हैं -- समझौतावाद नही चलेगा। अस्तु,

आयु की पूर्णता से लगभग सवा वर्ष पूर्व पडित जी रुडकी अपने पुत्र के पास आ गए थे। इस पुस्तक की सामग्री तलाशने की स्थिति मे पडित जी द्वारा जीवन--परिचय स्वय लिखने की ओर ध्यान आ जाने के अशोक जी को प्रमाणस्वरुप पडित जी के हस्तलिखित कम से कम चार पृष्ठ मिले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि स्वत अथवा परत प्रेरणा से वे अपने विषय मे लिखना चाहते थे जिसे पूरा नहीं कर पाए। पुस्तक का प्रारम्भ उन्हीं द्वारा लिखे गए, जीवन--परिचय से किया गया है। उनकी विदुषी पुत्रवधु, श्रीमती नीरजा जैन का प्रस्तुतीकरण, पडित अमृतलाल शास्त्री, प० भुवनेन्द्रकुमार शास्त्री और डा० नन्दलाल जैन, रीवा के महत्वपूर्ण आलेख हैं जो जीवनोपरक ही है। सक्षिप्त रुप मे ही पडित जी की ग्रन्थ--सम्पदा की सूचीमात्र है। तद्विषयक, पृष्ठभूमि तथा उनकी महत्ता अथवा उपयोगिता पर टिप्पणियो का अवसर नहीं था। तदनतर उपलब्ध और महत्वपूर्ण चित्रो को प्रकाशित करना नितान्त आवश्यक मानकर पडित जी की स्मृतियॉ स्थायी बनाए रखने का प्रयत्न किया है। यो पुस्तक मे समग्र सामग्री का चयन बहुत सोच-- विचारपूर्वक किया है। परन्तु पडित जी की डाक--पेटिका की सामग्री पर कुछ भी लिखना अपर्याप्त ही होगा। निश्चित ही शोधार्थियो--विद्वानो के लिए पडित जी के पत्र--साहित्य से प्रशिक्षण का बोध होगा।

डा० अशोक जैन का विचार था कि पडित जी से जुडे समाजोपयोगी तथा हितकारी अधिकतम प्रसगो का समावेश इस पुस्तक मे किया जा सके। ऐसा विषयाधिक्य के कारण असभव है–और था। चूकि पडित जी के साहित्य–सर्जन का क्षेत्र जैन धर्म और जैन समाज मात्र नहीं था। उन्होने राष्ट्र की भलाई के लिए अपने विचार–मन्थन से उपजे नवनीत को हिन्दी–निबन्धो के माध्यम से प्रस्तुत किया। दूसरी ओर स्वतन्त्रता आन्दोलन के बाद छुआछूत से लेकर जातिगत समस्याओ पर 'हरिजन–मन्दिर–प्रवेश' आदि के रुप मे उग्र–प्रदर्शन होने शुरु हो गए थे। जैन मन्दिरो मे प्रवेश करने को लेकर भी समाज के सामने ऊहापोह का वातावरण बन गया। पडित जी का अध्ययन–मनन–चिन्तन सभी को लाजवाब कर देता था। वैसे गजरथ सचालन, दस्सा–पूजा अधिकार अन्यान्य प्रमुख कार्यो के सन्दर्भो का किसी न किसी आलेख मे चर्चा ने स्थान पा लिया है। परन्तु वर्ण, जाति और धर्म के महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ पर प्रकाश नहीं पड सका है। मेरी दृष्टि मे उसका उजागर किया जाना बहुत जरुरी है। महत्त्वपूर्ण होने के साथ–साथ यह रोचक घटना भी है। थोड़े विषय–विस्तार को दृष्टिओझल करके क्षमा करेगे। इस विषय मे मैं पडित जी के मूलकथन द्वारा ही विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ। विशेष अध्ययन एव जानकारी के लिए पडित जी की हिन्दी पुस्तक 'वर्ण, जाति और ध र्म' का अवलोकन कर सकते है। पडित जी ने लिखा है "भारतवर्ष मे जाति प्रथा बहुत पुरानी है। यह तो स्पष्ट ही है कि जैन धर्म का जाति–धर्म के साथ थोडा भी सम्बन्ध नहीं है। मूल जैन साहित्य इसका साक्षी है। किन्तु मध्यकाल मे जातिधर्म का व्यापक प्रचार होने के कारण यह भी उससे अछूता न रहा सका। मान्यवर साहू जी और उनकी धर्मपत्नी सौ० रमारानी जी विचारशील दम्पत्ति रहे है। उनकी मान्यता थी कि जैन धर्म ऊँचनीच के भेद को स्वीकार नहीं करता और इसीलिए उनका यह स्पष्ट मत था कि जो धर्म मनुष्य–मनुष्य मे भेद करता है, वह धर्म ही नहीं हो सकता। साहू जी ने इस पीड़ा को उस समय बडे ही मार्मिक और स्पष्ट शब्दो मे व्यक्त किया था जब उन्हे पूरे जैन समाज की ओर से मधुवन मे श्रावक शिरोमणि के सम्मानपूर्ण पद से अलकृत किया था। उनके वे मर्मस्पर्शी शब्द आज भी मेरे स्मृतिपटल पर अकित है। उन्होने कहा था, "समाज एक ओर तो मेरा सत्कार करना चाहता है और दूसरी ओर मेरी उन उचित बातो की ओर जरा भी ध्यान देना नही चाहती जिसके बिना आज हमारा धर्म (जैन धर्म) निष्प्राण बना हुआ है। फिर भला उपस्थित समाज ही बतलाये कि मे ऐसे सम्मान को लेकर क्या करुँगा। मुझे सम्मान की चाह नही है। मै तो उस धर्म की चाह करता हूँ जो भेदभाव के बिना मानवमात्र को उन्नति के शिखर पर पहुँचाता है।"

आगे पडित जी ने विस्तार से 'वर्ण जाति और धर्म' के विषय मे लिखा है "वस्तुत यह १९६३ से लगभग पॉच–छह वर्ष पूर्व ही लिखी गई थी कुछ ऐसी परिस्थिति निर्मित हुई जिसके कारण यह प्रकाश मे आने से रुकी रही। जिस समय यह पुस्तक लिखी गयी यदि उसी समय प्रकाशित हो जाती हो कई दृष्टियो से लाभप्रद होता।" अन्त मे समापन पर उन्होने लिखा है, "मान्य साहू अशोक कुमार जी कुछ समय पूर्व हस्तिनापुर मेरे निवास स्थान पर पधारे थे। उनसे मैने इस पुस्तक के पुन प्रकाशन का निवेदन किया था। उन्होने उसे नोट भी कर लिया था। प्रस्तुत सस्करण उसी का परिणाम है। मै चाहता हूँ कि भारतीय ज्ञानपीठ उसका विशेष प्रचार करे ताकि समाज मे और वर्तमान त्यागियो मे फैली मान्यता के बदलने मे सहायता मिले। जैनधर्म पर लगा यह कलक धुलना ही चाहिए ऐसा मै मानता हूँ। (१९८९ स से)

दरअसल मेरा मानना यह रहा है कि एक जाग्रत रचनाकार धर्म, सस्कृति, साहित्य, इतिहास आदि सब पर अपनी बेबाक राय रखता है। सि०प० फूलचन्द्र शास्त्री जाग्रत रचनाकार थे। पाठक उनके निबन्ध–सकलन सत्यान्वेषी एकादश' शीर्षक पुस्तक मे ग्यारह सामाजिक धार्मिक राजनीतिक आदि विषयो

से सम्बन्धित लेखो को पढेगे तो पडित जी के वास्तविक गहन चिन्तन को ही पायेगे। इस पुस्तक मे भी 'जैनधर्म और वर्णव्यवस्था' शीर्षक निबन्ध मे उन्होने न केवल जैन–दृष्टिकोण की व्याख्या की है, अपितु वैदिककाल से लेकर भारतवर्ष के स्वराज्य प्राप्ति के बाद तक की स्थिति का विवेचन किया है। प्राचीन काल से चली आई ब्राह्मण एव श्रमण सस्कृतियो के अस्तित्व की चर्चा के साथ–साथ वर्ण, जाति और धर्म की ग्राह्य व्याख्या भी की गई है। जैनागमो के पुष्ट प्रमाणो के आधार पर पडित जी का दृढ मत था कि 'जाति नाम कर्म के उदय से उत्पन्न हुई मनुष्य जाति एक है।' अतएव मनुष्य जाति को एक न मानने वाले व्यक्ति अपने हाथो ही अपना अपमान करते है।

पडित जी के बारे मे लिखने मे मेरे समक्ष एक विचित्र स्थिति यह सामने आ रही है 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ'? फिर भी गुरुवर प० अमृतलाल शास्त्री जी ने बहुत पहले लाडनूँ से पडित जी पर एक लेख अपनी कलम से १४ १० १९६४ को लिखकर भेजा था। वह लेख तथा उसी मे उन्हीं द्वारा अन्यत्र प्रकाशित एक मार्मिक प्रसग, इस पुस्तक मे छपा है। उस अतिसवेदनशील, अद्वितीय प्रसग को यहाँ उद्धृत किए बिना मेरे पूर्व मे लिखे गए सभी पृष्ठ मुझे अखरेगे। पडित अमृतलाल शास्त्री ने लिखा है, "एक पुरानी बात है। पडित जी का परिवार बीना गया हुआ था। पडित जी अकेले ही वाराणसी मे थे। मैने पडित जी से भोजन के लिए निवेदन किया। आप प्रतिदिन जिस समय मेरे घर आकर भोजन प्रारम्भ करते, सयोगवश एक वृद्धा आ जाती। पडित जी तत्काल अपनी थाली उसे दे देते। तुरन्त दूसरी थाली पडित जी को दी जाती, पर वे उसे कभी स्वीकार नही करते, भूखे ही उठ जाते–प्रतिदिन ऊनोदर तप तपते। इस अवसर आप कहते–अधिक भोजन करना पाप है – 'योऽधिक भुङ्क्ते स पाप भुङ्क्ते । थोडा बहुत सामान देकर मैने वृद्धा से कहा – आप पडित जी के भोजन के समय न आया करे। पर वह कब मानने वाली थी। कहती थी कि इतने ज्ञानी का झूठा खाने से इस जन्म मे नही, तो अगले जन्म मे उसे भी विशिष्ट ज्ञान प्राप्त होगा। पडित जी सरीखी करुणा शायद ही कही देखने को मिले।" अत यह सत्य स्वीकारते हुए पूज्य पडित जी के चरणो मे नमन करता हूँ। यह यथार्थ है

"आगमज्ञो महान् विद्वास्तथा तदनुवादक ।
फूलचन्द्रसम कश्चिन् न भूतो न भविष्यति।।"

पुस्तक की तैयारी मे जिन–जिन विद्वानो की महत्वपूर्ण उल्लेख्य भूमिका है, स्वय पुस्तक ही बता देगी। मै उन सबके प्रति अन्तर से प्रणाम करता हूँ। प्रणम्य के सम्बन्ध मे लिखने वाले मेरे लिए सभी प्रणम्य है। पूज्य पडित जी के एकमात्र पुत्र एव पुत्रवधू के अथक् परिश्रम तथा समर्पित सकल्प बिना पुस्तक, प्रकाशित होना प्राय असभव था। परम पूज्य भट्टारक श्री चारुकीर्ति स्वामी की असीम अनुकपा से यह ग्रथ प्रकाश मे आ सका। हम सभी उनका हार्दिक अभिवादन करते है।

क्षमायाचनापूर्वक।

विदा पुनर्मिलनाम

नजीबाबाद — डा० प्रेम चन्द जैन

दिनाक २४–६–२००४

विषय सूची

वर्णीजी के परिप्रेक्ष्य में मेरा जीवन

पं. फूलचन्द्र शास्त्री

ललितपुर से महरौनी होती हुई जो पक्की सडक जाती है उससे जाते हुए १६ मील पर जो गॉव मिलता है उसका नाम सिलावन है। मेरा जन्म स्थान होने से उसके प्रति आज भी मेरा आकर्षण बना हुआ है। मैं अपने माता–पिता का तीसरा बेटा हूँ। जन्म तिथि वैसाख सदि ४ वि०स० १९५८ है।

मेरे पिता ४ भाई थे। पिताका नाम सि दरवाललाल और माता का नाम जानकी बाई था। सजले काका का नाम सि नन्हेलाल था। सजली काकी और काका नि सन्तान होने से उन्होने ही हम चारो भाईयो को सम्हाला है।

चार – पॉच वर्ष तो हमारे सुख से बीते, पॉच वर्ष की अवस्था मे ऑखो मे रोहे हो जाने पर उनमे नमक घिस कर पट्टा बॉध दिया गया, फलस्वरूप दोनो आँखो मे जाला आ गया उसे दूर करने म बहुत समय लगा।

अहीरो या लोदियो मे एक भेद का नाम गीजर है। वह कुटुम्ब हमारा आसामी था। उसी कुटुम्ब की एक बहिन प्रतिदिन आकर अजन तैयार करके आजती थी। उसी से हमारी ऑखो का जाला दूर हो सका और हम पढने--लिखने लायक हो गये।

गॉव मे सरकारी स्कूल न होने से लगभग ३ मील दूर खजूरिया नाम के ग्राम मे हमने प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की। बीच मे दो नदियॉ पडने से बरसात मे जाने–आने मे विशेष असुविधा का सामना भी करना पडता था। पर रविवार को छोड कर स्कूल जाना अनिवार्य था।

खजूरिया मे प्राईमरी स्कूल होने से चार कक्षा तक ही पढाई की व्यवस्था थी। इसके अतिरिक्त उस समय अलिफ और बे नाम से दो कक्षाऐ और चलती थी। इनमे अक्षर ज्ञान के साथ जोड--बाकी तक की शिक्षा दी जाती थी। उसके बाद प्राईमरी स्कूल की प्रथम कक्षा चालू होती थी। इसलिये मेरी स्कूली पढाई प्रथम कक्षा तक ही हो सकी। मेरे दोनो बडे भाईयो का स्कूल जाना बन्द हो जाने से मुझे भी घर बैठ जाना पडा।

कुछ दिन बाद हमारे बडे भाई ने मामा के यहॉ रहकर तत्वार्थसूत्र पढना सीख लिया। उस समय की यह सबसे बडी पढाई थी। यह देखकर मेरा मन भी उसे सीखने का हो गया। मै अपने काका के पीछे लगा। अत मे उन्होने मुझे मेरे मोसिया (मोसा) के यहॉ पहुँचा दिया। वहॉ रहकर मैने अपने मुसेरे भाई रज्जूलाल से तत्वार्थसूत्र पढना सीख लिया।

बाद मे किसी कारण से मै घर चला आया। घर मेरी बडी बहिन आई हुई थी। अत उनके साथ मै उनके गॉव मॅबई चला गया और वहॉ रहकर मैने सुखसिह किलेदार से भक्तामर पढना सीखा। उसके बाद अपने गॉव लौट आया।

किन्तु पढने की जिज्ञासा बनी हुई थी कि इसी बीच सुखसिह गडरया खजूरिया से सिलावन मेरे घर आये और मुझे खेलता हुआ देख कर बोले ए फुल्ले! देख मेरा साथी सुखलाल इन्दौर सस्कृत पढने के लिये गया है और तू ऐसे ही खेलते–कूदते अपना जीवन बरबाद कर रहा है। उनका इतना कहना था कि मै तभी अपने मन मे इन्दौर जाने का निश्चय करके अपने काका के पीछे लग गया।

उस समय सोरई और सादूमल के कुछ लडके इन्दौर पढते थे। पता लगाकर मुझे उनके साथ इन्दौर भेज दिया। पिताजी ललितपुर स्टेशन तक पहुँचाने गये। प० शीलचद जी शास्त्री भी मेरे साथ पहली बार इन्दौर पढने गये थे।

उस समय सर सेठ स्वरूपचद हुकमचद महाविद्यालय के मत्री लाला हजारी लाल जी थे। प्रधानाध्यापक श्री प मनोहर लाल जी और धर्माध्यापक श्री प अमोलकचन्द जी थे। मैं तत्वार्थसूर्थ पढ़ लेता था, इसलिये प्रविष्ठ होने मे विशेष कठिनाई नही हुई।

इस प्रकार मेरी प्रारम्भिक शिक्षा इन्दौर महाविद्यालय मे हुई किन्तु सादूमल मे पाठशाला खुल जाने से मध्यमा तक का शिक्षण मेरा सादूमल मे हुआ है। श्री प० घनश्यामदास जी वहॉ प्रधान अध्यापक थे। वे स्वय अधिकारी व्युत्पन्न विद्वान तो थे ही साथ ही हम छात्रो की सागोपाग शिक्षा की ओर उनका विशेष ध्यान रहता था। रात्रि मे दस बजे तक और प्रात ४ बजे से ६ बजे तक अभ्यास करना अनिवार्य था। इस नियम का उल्लघन करने पर दण्ड का भागी होना पडता था। उनका शासन कडा था।

मध्यमा की परीक्षा के समय एक ऐसी घटना हो गई जिसमे नये वर्ष के प्रारम्भ मे पुन मुखाग्र परीक्षा लेने के लिये मोरेना से श्री प० वशीधर जी न्यायालकार और श्री प० देवकीनन्दन जी सि०शा० को बुलाया गया। परीक्षा के समय उन विद्वानो ने हमे भाप लिया। रात्रिको हम उनसे मिले। श्री प० देवकी नन्दन जी बोले तुम इतने व्युत्पन्न होकर यहीं पडे रहोगे या कुछ अपने भविष्य को भी देखोगे।

अन्त मे हम उनकी सलाह को शिरोधार्य करके मोरेना चले गये। हम शास्त्री प्रथम वर्ष मे आसानी से प्रविष्ट हो गये। लगभग दो वर्ष हम वहॉं रह सके। कुछ ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हुई कि बुदेलखण्ड के सब विद्वानो और छात्रो को मोरेना छोडने के लिए विवश हो जाना पडा। उस अप्रिय घटना की यहॉं चर्चा करना व्यर्थ है। अस्तु।

पूज्य बडे वर्णी जी का बुदेलखण्ड पर तो अक्षुण्ण प्रभाव था ही। उनकी भावना को मान देकर आखिर जबलपुर समाज ने शिक्षा मदिर खोलने का निर्णय लिया। निर्णय लेने के समय मैं भी जबलपुर मे था। कुछ–कुछ वहाँ के प्रमुख सज्जनो से परिचित भी हो गया था।

बात यह हुई कि जब मैं वहॉ से बीना लौट रहा था। अनायास ही पूज्य बडे वर्णीजी और गुरू श्री वशीधर जी न्यायालकार का साथ हो गया। आहारकी व्यवस्था कटनी मे थी, इसलिये कटनी मे उतर कर मन्दिर जी गये। मुझसे यह कह कर कि सामान छात्रावास मे रखा आओ, वे श्री जिनमन्दिर जी मे चले गये। सामान रखाकर पीछे से मैं भी पहुँच गया। दर्शनविधि सम्पन्न होने पर दोनो महानुभाव सामायिक करने लगे। मै कर्मकाण्ड ग्रन्थ का स्वाध्याय करने लगा। इसी बीच खबर पाकर अनेक श्रावक और श्राविकाऐ श्रद्धेय वर्णी जी के मुख से अमृतवाणी सुनने और उनका पुनीत दर्शन करने के लिये वहॉ एकत्रित हो गये। सामायिक–विधि सम्पन्न होने पर प्रवचन के लिये सबने श्रद्धेय वर्णी जी से प्रार्थना की। मैंने अवसर देख कर चौकी उनके सामने रख दी। किन्तु उन्होने स्वय प्रवचन न कर मुझसे कहा– "भैया ! कौन सा ग्रन्थ है?"

मैने कहा– "कर्मकाण्ड है।"

वे बोले– "पढे हो?"

मैने कहा– "हाँ, पढ़ा हूँ ", प० जी की ओर सकेत करते हुए मैंने पुन कहा– "गुरू जी ने ही पढाया है।"

वे बोले– "तो सुनाओ, मैं सुनूँगा और सब सुनेगे। कहो भैया ! ठीक है न।" कौन निषेध करे, सबने सकोचवश हॉ भर दी।

उनकी यह अनुग्रहपूर्ण वाणी सुनकर मैं तो गद्‌गद हो गया। मिनट–दो मिनट स्तब्ध रहने के बाद मै अपनी शक्ति अनुसार व्याख्यान करने लगा।

मेरे उस व्याख्यान को सुनकर वे पण्डित जी से बोले, भैया ! बालक तो बुद्धिमान दिखाई देता है। इसे शिक्षामन्दिर मे सहायक अध्यापक बना लेना। आपके पास अध्ययन भी करेगा और मध्य की कक्षाओ के छात्रो को अध्यापन भी करायेगा। फिर मुझे लक्ष्य कर बोले, भैया ! पत्र की प्रतीक्षा नहीं करना। जिस दिन शिक्षामन्दिर का उद्‌घाटन हो, आ जाना। समझो, तुम्हारी नियुक्ति हो गई। अभी २५) रू० मासिक मिलेगा। आगे तरक्की हो जायेगी। उनका यह प्रथम आशीर्वाद है जिसे पाकर मैं धन्य हो गया।

शिक्षामन्दिर का उद्‌घाटन कर श्रावणमास मे पूज्य श्री का नागपुर जाना हुआ। समाज ने उनसे दशलक्षण पर्व के लिये एक विद्वान् की याचना की। प० फूलचन्द्र को बुला लेना यह कह कर वे सागर लौट आये। मुझे आमन्त्रण–पत्र मिलने पर मैं सागर भागा गया। श्री चरणो मे निवेदन किया मै इस योग्य नहीं हूँ। बोले, एक दिन रूको, (बाई जी के हाथ का) प्रेम से भोजन करो, शान्ति से बात करेगे। मैंने समझा मेरी प्रार्थना सुन ली गई, बडी प्रसन्नता हुई। अपने साथ बिठाकर प्रेमपूर्वक भोजन कराया। श्रद्धेय बाई जी के हाथ का सुस्वादु भोजन पाकर मैं धन्य हो गया। भोजन के अन्त मे वहीं बोले–देखो बाई जी ! यह बालक कैसा हठी है। मैं नागपुर वचन दे आया। यह मना करता है। यहाँ भगा आया। इसे समझा दो। यह अपना भविष्य नहीं देखता। बालक होनहार है, बन जायगा तो । मै मुँह देखता रह गया। गुरु–कृपा मान कर नागपुर गया तो, पर साथ मैं समझा–बुझा कर श्री प० हीरालाल जी सिद्धान्त–शास्त्री को भी ले गया।

शिक्षामन्दिर सुचारूरूप से चलने लगा। सुपरिन्टेन्डेन्ट के पद पर स्व० श्री छोटेलाल जी मास्टर की नियुक्ति हुई। मत्री स्व श्रद्धेय कन्छेदीलाल जी वकील थे। कुछ दिन तो मास्टर सा० ने ठीक ढग से काम चलाया। बाद मे अपना रग जमाने के लिये उन्होने कुछ ऐसी नीति अपनाई जिससे शिक्षामन्दिर की प्रगति रुक गई। उनकी इसी नीति के कारण मैं शिक्षामन्दिर छोड कर बनारस चला आया। उस समय पूज्य श्री वहॉ विराजमान थे ही। पूरा समाचार जानकर उन्होने मुझे अन्य दर्शनो के शिक्षण के लिये विद्यालय मे स्थान दे दिया और २५) रु० माह वृत्ति निश्चित कर दी। किन्तु मैं उनके इस शुभाशीर्वाद का अधिक समय तक लाभ न उठा सका। अपनी गृह–सम्बन्धी आर्थिक कठिनाई के कारण मुझे अध्यापकी जीवन व्यतीत करने के लिये विवश होना पडा।

मध्य का काल ऐसा बहुत है जो प्रकृत मे विशेष उल्लेखनीय नहीं है। सन् ४१ मे मथुरा–सघ ने श्री जयधवला के प्रकाशन का निर्णय लिया। उसका अनुवादादि कार्य सम्पन्न करने के लिये मुझे बनारस आमन्त्रित किया गया। मैं जेलयात्रा से हुई शारीरिक क्षति को पूरा कर पुन बनारस आ गया और इस मगल कार्य मे जुट गया। इसी बीच अ०भ०दि० जैन विद्वत्परिषद की स्थापना हुई। मैं उसका सयुक्त मत्री नियुक्त हुआ। कार्यालय का भार मुझे ही सौपा गया। निश्चय हुआ कि कटनी मे होने वाले विशेष उत्सव के समय वहॉ इसका पूज्य श्री की अध्यक्षता मे प्रथम अधिवेशन किया जाय। उस समय पूज्य श्री पनागर मे विराजमान

थे। निवेदन करने के लिये मैं ही नियुक्त किया गया। मै पनागर गया। पूज्य श्री से निवेदन किया। बहुत अनुनय–विनय करने पर स्वीकृति मिल गयी। अधिवेशन तो निश्चित समय पर हुआ, पर इस दौड–धूप और कार्याधिक्य के कारण मै लीवर जैसे कठिन रोग से इतना ग्रसित हुआ कि लगभग सात माह तक अन्न के दर्शन करना भी दुर्लभ हो गया। केवल फलो के रस और दूध पर ही मुझे रखा गया।

किसी पण्डित की आजीविका कितनी ? काम करो, वृत्ति लो। आजीविका बन्द हो गई। पास मे जो सोना–चॉदी था उसमे से कुछ हिस्सा बेचकर काम चलाने लगा। यह समाचार परम कृपालु पूज्य श्री के कानो तक पहुँचा। उनकी आत्मा द्रवीभूत हो उठी। तत्काल उन्होने आ बाबू रामस्वरूप जी बरूआसागर वालो को सकेत कर ६००/– रुपये भिजाये। मुझे गुरूकृपा का सहारा मिला, अच्छा होकर पुन जयधवला के सम्पादन मे जुट गया। यह पूज्य श्री की ही महती कृपा है कि मैं आज जीवित हूँ और धर्म–समाज के कार्यो मे योगदान कर रहा हूँ। श्री गणेशप्रसाद दि० जैन वर्णी ग्रन्थमाला की मगल स्थापना इन्ही ६००/– रुपये के शुभ सकल्प से की गई थी। हालाकि मै उन रुपयो को कुछ काल बाद ही ग्रन्थमाला मे जमा करा सका था। यह मेरा जीवनव्रत है कि जहॉ तक सभव होगा मैं अपने जीवन के अन्तिम क्षण तक उनकी पुण्यस्मृति मे कुछ न कुछ कार्य करता रहूँगा।

चैत्र का महिना था। पूज्य श्री सोनागिर सिद्धक्षेत्र पर विराजमान थे। मैं और स्व० डा० महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य झॉसी की महावीर जयन्ती सम्पन्न कर श्री सिद्धक्षेत्र की वन्दना और पूज्य श्री के दर्शनो के लिये सोनागिर गये। उस दिन आहार के लिये दो चौकाओ की व्यवस्था थी। उनमे से एक चौका गया निवासिनी ब्र० पतासीबाई ने लगाया था। शुद्धि के पश्चात् जब पूज्य श्री आहार के लिये उठे तो दूसरे चौके वाला प्रौढ पुरूष आगे बढा। यह देखकर ब्रह्मचारिणी जी भी आगे बढने लगीं। दोनो मे आगे बढने की एक प्रकार से होड सी लग गई। यह दृश्य देख कर पूज्य श्री ठिठक गये, उस भाई से बोले–भैया ! क्या करते हो, क्या आहार कराने के लिये यही दिन है, दूसरे दिन करा देना। देखते नहीं हो। ये बाई जी वृद्धा महिला है तपस्या के कारण कृशशरीर है। थोडी तो दया करो। और यह कह कर लौट आये। कुछ देर रुकने के बाद पुन शुद्धि कर आहार को उठे। आहार करने के बाद हम दोनो से बोले–भैया ! आचारशास्त्र के अनुसार यदि हमसे कुछ प्रमाद हुआ है तो हम प्रायश्चित कर लेते हैं। हमसे वह दृश्य देख कर रहा नहीं गया, इसलिए दो शब्द मुख से निकल गये। कैसी विडम्बना है, लोग मात्र आहार कराने मे ही धर्म समझते हैं। जहॉ आकुलता हो वहॉ धर्म कैसा ! हम दोनो पूज्य श्री के ये वचन सुन कर अवाक् रह गये।

चौरासी–मथुरा मे पचकल्याणक–प्रतिष्ठा का आयोजन था। पूज्य श्री वहाँ विराजमान थे। देश के कोने–कोने से बडे–बडे पुरुष आये हुए थे। हम पण्डितो का भी पूरा मजमा हो गया था। एक दिन प्रमुख विद्वानो ने पूज्य श्री को आहार देने का सकल्प लिया। प्रतिग्रह करने के लिये किसे खडा किया जाये। सबने विचारकर परीक्षा के तौर पर मुझे खडा कर दिया। श्री मन्दिर के प्रागण मे शुद्धिविधि सम्पन्न कर पूज्य श्री आहार के लिये उठे। किन्तु वे विरुद्ध दिशा मे चले गये। ३०–४० चौके लगे थे। आशा–निराशा के झूले मे मै झूलता रहा। यह तो होनहार ही समझिये कि पूज्य श्री उन सब चौको मे से होते हुए वहा पधार गये जहॉ हम पण्डितो ने चौका लगा रखा था। मेरी श्रद्धा फलीभूत हुई। सोल्लास वातावरण मे आहारविधि सम्पन्न होने पर आशीर्वादो की पुष्पवृष्टि से मै धन्य हो गया।

वही दूसरे दिन पूज्य श्री का प्रवचन हो रहा था। उसी समय एक भाई ने आकर मेरे हाथ मे तार थमा दिया। मैने उसे खोले बिना ही कुरते के ऊपरी जेब मे रख तो लिया, किन्तु बार–बार हाथ उस ओर जाने

लगा। मन होता था कि खोल कर पढ लू। मेरी यह मन स्थिति और हाथ की हलन–चलन क्रिया पूज्य श्री के दृष्टि ओझल न रह सकी। प्रवचन की धारा बन्द कर बोले–भैया ! आकुलित होने से अच्छा तो यह है कि खोल कर पढ लो। मैं सिटपिटा गया। पुन बोले–घबड़ाओ नहीं। तुम खोल कर पढ लो। उसके बाद ही मैं प्रवचन करूँगा। गुरू आज्ञा मान कर मैंने तार को खोल कर पढाया। तार का आशय समझते ही मेरा चेहरा फीका पड गया। तार मे कोई अनहोनी बात का सकेत है, पूज्य श्री को यह समझते देर न लगी। बोले–भैया ! अब तुम उठ जाओ, अपने कार्य मे लगो। चिन्ता न करो, सब अच्छा होगा। घटना तो अनहोनी थी ही। मेरी छोटी बेटी चि० पुष्पा तीसरे मजिल से गिर पडी थी, किन्तु वह पूज्य श्री के आशीर्वाद से पूर्ववत् पुन स्वस्थ हो गई।

ललितपुर मे पूज्य श्री का चातुर्मास प्रारम्भ हुआ। चातुर्मास की समग्र व्यवस्था क्षेत्रपाल जी मे की गई थी। मै बीना मे घर पर अपना सामान रखकर एक झोला लेकर पूज्य श्री के दर्शनो के लिये ललितपुर चला गया। मुझे आया हुआ देखकर पूज्य श्री ने वहॉ उपस्थित समाज को सकेत कर दिया–इसे जाने नहीं देना। मै निर्देश को टाल न सका। पॉच माह तक उसी स्थिति मे रहा आया। वर्णी इण्टर कालेज की स्थापना उसी चातुर्मास का सुफल है। मुझे अपने प्रदेश की सेवा करने का सुअवसर मिला। मैने इसे पूज्यश्री का शुभाशीर्वाद माना।

चातुर्मास सानन्द सम्पन्न हो रहा था। भाद्रपदी दशलक्षणपर्व सम्पन्न हुआ ही था कि इसी बीच पूज्य श्री को गुदा के बगल मे अदृष्ट फोडे ने दबोच लिया। चलने–बैठने मे तकलीफ होने लगी। तब कहीं पता लग सका कि गुदा के मुखदार के बगल मे अदृष्ट फोडा अपना स्थान बना रहा है। जनता मे तरह–तरह की बाते होने लगीं। कोई कहता चीरा लग जाना चाहिए, कोई इसका निषेध करता। बहुत विचार के बाद चीरा लगाना निश्चित हुआ कि इजेक्शन लगाने न लगाने, के विवाद ने सबको आ घेरा। जनता इजेक्शन लगाकर चीरा लगाया जाय इस पक्ष मे नहीं थी। पूज्य श्री के सामने भी यह प्रश्न उपस्थित हुआ। वे बोले–भैया ! इतनी चिन्ता क्यो करते हो। मै स्वय इजेक्शन लेकर चीरा लगवाने के पक्ष मे नहीं हूँ। तब कहीं जनता ने सतोष की सॉस ली।

टीकमगढ से डाक्टर बुलाया गया। फोडा देखकर उसने कहा भी कि महाराज जी बिना इजेक्शन लगाये चीरा लगाना सम्भव नहीं है। किन्तु पूज्य श्री ने उसे समझा कर कहा–भैया ! आप चिन्ता क्यो करते हो, आप निर्द्वन्द्व होकर अपना काम करो। मेरे कारण आपको चीरा लगाने, उसे साफ करने और मलहम–पट्टी करने मे कोई दिक्कत नहीं होगी। बहुत समझाने–बुझाने के बाद उसे तैयार किया जा सका।

पूज्य श्री को भीतर के एक कमरे मे पट्टे पर ओधा लिटाया गया। मात्र मैं और स्व० श्री लाला राजकृष्ण जी सम्हाल के लिये वहॉ रह गये और सब को अलग कर दिया गया। मैं पैरो को सम्हाल रहा था और श्री राजकृष्ण जी ऊपरी भाग को। डाक्टर ने फोडे को साफ कर नश्तर लगाया। दुर्गन्धमय पू का फुव्वारा फूट पड़ा। फोड़े ने लगभग चार अगुल गहरा स्थान बना लिया था। घेरा ६ इच से कम न होगा। इतना बडा फोडा होते हुए भी सजीव शरीर मे चीरा लगाया जा रहा है यह अन्दाज लगाना कठिन था। समाधिस्थ पुरुष की जो स्थिति होती है उसी स्थिति मे पूज्य श्री ने स्वय को पहुँचा दिया था। न हाथ हिले, न पैर हिले और न शरीर का शेष भाग ही हिला। ओठ जैसे प्रारम्भ मे बन्द थे, अन्त तक उसी तरह बन्द रहे आये। लगभग इस पूरी क्रिया को सम्पन्न करने मे २०–२५ मिनट लगे होगे। पर जो कुछ हुआ सब एक सास मे हो गया। डाक्टर को आश्चर्य हो रहा था कि ऐसा भी कोई पुरुष हो सकता है? सब क्रिया सम्पन्न कर अन्त मे जाते

हुए वह कहने लगा–ये पुरुष नहीं, महापुरुष हैं। मुझे ऐसे महापुरुष की यत्किचित् सेवा करने का सुअवसर मिल सका, मैं धन्य हो गया। मेरा डाक्टरी करना आज सफल हुआ। मैने आज जो पाठ पढा है वह जीवन भर याद रहेगा।

ललितपुर चातुर्मास के समय का वर्णीजयन्ती का नजारा भी देखने लायक था। न भूतो न भविष्यति ऐसा वह महोत्सव था। गजरथ जैसे महोत्सव के समय जो जनसमुद्र दृष्टिगोचर होता है वही दृश्य वर्णीजयन्ती के समय दृष्टिगोचर हो रहा था। पूज्य श्री बुदेलखण्ड की जनता के लिए देवतास्वरूप रहे है। उस दिन उसने उसी भावना से उनके श्री चरणो मे श्रद्धासुमन अर्पित किये।

पूज्य श्री के जीवन–सम्बन्धी ऐसे उल्लेखनीय प्रसग तो बहुत है। तत्काल मुझे एक ही प्रसग का और उल्लेख करना है जो उनके अन्तिम जीवन से सम्बन्ध रखता है। अन्तिम दिनो मे पूज्य श्री का चलना–फिरना बन्द हो गया था। वाचा ने अपना सूक्ष्मरूप धारण कर लिया था। इनता सब होने पर भी श्री की दृष्टि, श्रवण और स्मरणशक्ति बराबर उनका साथ दे रहीं थीं। जिस शारीरिक वेदना मे पूज्य श्री के अन्तिम दिन व्यतीत हुए उसमे शायद ही कोई अपने को स्थिर रखने मे समर्थ होता। किन्तु उन धीर–गम्भीर महापुरुष की बात निराली थी। उनकी आन्तरिक वेदना को वे ही जानते थे। पर उन्होने अपनी वाचिक या कायिक किसी भी चेष्टा द्वारा दूसरो पर उसे कभी प्रकट नहीं होने दिया। जब उनसे मुनिपद अगीकार करने के लिये निवेदन किया गया तब उनके पिछी ग्रहण करने के लिये यत्किचित् हाथ उठे और मुख से अस्पष्ट ये शब्द प्रस्फुटित हो उठे–आत्मा ही आत्मा के लिये शरण है और पूर्णरुप से परिग्रह रहित होकर पूज्यश्री ने अपनी इहलीला समाप्त की।

वे ऐसे महापुरुष थे जिनकी शताब्दि–महोत्सव की पुष्पबेला मे पुण्यस्मृतिस्वरुप श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, हम यही भावना करे कि जिस निष्काम भाव से वे अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर होते रहे, उनके बताये गये उस मार्ग पर चलने का हमे भी बल प्राप्त हो।

मै स्वय तो पूज्यश्री को अपने जीवनदाता के रूप मे स्मरण करता रहूँगा और जीवन भर स्मरण करता रहूँगा यही मेरी उस महान दिवगत आत्मा के प्रति श्रद्धाजलि है।

मेरे पिताजी

मेरे श्वसुर पूज्य प फूलचन्द्रजी सिद्धातशास्त्री मुझे अपनी बेटीके समान मानते थे। अत मेरे लिये वे पिता तुल्य तो थे ही, मुझे उन्हे पिताजी कहनेमे ही आनन्द आता था, किन्तु घरके अन्य सभी सदस्य उन्हे दादाके नामसे सम्बोधित करते थे। उनका जन्म वैशाख वदी ४ सन् १६०१ वि स १६५८ को हुआ था। उनके कर्मशील ८४ वर्षोके लिये यदि एक–एक पृष्ठ भी दिया जाये तो भी कम है।

पिताजीका जन्म बुन्देलखण्डके एक गॉव सिलावनमे हुआ था जो कि ललितपुरसे १६ मील दूर है। यह गॉव ललितपुरकी महरौनी, मडावरा और टीकमगढसे जोडनेवाली सडक पर बना हुआ है। उनके पिता सिघई दरयावलालजी, प्रसिद्ध वरया वशके वशज थे और माताका नाम जानकी बाई था। इनकी सबसे बडी एक बहन प्राणोबाई थीं, फिर दो बडे भाई और उनसे छोटे एक भाई हुए। छोटे भाईका नाम प भैयालाल था।

तीन चार वर्षकी अवस्थामे ही पिताजीकी ऑखे फूल गई थी। कोई डाक्टरी इलाज तो उस समय उपलब्ध नही था, अत ऑखोमे रोहे पड गये है, ऐसा समझ कर ऑखोमे नमक घिसा गया जिससे रोहे गल जाये और ऑखो पर पट्टी बॉध दी गयी। फलस्वरूप पूरी ऑखोमे सफेद जाल छा गया। ऑखोकी ज्योति बहुत कमजोर हो गई तथा छ इन्च पर रखी हुई वस्तु ही दिखाई दे पाती थी। ऐसी विकट परिस्थितिमे गॉवकी ही एक गूजर स्त्री गीजरन बाईने तीन साल तक पिताजीकी भरपूर सेवा की। उसका नित्यका कार्य था कि हाथीका नख, सफेद रत्ती व लाल चन्दन घिसकर एक विशेष अजन तैयार करना तथा ऑखोमे लगाना। इस सेवाका ही परिणाम निकला कि ऑखोकी ज्योति पुन लौट आई और ६० वर्ष की अवस्थामे भी पिताजी अपना पढने–लिखनेका कार्य (६–७ पृष्ठ प्रतिदिन लिखना) स्वय कर लेते थे।

पिताजीके दादा मूल रूपसे पासके ही एक गॉव खजुरियाके रहनेवाले थे। वहॉ पर उनके द्वारा निर्मित पक्का मकान भी था। वहॉ पर कभी रथ चला था, जिसमे उनके माता–पिता इन्द्र–इन्द्राणी बने थे। खजुरिया मे बरया वशकी वेदी अभी भी मौजूद है। पिता साहूकारी करते थे और व्यवसाय फैलने पर सिलावनमे आकर बस गये थे। माता–पिता दोनो ही अत्यन्त सीधे स्वभावके थे। अत साहूकारी धीरे–धीरे घटती चली गई। सिलावनमे ही बसने पर घरमे एक चैत्यालय स्थापित किया जो कि अभी भी विराजमान है।

घरमे चैत्यालय तथा सडकका गॉव होनेसे व्यापारी बैलगाडियो पर माल लादकर रातको मडावरा महरौनी आदिसे ललितपुर जाते हुए या वापसीमे सुबह सिलावनमे पडाव करते थे। उस समय बिना दर्शन किये भोजनका प्रश्न ही नहीं उठता था और रास्तेमे सिलावन ही एकमात्र गॉव था, जहॉ दर्शन मिलते थे। इसलिये घर पर दर्शन करने वालोकी भीड लगी रहती थी। रोज चार, छ, दस व्यक्ति बाहरसे आते थे व घर पर ही निवृत्त होकर पूजन इत्यादि करते थे। घरके सभी बालक इन लोगोकी सेवामे जुटे रहते थे।

पिताजी अन्य भाइयो सहित लोगोको पानी पिलाना, नहा–धोकर पूजनके लिये कुँएसे जल भर लाना आदि कार्य प्रतिदिन करते थे। सेवा परायणताके सस्कार बाबाजीके कारण पिताजीमे बचपनसे ही बैठ गये थे।

पिताजीकी स्कूली शिक्षा बहुत ही थोडी हुई। सिलावनमे तो स्कूल था ही नहीं, अत पढनेके लिये खजुरियाकी प्राईमरी पाठशालामे पैदल जाना पडता था, जो कि सिलावनसे ढाई मील दूर है। रास्तेमे दो नदियॉ पडती थीं, जो बरसातमे भर जाती थीं। अत उन्हे घेर कर सडकसे होकर स्कूल जाना पडता था। पिताजीकी स्कूलमे कक्षा १ तक की शिक्षा हुई है। फिर, भाइयो तथा गॉवके लडकोने स्कूल जाना बन्द कर दिया तो इनका भी स्कूल जाना छूट गया। पढनेमे वे बचपनसे ही होशियार थे और कक्षामे प्रथम आने पर उन्हे पुरस्कार स्वरूप एक किताब भी मिली थी। पिताजीको इतना याद है कि सन् १६११ मे जार्ज पचमके गद्दी पर बैठनेकी खुशीमे स्कूलोमे तमगे बॉटे गये थे। उस समय पिताजीकी अवस्था १० वर्ष की रही होगी।

बडे भाई अपने मामाके यहॉसे तत्त्वार्थसूत्र' पढना सीख आये थे। अत पिताजी की रुचि हुई कि वे भी तत्त्वार्थसूत्र सीखे। अपनी मौसीके लडके श्री रज्जूलाल बरयाके पास उन्होने तत्त्वार्थसूत्र पढना सीखा। तत्पश्चात् मॅबईमे अपनी बहनके यहॉ 'भक्तामर' पढना सीखा।

उस समयकी एक घटना बडी रोचक है–पिताजी घोडे पर सवार होकर अपनी बहनके यहॉ जा रहे थे। रास्तेमे टीकमगढके परिसरमे एक आदमी सडकसे कुछ दूर हटकर कराहते दिखाई पडा। पिताजी अपने घोडेसे उतरे व उसके पास गये। वह बुखारसे बेहाल था। अत पिताजीने उसे घोडे पर बिठाया और स्वय लगाम पकड कर पैदल चलने लगे। मार्गमे ही रात हो गयी। थोडा आगे चलने पर बॉयीं ओरसे एक सर्प आया और पैरोमे बिना काटे चला गया। धीरे–धीरे उस आदमीको लेकर बहनके गॉव पहुॅचे और उसे वहॉ सुला दिया। बुखार उतरने पर वह प्रात काल चला गया।

इन्हीं सबमे पन्द्रह–सोलह वर्षकी आयु हो गई। उस समय सादूमल, सौरई, जिजियावन आदि गॉव के लडके इन्दौर सर सेठ सा के विद्यालयमे पढने गये थे। खजुरिया गॉवके गडरया मामाने जब बताया तो पिताजी अपने काकाके पीछे लग गये कि वे भी पढने इन्दौर जायेगे। छुट्टियोमे जब लडके गॉव लौटे तो वापसीमे उन लोगोके साथ उन्हे इन्दौर भेजा गया। लगभग एक–सवा वर्ष वहॉ पर सस्कृत, छहढाला, आदि का अध्ययन किया। उस समय विद्यालयमे प्रधानाध्यापक स्व श्री प मनोहरलालजी थे व स्व श्री प अमोलकचन्द्रजी धर्माध्यापक थे। बाबू सूरजमलजी सुपरिटेण्डेण्ट थे और लाला हजारीलालजी मन्त्री थे।

वहॉसे गर्मी की छुट्टियोमे घर लौटते समय उनके पास घरसे काफी पैसे आ गये थे। शौकमे आकर उन्होने कोट पैण्ट, कमीज बनवाया, एक बेल्ट व मूठ लगी छडी खरीदी। जिस दिन इन्दौरसे चलना था, दर्जीने उस दिन कपडे नहीं दिये। उन्होने अपने साथियो से जब कहा कि अगले दिन चलेगे तब वे सब बडे नाराज हुए। उन्हे छोडकर वे सभी गाडी पकडने स्टेशन चले गये पर समयसे नहीं पहुॅचनेके कारण गाडी छूट गयी और सब साथियोको उल्टे पॉव वापस आना पडा। सब को लौटते हुए देख पिताजीने खूब तालियॉ बजाई व मजाक उडाया। इस पर सब और कुढ गये और सबने तय किया कि फूलचन्द्रको साथ लेकर नहीं चलेगे, इसलिए वे खडवा होकर चल दिये। दैवयोगसे भोपालमे पिताजीकी उनसे पुन भेट हो गई।

ललितपुर पहुॅचने पर उन सबने एक अलग बैलगाडी की व पिताजीको उसमे शामिल नहीं किया। उसी बैलगाडीमे तीन लुटेरोने भी साझा किया। रात हो जाने पर वे लुटेरे नियत स्थान पर उतरे। गाडीवानने जब पैसे मॉगे तो उन्होने लडको व गाडीवानको पीटा तथा सामान छीन लिया। उधरसे निकलने वाली सभी गाडीयोको वे लूटते रहे। पिताजीकी गाडी जब पीछेसे आई तो उसे भी लुटेरोने रोका। पिताजी अपनी नयी अॅग्रेजी पोशाकमे हाथमे चमकीली मूठ वाली छडी लिए गाडीमे सो रहे थे। गाडीवानने भयभीत होकर

पिताजीसे कहा, 'बाबूजी ! बाबूजी ! देखिये ये क्या चाहते है।' लुटेरोंने भी झॉककर छडी आदि देखी तो समझा कि कोई अँग्रेज अफसर है, और गाडी छोडकर भाग लिये। उनके सभी साथी तो ललितपुरके अस्पतालमे भर्ती किये गये, किन्तु पिताजी घर पहुँच गये। गर्मीकी छुट्टियाँ खत्म होनेपर वे पढनेके लिए फिर इन्दौरको चले पर रास्तेमे मन उचाट हो गया और भोपालसे ही लौट आये। फिर काफी दिन तक घर पर ही रहे।

कुछ दिनो बाद पिताजी, अपने पिताजीके साथ, भैलोनी एक विवाहमे सम्मिलित हुए। चूँकि पिताजी इन्दौरसे पढकर घर आये थे इसलिए पिताजीको देखनेकी सबकी उत्सुकता होने पर, उन्हे बुलाया गया। एक बुजुर्गने पिताजीसे पूछा "बेटा, कबै आये हौ।" पिताजीके यह उत्तर देने पर कि "अभी तो आया हूँ", वे बुजुर्ग सिरसे पीठ तक हाथ फेरते हुए बोले "ओ, बेटा तो तुर्की सीख आऔ।" यह व्यग सुनकर पिताजीकी ऑखोमे ऑसू भर आये और तभी उन्होने निश्चय किया कि अपनी भाषा और अपने पहनावेको कभी नहीं भूलेगे। पिताजीके इस निश्चयकी झलक अन्त तक उनके जीवनमे देखी गयी।

उसी समय साढूमलमे स्व सेठ लखमीचन्द्रजीने छात्रावास सहित एक पाठशाला खोली। एक बार ललितपुर जाते समय सेठजी सिलावनमे घर पर रुके तब उन्होने पिताजीको नये फैशनके कपडे पहने घूमते देखा। उन्होने पूछा कि ये कौन है व ज्ञात होने पर, पिताजीको साढूमल पाठशालामे पढनेके लिए बुला लिया। पिताजीने वहॉ पर मध्यमा तक अध्ययन किया। स्व पू प घनश्यामदासजी प्रधानाध्यापक थे। वे व्युत्पन्न विद्वान् थे। वर्तमानमे जो कुछ पिताजी है वह सब उनके परिश्रमका फल है।

साढूमलमे जब गॉधीजीका १९२० मे आन्दोलन चला तो पिताजी उसमे भाग लेने लगे और गॉवके लोगोको एकत्रित करके व्याख्यान आदि देने लगे। इससे घबडाकर कलक्टरकी ओरसे सदेश आया कि यह आदोलन बन्द हो, अन्यथा पाठशाला बन्द कर दी जायेगी। सेठजी राष्ट्रीय विचारधाराके व्यक्ति थे। बुन्देलखण्डमे उन्हीके सत्प्रयत्नोसे बेगार प्रथा बन्द हुई थी। अत उन्होने पिताजी आदिको बुलाकर कहा कि 'तुम लोग सेवाका कोई दूसरा रास्ता चुन लो। ये तुम्हारे पढनेके दिन हैं, इसलिए इस आन्दोलन मे पडनेसे कोई लाभ नहीं है।' अन्तमे पिताजीने अपने सहयोगियोसे विचार–विमर्श करके 'मुट्ठी फण्ड' की स्थापना की और अनाज इकट्ठा करके उसे गरीबोमे वितरित करते रहनेका कार्य चालू किया।

वहॉसे फिर वे मुरैना विद्यालयमे पढने चले गये। वहॉ श्री पडित जगमोहनलालजी शास्त्री व श्री प कैलाशचन्द्रजी शास्त्री उनके सहाध्यायी थे। स्व श्री पडित वशीधर जी न्यायालकार वहॉ पर कर्मकाण्ड पढाते थे। वे पिताजीकी कुशाग्र बुद्धिसे बहुत प्रभावित हुए। धर्मशास्त्रमे पिताजीकी विशेष रुचि थी, इसीलिए उनकी प्रसिद्धि भी हो गई थी। स्व श्री प वशीधरजीको सन्तोष हो चला था कि उन्हे ऐसा छात्र मिल गया है जो उनके बाद भी उनकी विद्याको जीवित रखेगा। मुरैना विद्यालयमे ही पू प देवकीनन्दनजी सिद्धातशास्त्रीसे पिताजीका परिचय हुआ। प जी स्वभावसे ही उदारमना व्यक्ति थे। मुरैनामे ही ऐसा प्रसग आया कि बुन्देलखण्डके सभी छात्रो व अध्यापकोने मुरैना विद्यालय छोड दिया। मुरैनामे अपनी शिक्षा पूरी करके पिताजी घर लौट आये।

उसी समय बुन्देलखण्डमे ही एक शिक्षा सस्था खोली जाये इस विचारसे उपयुक्त स्थानकी खोज होने लगी। इसके लिए जबलपुर उचित दिखाई पडा। जबलपुरकी समाजके पास उपयुक्त भवन होनेसे इसके लिए वह तैयार भी हो गई। पूज्य बडे वर्णीजीके वहॉ पहुँचने पर एक लाख रुपये का चन्दा भी हो गया। उस

समय श्रद्धेय प वशीधरजी न्यायालकार व श्रद्धेय प देवकीनन्दनजी भी उपस्थित थे। श्रुत पचमी का दिन (सवत् १९२२ २३) उद्घाटनके लिए निश्चित किया गया। बादमे स्व प देवकीनन्दनजी सा तो कारजा चले गये तथा पूज्य वर्णीजी, स्व श्री वशीधरजी और पिताजी अपने–अपने स्थानोको लौटते समय रास्तेमे कटनी रुके। वहॉ जिन मन्दिरमे जाकर सबने दर्शन पूजन किया। बादमे दोनो विद्वान् तो सामायिक करने लगे और पिताजी कर्मकाण्ड का स्वाध्याय करने लगे।

इसके बाद पूज्य वर्णीजीके सामायिकसे निवृत्त होकर वहॉ आने पर पिताजीने उनके सामने चौकी व कर्मकाण्ड ग्रथ रख दिया। पर अपने स्वभावके अनुसार उन्होने पिताजीको ही प्रवचन करनेके लिए प्रेरित किया। पिताजीके बहुत मना करने पर भी वे नही माने। अन्तमे पिताजीको ही प्रवचन करनेके लिए बाध्य होना पडा। गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) पिताजीका पठित विषय तो था ही इसलिए उन्हे उसका प्रवचन करने मे कोई कठिनाई नही हुई। इसी समय स्व श्री वशीधरजी भी सामायिक पूरी करके वहॉ आ गये। पूज्य वर्णीजी उनसे बोले भैया यह लडका तो बहुत होशियार दिखता है।' पण्डितजीके समर्थन करने पर वर्णीजी बोले, 'भैया ! श्रुत पचमीके दिन तुम जबलपुर अवश्य आ जाना। तुम्हारी अध्यापक पद पर हमने नियुक्ति कर ली है। अपने गुरुजी के पास पढना भी व पढाना भी।'

उनकी आशानुसार पिताजी श्रुतपचमीको जबलपुर पहुॅच गये और शिक्षा मन्दिरका उद्घाटन होने पर वे अपने नियत कार्यमे लग गये। पर वहॉकी व्यवस्थाकी सम्यक् देख–रेख न होनेसे पिताजी ७–८ महीनेके भीतर ही शिक्षा मन्दिर छोडकर बनारस चले गये।

जबलपुरमे ही रहते हुए पिताजीका बाबू फूलचन्द्र जी, (जो बादमे जज हुए) से अच्छा स्नेह हो गया था। बाबू फूलचन्द्र जी उस समय शिक्षा मन्दिरमे ही रहते थे व कॉलेज पढने जाते थे। उनके साथ एक बडी रोचक घटना घटी। वे नल पर स्नान करने गये थे। स्नानके पहले उन्होने गलेसे सोनेकी चेन निकालकर एक तरफ रख दी जिससे उसपर किसीकी नजर न पडे। फिर उनके ध्यानसे यह बात उतर गयी व चेन वही छोडकर वे चले आये और कालेज चले गये। कुछ समय बाद पिताजी निवृत्त होने वहॉ गये और हाथ धोनेके लिए मिट्टी खोजते समय उस चेन पर उनकी नजर पड गई। लगभग १० तोलेकी उस चेनको पिताजीने गलेमे पहन लिया व कुर्तेके बटन बन्द कर लिए जिससे किसीको दिखाई न दे। शिक्षा मन्दिरमे लौटने पर बाबू फूलचन्द्र जी बडे हताशसे दिखाई दिये और उन्होने अपनी चेन भूल जानेकी बात बताई। वे अपनी मॉ की डाटसे बहुत डर रहे थे। पिताजीने उनसे कहा कि चलो खोजते हैं और वहॉ जाकर दोनो ढूॅढने लगे। काफी देर हो जाने पर जब पिताजीने देखा कि बाबू फूलचन्द्र जी बहुत हताश हो चुके है और ऑखोमे ऑसू भर आये है तो पिताजीने अपने कुर्तेके बटन खोल लिए जिससे कि चेन बाहर निकल आयी। कुछ देरमे बाबू फूलचन्द्रजीकी नजर पिताजी पर पडी तो चेन दिखाई दे गई और वे बोले कि तुमने पहले क्यो नहीं बताया। इस पर पिताजीने कहा कि तुम्हे फिर परेशान कैसे करते।

बनारसमे पूज्य बडे वर्णीजीसे पिताजीकी पुन भेट हो गई। उन्होने पिताजीको विशेष बुद्धिमान समझकर उनकी विशेष वृत्ति २५) रु महीना निश्चित कर दी। २–३ महीने तक वे वहॉ पर रहे। गर्मीकी छुट्टियोमे घर लौट आये। किन्तु उसी समय पिताजीका विवाह हो गया। उनकी धर्मपत्नीने जीवन भर उनकी बहुत सेवाकर अपने सौभाग्य, शीलका अच्छा परिचय दिया। घरकी स्थितिको समझकर स्व पूज्य प देवकीनन्दनजीके अनुरोधपर उन्होने साढूमल विद्यालयका प्रधानाध्यापक का पद स्वीकार कर लिया। किन्तु

७–८ महीने बाद बनारस विद्यालयके विशेष आमत्रणपर वे साढूमलका पद छोडकर सन् १६२४ मे धर्माध्यापक होकर बनारस चले गये। वे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयमे भी प्रति शनिवारको धर्मकी शिक्षा देनेके लिये जाते थे। फलस्वरूप वहाँसे २५) रु तथा विद्यालयसे ५०) रु वेतन मिलता था। इससे वे अपना और अपने भाइयो सहित परिवारके निर्वाहमे सहयोग करते रहे। इस प्रकार बनारसमे लगभग चार वर्ष निकल गये। कारण विशेष होनेपर सन् १६२८ मे वे त्यागपत्र देकर सिलावन लौट आये।

किसी कार्यवश पिताजीको बीना जानेका अवसर मिल गया। उस दौरान वहॉकी समाजने पिताजीको शास्त्रसभाके लिये आमत्रित किया। उन्होने सभामे प्रवचन किया। उसे सुनकर स्व श्रीमान् सिघई परमानन्दजीने अपनी गोदीमे बिठा लिया और बोले, 'पाठशालाके लिये ऐसा ही विद्वान् चाहिये।' अन्तमे प्रधानाध्यापक पदपर पिताजीकी नियुक्ति हो गयी। वहॉपर ६०) रु महीना वेतन निश्चित हुआ।

पाठशाला खुलनेपर पिताजीने वहॉका काम सम्भाल लिया। कुछ समय तो कार्य करते ही निकल गया। बादमे उनके विचारमे आया कि अपने भाइयो सहित पूरे कुटुम्बको बुलाकर उनके लिये दुकान क्यो न खुलवा दी जाये। उस समय एक दुकान भी खाली हो रही थी। इसलिये उन्होने सबको बीना बुला लिया और उन्हे दुकान करवाकर सब साथमे रहने लगे। इस कालमे स्व श्री सिघईजीसे स्नेह स्थापित हो गया और उनके जीवन पर्यन्त बना रहा। सिघईजीको कोई सन्तान नहीं थी। अत स्वर्गवास होनेके पूर्व पिताजी की सलाहसे उन्होने अपने कुटुम्बके एक लडकेको बुलाकर उसको गोद ले लिया।

पिताजीकी राजनीतिक गतिविधियोका जिक्र हम पहले भी कर चुके है। बीनामे रहते हुए उनकी यह गतिविधियॉ बराबर जारी रहीं और वे काग्रेसके आदोलनमे भी शरीक होने लगे। वे छात्रो और जनताको लेकर जुलुस निकालते रहे तथा विदेशी वस्त्रोके बहिष्कारमे सक्रिय सहयोग देते रहे। इसके लिये उन्होने एक युक्ति यह निकाली थी कि मदिरमे देशी वस्त्र रखवा देते थे। जो भी महिला विदेशी साडी पहनकर आये वह उतारकर देशी साडी पहन जाये।

बीनामे पिताजी चार वर्षो तक रहे और राजनीतिक आन्दोलनके अलावा वे कइ सामाजिक आन्दोलन चलाते रहे। इनमे समैयाओको मिलाना मुख्य है। हिम्मत, जूझनेकी प्रवृत्ति व निस्पृहता पिताजीमे कूट–कूटकर भरी थी इनका प्रमाणस्वरुप ये कुछ चुनी हुई घटनाऍ दी जाती हैं।

श्री प कमलकुमारजी व्याकरणतीर्थ बनारसमे पढते थे। वे अतिम वर्षकी परीक्षामे फेल हो गये थे। उन्होने बीनामे पिताजीको लिखा। पिताजीने उनको बीना बुला लिया और समाजसे छात्रवृत्ति निश्चित करा ली। कुछ दिन वे बीनामे पढाते रहे और फिर उन्हे परीक्षा आदि देनेके लिये छुट्टी देकर बनारस भेज दिया। परीक्षा देकर वे पुन बीना आ गये। उसी समय विद्यार्थी छोटेलाल पिताजीके पास आया और कमलकुमारजीके साथ अपनी बहनकी शादी करानेको कहने लगा। प कमलकुमारजीसे पूछनेपर उन्होने आर्थिक स्थितिकी कठिनाई बतलाई, किन्तु समझानेपर वे विवाहके लिये तैयार हो गये। आर्थिक स्थितिमे जो कठिनाई थी उसका हल निकालकर यह विवाह सम्पन्न करा दिया।

समैया समाज, परवार समाजका एक अग है, यह समझकर पिताजीकी हमेशा यह इच्छा रही है कि इन दोनो समाजोको एक हो जाना चाहिए। आगासौद वाले सेठ मन्नूलालजीसे पिताजीका अच्छा सम्पर्क था। इसलिये उनके आग्रहपर पिताजी मल्हारगढ निसईजीके वार्षिकोत्सवमे सम्मिलित हुए। वहाँ पहुँचनेपर ज्ञात हुआ कि मल्हारगढकी जैन समाजके भाई आमत्रण देनेपर भी समैया समाजके प्रीतिभोजमे सम्मिलित नहीं

होते हैं। इस कारण वहॉकी जैन समाजने पिताजीको भी अलगसे भोजनके लिये आमन्त्रित किया जिससे वे भी प्रीतिभोजमे सम्मिलित न हो सके। परन्तु पिताजी ने उनकी बात अनसुनी कर दी एव समाजके लोगोको ही प्रीतिभोजमे शामिल होनेके लिये राजी कर लिया। इससे दोनो समाजोमे मेलका वातावरण बननेकी स्थिति दिखाई देने लगी।

समैया समाजसे ही सम्बन्ध रखने वाली एक और घटना है। विद्यार्थी छोटेलालकी बहन का प कमलकुमारजीके साथ विवाह करा ही दिया था, उससे प्रभावित होकर छोटेलालजीकी माँ अपनी दूसरी लडकीको लेकर पिताजीके घर आ गई और बताया कि समैया समाजका एक लडका उन्होने अपनी लडकीके साथ विवाहके लिये निश्चित कर लिया है, लडका भी सहमत है। परन्तु बीनाकी पूरी समाजकी इसपर गहरी प्रतिक्रिया हुई और जिस दिन सगाईका दस्तूर निश्चित हुआ उसी दिन स्व श्रीसिघईजी, श्रीनन्दलालजीकी बैठकमे जैन समाज एकत्रित हुई। उसमे पिताजीको बुलाया गया और उनसे कहा गया कि, इस विवाहको करानेमे आपकी साजिश है ऐसा मालूम हुआ है। अत आप इस सम्बन्धको रोक दे।' पिताजीके यह कहनेपर कि, मेरा इसमे कोई हाथ नही है, अलबत्ता इसके कि लडकीकी मॉ मेरे यहॉ ठहरी हुई है,' 'समाजने उनसे आग्रहपूर्वक कहा कि, 'यदि ऐसी बात है तो आपको इस सगाईके दस्तूरमे सम्मिलित नहीं होना चाहीये। फिर भी आप नही मानेगे तो आप विचार कर ले कि इसका नतीजा क्या होगा। इसपर पिताजीने उत्तर दिया, 'क्या होगा, चूहेकी दौर मगरे तक ' और क्या होगा। इसके बाद बैठक समाप्त हो गई और पिताजी उठकर चले आये। फिर भी बीनाकी समाजने पिताजी के प्रति कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

बीनामे रहते हुए एक दूसरी घटना घटित हो गई। पिताजी बीनामे हैं यह जानकर ब्र शीतलप्रसाद जी बीना आये। उनके प्रति समाजमे कुछ कारणोसे रोष होनेसे उनका विरोध होने लगा। इसलिये पिताजी के सामने कठिन समस्या उपस्थित हो गयी। किसी तरह पिताजीने उनका निर्वाह किया व रातमे उनके व्याख्यानके लिये सार्वजनिक सभा बुलायी। सभाके दौरान सभाके मत्रीका पत्र मिला कि आप इस सभाको बन्द कराये अन्यथा समाजको इसपर विचार करना पडेगा। किन्तु पिताजीको मालूम था कि बीना समाजने ब्रह्मचारीजीका बहिष्कार नहीं किया है, इसलिये पिताजीने आजीविकाकी चिन्ता न करते हुए भी सार्वजनिक रूपसे यह घोषणा कर दी कि सभाके मत्रीका यह पत्र व्यक्तिगत ही समझा जाये तथा सभाको बराबर चालू रखा।

बीनामे जिस मकानमे मास्टर कनछेदीलालजी रहते थे उसीमे पिताजी भी रहते थे। इसलिये पिताजी का मास्टर सा से अच्छा सम्बन्ध होनेके कारण, उनकी पत्नीका देहावसान होनेपर, अतिम सस्कारकी पूरी व्यवस्था पिताजीको ही करनी पडी। मा साहबकी पत्नीके पास सोनेका काफी जेवर था। दाह सस्कारके समय उनके शरीरसे और जेवर तो उतार लिया गया, परन्तु बाहोपर सोनेकी बखुरियोपर किसीका ध्यान नहीं गया क्योकि वे ब्लाउजके अन्दर थीं।

तीसरे दिन श्री प जगमोहनलालजी शास्त्री भी आ गये थे, क्योकि उनका मास्टर सा से स्नेह सम्बन्ध था। अत पिताजी व पडितजी दोनो ही राख समेटनेके लिये श्मशान भूमि गये। राख समेटते हुए बखुरियॉ हाथमे आ गई। उन्हे देखकर पडितजीने पिताजीको यह सलाह दी कि वे अपने पास ही उनको रख ले और जब मास्टर सा को याद आये तब उन्हे सौप दे। किनतु पिताजीने कहा, 'हम साधारण परिस्थिति के आदमी हैं। लोग समझेगे कि पची नहीं, इसलिये बता रहे हैं। अत अभी चलकर उन्हे सौंप देना चाहिये, स्नान बादमे करेगे।

बीना पाठशालाकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो जानेके कारण पिताजीको बीनासे नातेपुते (सोलापुर) जाना पड़ा। वहाँ पिताजी लगभग छ वर्ष रहे। वहाँपर भी उनकी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियाँ बराबर चालू रहीं।

राजनीतिक दृष्टिसे वे कॉंग्रेस कमेटीके सदस्य होनेके नाते नातेपुते (सोलापुर) मे हुए जिला कॉंग्रेस अधिवेशन तथा श्री नरीमैनकी अध्यक्षतामे हुए पूनाके तथा लोहपुरुष वल्लभभाई पटेलकी अध्यक्षता मे हुए यवतमालके प्रातीय कॉग्रेस अधिवेशनोमे सम्मिलित हुए।

वहाँ रहते हुए पिताजीने आचार्य शान्तिसागर सरस्वती भवनकी ओरसे एक प्रेसकी स्थापना कर उसका सचालन किया और उसकी और से "शान्ति सिन्धु" नामक मासिक पत्रका सम्पादन भी किया। पत्र लगभग दो वर्ष चला।

इसी बीच एक क्षुल्लक श्री विमलसागरजीको पिताजी पढाते रहे। वे बेलगॉवके रहने वाले थे जहाँ उन्होने गॉवके बाहर जगलमे एक कुटिया बना रखी थी। गर्मीमे वे वहाँ चले गये और वहाँके भाइयो द्वारा पिताजीको आमन्त्रित कर लिया। वहाँ पर पिताजी एक महीना रहे। वहाँ रहते हुए वे रात्रिमे क्षुल्लकजीके पास चले जाते थे। सेठ कल्लप्पा अन्ना लेगडेका एक नौकर लालटेन लेकर पिताजीको वहाँ पहुँचा आता था और सुबह १० बजे वे सेठजीके घर आ जाते थे और दिनमे वहीं रहते थे। रातको पुन कुटिया पर चले जाते थे। एक दिन पता लगा कि सेठजीकी पत्नी पिताजीकी झूठी थाली नहीं छूती है। यह ज्ञात होनेपर पिताजीने सेठजीसे कहा कि वे उनके यहाँ भोजन नहीं करेगे। कारण पूछनेपर पिताजीने बताया कि आपके घरपर आपसमे भी छुआ—छूतका पालन होता है। यह सुनकर सेठजी बोले कि उसे (पत्नीको) तो वे समझा नही सकते, पर जब वे नातेपुते आयेगे तो पिताजीके घर अवश्य भोजन करेगे। इतना ही नहीं, उन्होने अपने इस वचनका पालन भी किया।

जैसा कि अभी—अभी लिखा जा चुका है कि सेठजीका आदमी रोज रातको पिताजीको कुटियामे पहुँचा आता था। एक दिन वह पिताजीको पहुँचाने गया तो उसने कुटियाके पीछे कुछ लोगोको मन्त्रणा करते देखा। यह देखकर उसने पिताजीसे कहा कि पडितजी कुटियाके पीछे चोर बैठे हैं। यह सुनकर पिताजीने कहा कि होगे हमे क्या मतलब, और भयवश लघुशका करने लगे। इसके बाद कुटियामे पहुँचकर दरवाजा बन्द कर लिया। फिर उन लोगोने नौकरको पकडकर मारना शुरू कर दिया। नौकरकी चिल्लाहट सुनकर पिताजीने थोडा दरवाजा खोला कि उनके कुल्हाडी दिखानेपर दरवाजा बन्द कर लिया। फिर भी उसे पिटता हुआ देखकर पिताजीके पुन दरवाजा खोलनेपर, उन लोगोने नौकरकी कमीज, पायजामा व लालटेन छुडा ली व उसे धक्का देकर कुटियाके अन्दर कर दिया। अन्तमे जब पिताजी वहाँसे चलने लगे तो सेठजीने उन्हे सत्कारपूर्वक विदा किया।

सन् १९३६—३७ मे फलटणमे व्यवहारवादी और अध्यात्मवादी भाइयोके मध्य भाव—मनको लेकर वाद—विवाद चल पडा। समस्याका हल न देखकर, 'शान्ति सिन्धु" के सम्पादक होनेके नाते पिताजीको लिखा गया। पिताजीने "शान्ति सिन्धु" मे टिप्पणी द्वारा उसका खुलासा किया, किन्तु उससे व्यवहारवादी सन्तुष्ट नहीं हुए और पिताजीको फलटण बुलाया। वहाँ पहुँचकर पिताजीने अनेक प्रमाण देकर उन्हे समझाया फिर भी वे लोग सतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि भाव—मनसे केवलज्ञान प्राप्त होता है। इसलिए वह आत्माकी शुद्ध पर्याय है। बहुत चर्चा होनेके बाद उन्होने पिताजीको पुन स्पष्टीकरण लिखनेको कहा।

पिताजीने इस विषयको ध्यानमे रखकर लेख "शान्ति सिन्धु" मे प्रकाशित किया। उस लेखमे पिताजीने स्पष्ट कर दिया कि "भाव–मन आत्माके ज्ञानकी विभाव पर्याय है किन्तु पुद्गलके निमित्तसे होनेके कारण उसे आगम पौद्गलिक भी स्वीकारता है। इसलिए स्वभावके आलम्बनसे होनेवाला उपयोग ही स्वभाव पर्यायका उपादान हो सकता है, अन्यका आलम्बन करने वाला उपयोग नहीं।" परन्तु इस चर्चाने आगे चलकर इतना तूल पकडा कि अन्तमे पिताजीको वहॉसे हटना ही पडा।

इस प्रकारकी घटनाये पिताजीके जीवनमे भरी पडी हैं। नातेपुते छोडकर पिताजी बीना अपने घर आ गये। इतना सब हो जानेके बाद भी उन्होने अपनी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियो को बराबर चालू रखा।

इसी बीच अमरावतीमे स्व श्री डॉ हीरालालजीने एक पत्र द्वारा पिताजीको धवला (षट्खडागम) के सम्पादनमे सहयोग करनेके लिये आमत्रित किया। स्व श्री प हीरालालजी शास्त्री वहॉ पहले ही पहुँच चुके थे और उन्होने सत्प्ररूपणा प्रथम पुस्तक का अनुवाद कर भी लिया था। परन्तु उनके मुद्रणकी स्वीकृति धवला प्रबन्ध समिति नहीं दे रही थी इसलिए पिताजीको वहॉ बुलाया गया था। पिताजीके वहॉ पहुँचने पर स्व डॉ हीरालालजीने कहा कि "श्री प हीरालालजीने यह अनुवाद किया है। इसमे आप जो भी सशोधन करना चाहे या पुन अनुवाद करना चाहे इसके लिये आप स्वतत्र है।' पिताजीने उसको ख्यालमे रखकर दूसरी प्रेस कापी तैयार की।

पिताजीको यह तो मालूम ही था कि धवला समिति इसके मुद्रणकी स्वीकृति नहीं दे रही है। इसलिए पिताजीने डा सा के सामने एक प्रस्ताव रखा कि यदि वे स्वीकार करे तो पिताजी इस अनुवाद को लेकर स्व श्री पूज्य प देवकीनन्दनजीको कारजा दिखा लाया करे। उनकी इसमे अनुमति मिलने पर पिताजी १०–१५ दिनमे कारजा जाने लगे तथा मूल व अनुवाद पढकर उन्हे सुनाने लगे। फल यह हुआ कि अन्तमे उसके मुद्रणकी स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार एक वर्षके भीतर षट्खण्डागम (धवला) की प्रथम पुस्तक का प्रकाशन हो गया।

यह क्रम दूसरी, तीसरी व चौथी पुस्तकके मुद्रण तक चलता रहा। किन्तु स्व श्री प हीरालालजी तथा पिताजीमे अनबनकी स्थिति बने रहनेके कारण पिताजी अमरावती छोडकर बीना चले आये। उसी समय पिताजीके प्रथम बालकका स्वर्गवास भी हो गया था। बीना चले आनेका यह भी एक कारण था।

उसी समय देवगढमे गजरथ होनेवाला था तथा श्री गजाधरजीके दस्साओके यहॉ विवाह करनेके कारण समाजमे हलचल उत्पन्न हो गयी थी। इसलिए पिताजीने इन दोनो बातोकी ओर विशेष ध्यान देकर उन्हे आन्दोलनोका रूप प्रदान कर दिया।

पिताजीका दस्साओको मन्दिरमे पूरी सुविधा दी जाये यह आन्दोलन तो पहलेसे ही चल रहा था कि इसी बीच बामौराके गजाधर नामक एक युवकने दस्साओके यहॉ शादी कर ली। इस कारण समाजके द्वारा उसका मदिर बन्द करने पर खुरईमे दोनो पक्षोमे मुकदमा चलने लगा। पिताजी दस्सा पूजाधिकारके पक्षधर तो थे ही, इसलिए उन्होने उसके मुकदमेमे दिलचस्पी ली और गजाधरकी ओरसे गवाही देने खुरई भी गये। वहाँ पिताजीके बडे साले श्री मुन्नालालजी वैद्यने पिताजीको भोजनके लिये आमत्रित किया। खुरईकी समाजने पिताजीको भोजन करानेसे सेठजीको रोक दिया। फलस्वरूप पिताजी भोजन करनेके लिये दस्साओके यहॉ गये।

इसके बाद यह आन्दोलन फिर भी चालू रहा। कुछ समय बाद कुरवाईमे परवार सभाका अधिवेशन होने वाला था कि इसी बीच पूज्य प देवकीनन्दनजी बीना आये और स्व श्री सिघई श्रीनन्दनलालजीके यहाँ भोजन करके चले गये। किन्तु यह कहते गये कि यदि फूलचन्द्र (पिताजी) कुरवाई अधिवेशनमे आयेगे तो मैं नहीं आऊँगा।

परन्तु किसी कार्यवश पिताजीको इन्दौर जाना पडा। वहाँपर पिताजी स्व श्री प देवकीनन्दनजी के यहाँ ही ठहरे। पडितजीने पिताजीको कुरवाई चलनेका आग्रह किया। यह सुनकर पिताजी बिगड पडे और बोले "बीना मे तो आप कुछ और कह आये हैं और यहाँ पर चलने का आग्रह करते हैं" अन्त मे पडितजी बोले कि मैंने तुम्हारी दृढता समझ ली है, अत तुम्हारे साथ सभाको समझौता ही करना पडेगा ऐसा दिखाई देता है। इसलिये वे दोनो कुरवाई गये।

कुरवाईमे परवार सभाका अधिवेशन होनेपर पिताजीकी ओरसे यह प्रस्ताव रखा गया कि दस्याओ को मन्दिर प्रवेश एव पूजा प्रक्षालका अधिकार दिया जाये। पिताजी द्वारा यह प्रस्ताव रखे जानेपर दोनो ओर से वाद–विवाद चलता रहा। अन्तमे यह सुझाव आया कि दोनो ओरसे एक उपसमितिका निर्माण किया जाये और उसके अध्यक्ष प देवकीनन्दनजी हो और दिनमे उसकी बैठक होकर उसमे जो निर्णय हो उसको सभाके सामने रखा जाये। इस आधारपर दोनो ओरके सदस्योकी एक उपसमिति बनी। समाजकी ओरसे स्व सवाई सिघई गनपतलालजी गुरहा, खुरई, सवाई सिघई धन्यकुमारजी, कटनी, स्व श्री चौधरी पलटूरामजी, ललितपुर और श्री प जगन्मोहनलालजी, शा कटनी, चुने गये, पिताजीकी ओरसे स्व प महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य स्व श्री नन्दकिशोरजी वकील, विदिशा और पिताजी चुने गये।

दूसरे दिन दोपहरको १ बजे यह सम्मिलित बैठक हुई जो तीन घटे चली। बैठक इस नतीजेपर पहुँची कि सभा यह प्रस्ताव पास करे कि 'अपने–अपने गाँवकी परिस्थितिको ध्यानमे रखकर दस्साओ के लिये मन्दिर खोल दिया जाये। परवार सभा इसमे पूरी तरह सहमत है।' इस प्रस्तावको परवार सभाने स्वीकार कर लिया। फलस्वरूप पिताजीने यह आन्दोलन करना बन्द कर दिया।

पिताजीको सदासे ही यह चिन्ता रही है कि समाजका पैसा व्यर्थमे खर्च न हो। ऐसे बहुतसे कार्य हैं जिनकी ओर समाज बिल्कुल ध्यान नहीं देती। जैसे कि समाजके बहुतसे व्यक्ति असमर्थ या आजीविका हीन है। ऐसी बहुतसी विधवाये हैं जिनके सरक्षण व खाने पीनेकी समुचित व्यवस्था नहीं है, ऐसे बहुतसे पुराने मन्दिर है जो जर्जर स्थितिमे हैं और उनकी मरम्मत व पूजनादिकी समुचित व्यवस्था नहीं है। देश कालके अनुसार साहित्यको प्रकाशमे लानेकी ओर भी समाज ध्यान नहीं देती है। ये और इसी प्रकारकी कई और भी जटिल समस्याएँ हैं जिनकी ओर समाजका चित्त आकर्षित करनेके लिए तथा जहाँ मन्दिरो व वेदियोकी बहुलता है, वहाँ नये मन्दिर या वेदियोका निर्माण रोकनेके लिए, पिताजीने गजरथ विरोधी आन्दोलन प्रारम्भ किया था। पिताजी जहाँ आवश्यकता हो वहाँ पचकल्याणक प्रतिष्ठाके विरुद्ध नहीं थे। किन्तु सामाजिक प्रतिष्ठाके ख्यालसे जो भाई अनावश्यक रूपसे मन्दिर या वेदीका निर्माण कर पचकल्याणक प्रतिष्ठा आदि द्वारा गजरथ चलाकर सिघई, सवाई सिघई आदि बनते हैं उसके विरुद्ध अवश्य हैं।

इस आन्दोलनका समाजने स्वागत भी किया और विरोध भी। फलरूवरुप जबलपुरमे इसपर विचार करनेके लिए परवार सभाका एक अधिवेशन बुलाया था। उसमे पिताजी भी सम्मिलित हुए। इस समाजकी यह विशेषता है कि पिताजीका एक विरोधीके रूपमे सम्मिलित होनेपर भी उनके साथ किसी प्रकारका असद्व्यवहार

नहीं किया गया। किन्तु सभाका अधिवेशन प्रारम्भ होनेपर उनके बगलमे श्री रज्जूलाल बरयाको अवश्य बिठा दिया गया। परिणामस्वरूप पिताजी जब गजरथ विरोधी आदोलन के प्रस्तावके समर्थनमे बालने के लिये खडे होना चाहते थे तो श्री रजजूलाल बरया पिताजीका कुरता पकडकर उन्हे उठने नहीं देते थे, और कहते थे कि तुम अपने पिताजीसे पूछो कि वे इन्द्र–इन्द्राणी क्यो बने थे। अतमे पूप देवकीनन्दनजी सर्वानुमति से पच चुने गए और सभाने यह तय किया कि देवगढ़के गजरथमे उनके फैसलेको ध्यानमे रख जाए। पूप जीने अन्तमे जो फैसला दिया उसकी मुख्य बाते इस प्रकार है। –

१ विरोध पक्षकी यह दलील कि समाजमे बेकारी, अशिक्षा, जीर्णोद्धार, शास्त्रोद्धार आदिमे ध्यान दिया जाये, इसमे समर्थक पक्षकी भी सहानुभूति है।

२ विरोध पक्षने जो गजरथ प्रथाको आज अनावश्यक व अनुपयोगी सिद्ध करना चाह रहा था उसका खडन करके समर्थक पक्षने उसकी आवश्यकता व उपयोगिता भली–भॉति सिद्ध की है।

३ विरोध पक्षवालोने जीर्णोद्धार, शास्त्रोद्धार और असहाय लोगोकी सहायता आदिकी तरफ ध्यान देनेके लिए श्रीमानोका ध्यान आकर्षित करनेकी कोशिश की है, इसमे उनकी यह सद्भावना प्रशसनीय है। समाजोद्धार, जिनवाणी प्रचार, अज्ञान निवारणके लिए जनताका विशेष रूपसे जो ध्यान आकर्षित किया है, उनकी उस अन्त करणसे निकली हुई भावनाका हम स्वागत करते हैं और इसलिए यह उचित प्रतीत होता है कि हमारे धर्म प्रभावक उदार श्रीमान् आगम सम्मत शास्त्रोद्धार, जीर्णोद्धार व इतर धार्मिक कार्योकी ओर ध्यान देवे।

इस प्रकार पिताजी द्वारा अनेक गतिविधियॉ तो चल ही रही थी कि उनके दूसरे साले श्री गोकुलचन्दजीने सत्याग्रह करनेका निश्चय किया। उसमे सम्मिलित होनेके लिए पिताजी भी लडवारी गये। श्री गोकुलचन्द जी उसी समय गिरफ्तार कर लिए गए और उन्हे ललितपुर जेल भेज दिया गया। किन्तु पिताजी उस समय बीना लौट आये। कुछ दिनो बाद श्री गोकुलचन्द जीके मुकदमेकी सुनवाई देखनेके लिए पिताजी ललितपुर गये। वहॉ पर कचहरीमे ही पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिया।

इसी समयकी एक घटना पिताजीके जीवनके अन्य पहलूपर प्रकाश डालती है। वारट कटनेमे कुछ समय लग रहा था। गर्मीका मौसम तो था ही। अत प्यास लगनेपर उन्होने सिपाहीसे कहा। सिपाहीने जवाब दिया कि वह मुसलमान है। यह सुनकर पिताजीने कहा कि मैं काग्रेसी हूँ। फिर भी मैं आपके तामलोटका व घडेका पानी नहीं पीऊँगा। अन्य कोई भी व्यवस्था करे तो मुझे पानी पीनेमे एतराज नहीं। यह जवाब सुनकर सिपाही प्रसन्न हुआ और एक ब्राह्मणको बुलवाकर कुँए से पानी पिलवाया।

न्यायाधीशने पिताजीको १ माहकी कैद व एक सौ रुपया जुर्माना किया। जुर्माना न देनेपर ३ माह की सजा सुनाई। किन्तु घरसे जुर्माना वसूल हो जानेपर पिताजीको कच्ची कैदमे १६ दिन तथा झॉसी जेलमे १ महीना ११ दिन रहना पडा।

झाँसी जेलमें रहते हुए पिताजी बीमार हो गये, इसलिए उन्हे जेलके अस्पतालमे भेज दिया गया। वहॉ पर उन्हें दलिया और दूध दिया जाता था। किन्तु दूधमे मिलावट होनेके कारण वे उसे पी नहीं पाते थे और बगलमें पडे नाईको दे देते थे। इस कारण पिताजी भूखसे पीडित रहने लगे।

नाईसे पिताजीकी यह दशा नहीं देखी गयी। इसलिये वह किसी प्रकार अस्पतालसे निकलकर किसी अफसरके यहाँ गया और उनकी सेवा करके दो रोटियॉ और करेलेकी सब्जी ले आया। उन्हे पिताजीके सामने रखकर कहने लगा, "आपके लिए ही हम लाये हैं आप खा लो।" किन्तु पिताजीने मना करते हुए उससे कहा, "तुमने इनको प्राप्त करनेके लिए श्रम किया है इसलिए इन्हे तुम ही खाओ।" अन्तमे वह रोने लगा इसलिए बॉटकर दोनोने खाया। खाते हुए पिताजी उससे बोले, "इस चहारदीवारीके भीतर तो हम तुम भाई-भाई हैं, किन्तु जेलसे बाहर जाने पर मै जैन और तुम नाई। फिर मैं तुम्हारे हाथका नही खाऊँगा।"

सजा पूरी होनेपर जेलसे छूटकर पिताजी बीना चले आये और घरपर रहने लगे। इसी बीच मथुरा सघके प्रधान मन्त्री श्री प राजेन्द्रकुमारजीका पत्र आया तथा पिताजी बनारस आकर कषायपाहुड (जयधवला) के सम्पादनमे योगदान करने लगे। इसलिए पिताजी सन् १६४१ मे बनारस चले गये और कषायपाहुड (जयध ावला) के सम्पादनका भार सम्भाल लिया।

इस कार्यमे श्री प कैलाशचन्द्रजी शास्त्री और स्व श्री प महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य भी योगदान करते थे। पिताजी पूरे समय कार्य करते थे और उनका मुख्य कार्य ग्रन्थका अनुवाद करना होता था। इन अनुवादको प कैलाशचन्द्रजी देखते थे और प महेन्द्रकुमारजी टिप्पण आदि तैयार करते थे। इस प्रकार प्रथम भागका कार्य तीनोके सम्मिलित प्रयत्नसे चलता रहा। प्रथम भागका मुद्रण हो जाने पर स्व प महेन्द्रकुमारजी तो अलग हो गये, किन्तु प कैलाशचन्द्रजी कुछ दिनो तक उससे जुडे रहे। प कैलाशचन्द्रजी के अलग हो जानेपर अनुवाद सपादन आदिका पूरा भार पिताजीको ही सम्भालना पडा।

इसके बाद कुछ दिन तो पिताजी वेतन पर ही काम करते रहे, परन्तु कुछ अडचन उपस्थित होने पर पिताजी नौकरी से अलग हो गये। समझौता होने पर अपने घरसे ही स्वतन्त्र रूपसे कषायपाहुडके सम्पादनका कार्य करने लगे।

इस बीच पिताजीको लीवर का रोग हो गया। डाक्टरकी सलाहसे अन्न छोडना पडा और केवल फलोके रस और दूध पर ही उन्हे निर्बाह करना पडा। इस कारण आजीविका बन्द हो गई तथा घरकी स्थिति बिगडने लगी। घरका सोना-चॉदी बेचकर किसी प्रकार घरका निर्वाह करनेके लिए बाध्य होना पडा। पिताजी की इस स्थितिका पू बडे वर्णीजीको पता लग गया। उस समय पू बडे वर्णीजी बरुआसागरमे थे। अत उन्होने श्री बाबू रामस्वरूपजीसे कहकर छ सौ रुपये सहायताके लिए भिजवा दिए। उस समयकी स्थितिको देखते हुए, छ सौ रुपये एक वर्षका वेतन होता है। इन रुपयोसे पिताजीको स्वास्थ्यलाभ करनेमे आसानी हुई।

अभी वे स्वास्थ्यलाभ कर ही रहे थे कि उसी समय सन् १६४५ मे अमरावतीसे श्रीमान् सिघई पन्नालालजी पिताजीके घर आ गये। पिताजीने उनकी पूरी सेवा की। कलकत्तामें भगवान् महावीरकी वीर शासन जयन्तीके समारम्भका आयोजन हुआ था। स्व सर सेठ हुकुमचन्दजी उसके अध्यक्ष चुने गये थे। उसमे सम्मिलित होनेके लिए सभी विद्वानोंके साथ पिताजी भी कलकत्ता गये। वहाँ ३-४ दिन तक उत्सव चलता रहा। उसमें देश-विदेशके अनेक विद्वान् सम्मिलित हुए थे। श्रीमान् सिघई पन्नालालजी भी साथ गये थे कि उसी बीच वहाँसे वे अकस्मात् चले आये। बादमे मालूम हुआ कि वे आराकी अस्पतालमें काफी समय तक पडे रहे और वहीं उनका स्वर्गवास हो गया। यह मालूम पडने पर पिताजीने उनके घरवालोंको सूचना दे दी।

अधिवेशनके समय ही विद्वत् परिषद्की स्थापना की गई तथा पिताजी इसके सयुक्त मत्री बनाये गये। विद्वत् परिषद्का कार्यालय पिताजीके ही जिम्मे था। इस कार्यको पिताजीने मनोयोग पूर्वक आगे बढाया। उसके फलस्वरूप कटनीमे विद्वत् परिषद्का प्रथम अधिवेशन हुआ जिसके अध्यक्ष पू बडे वर्णीजी बने। पिताजी के मन्त्रित्व कालमे ही मथुरामे शिक्षण शिविरका आयोजन किया गया जो पर्याप्त सफल रहा।

इन्हीं दिनो एक घटना और हुई। स्याद्वाद विद्यालय ने अपनी समाजके बहुतसे लडकोको निष्कासित कर दिया। उनकी स्थितिको देखकर स्व श्री प पन्नालालजी धर्मालकार, स्व श्री प महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्य और पिताजीने एक भवन किराये पर लेकर उसमे छात्रावासकी स्थापना कर दी। पिताजी उसके सयुक्त मत्री बनाये गये थे। उसमे प्रविष्ट छात्रोको सभव सुविधाएँ भी प्रदान की। बादमे सेठ श्री जोखीराम बैजनाथजीने एक पुराना छात्रावास तथा उससे लगी हुई जमीन खरीद कर छात्रावासको सौप दी। श्री मौजीलालजीके विशेष प्रयत्नसे यह कार्य सम्पन्न हुआ।

इसके कुछ समय बाद राजस्थानके एक नगरमे पचकल्याणक सपन्न हुआ था। वहाँ पर स्व सर सेठ हुकुमचन्दजी, स्व सेठ बैजनाथजी और स्व श्री प देवकीनन्दनजी पहुँचे थे। सुअवसर जानकर स्व श्री प पन्नालालजी और पिताजी वहाँ गये और सर सेठ सा के सामने यह प्रस्ताव रखा कि "आपने विश्वविद्यालय मे एक जैन मन्दिर बनाने के लिए रु ५००००) स्वीकार किये थे। किन्तु वहाँ पर पृथक् जैन मन्दिर बननेकी स्वीकृति न मिलनेके कारण वह रुपया आपके पास ही है। अब विश्वविद्यालयके पास ही सेठ बैजनाथजीके यहयोगसे एक छात्रावास स्थापित हो गया है। उसमे एक जैन मन्दिरकी अति आवश्यकता है अत यह रुपया यदि छात्रावासको मिल जाये तो उसमे जैन मन्दिरका निर्माण हो जायेगा।" सर सेठ सा ने यह निवेदन स्वीकार कर लिया। फलस्वरूप एक समझौता पत्र तैयार किया गया। उसपर सेठ सा के और छात्रावासके सयुक्त मत्री होनेके नाते पिताजीके हस्ताक्षर हुए। बादमे सर सेठ सा ने आकर उसकी शिलान्यास विधि सम्पन्न कर दी।

पू बडे वर्णीजीके सकेत पर स्व साहू शान्तिप्रसादजीने वहाँ एक नये छात्रावासका निर्माण और करा दिया।

इसी बीच षट्खडागम (धवला) की प्रथम पुस्तकका ९३वाँ सूत्र विवादका विषय बन गया। उसमे 'सजद' पद छूटा हुआ था। उसके सम्पादन मुद्रणके समय पिताजी तो इस पक्षमे थे कि इस सूत्रमे 'सजद' पद और होना चाहिये, किन्तु स्व श्री प हीरालालजी तो इस सम्बन्धमे कुछ समझते नहीं थे। इसलिए अन्तमे पिताजी सहित उन दोनोकी रायसे यह तय हुआ कि टिप्पणीमे यह लिख दिया जाये कि यहाँ 'सजद' पद होना चाहिए ऐसा मालूम पडता है।

फिर भी प्रूफका कार्य पिताजी ही देखते थे, इसलिए पिताजीने मूल सूत्रको तो 'सजद' पदके बिना ही रहने दिया, किन्तु उसके अर्थमे 'सयत' पद जोड दिया। बादमे यह सूत्र विवादका विषय बन गया। इसलिए बम्बईकी समाजके आमत्रण पर दोनो पक्षके विद्वान् वहाँ एकत्रित हुए।

'सजद' पदके पक्षमे पिताजी, श्री प कैलाशचन्द्रजी और स्व श्री प वशीधरजी न्यायालकार थे। विरोध पक्षमे स्व श्री प मक्खनलालजी शास्त्री, स्व श्री क्षुल्लक सूर सिह जी और स्व श्री प रामप्रसादजी आदि थे दोनो पक्षके विद्वानोमे तीन दिनतक लिखित चर्चा चलती रही। अन्तमे विरोधी पक्षके विद्वानोने

रिकार्डकी कॉपी रख ली और समाजसे घोषणा करा दी कि तीन दिनके लिए ही सबको आमत्रित किया गया था अत यह बैठक समाप्त की जाती है।

इस प्रकार इस बैठकसे नतीजातो कुछ नहीं निकला परन्तु स्व डॉ हीरालालजी 'द्रव्य स्त्री मोक्ष जा सकती है', इसके पक्षधर अवश्य बन गये। अत इस विषयको लेकर पिताजी और डॉ सा के मध्य जैन सदेश के द्वारा लेख माला चलती रही जो पिताजी को लीवर का रोग हो जानेसे रुक गई जिसे स्व श्री प नाथूरामजी प्रेमीने पुस्तकाकार रूपमे छाप दिया। उसे पढकर प्रज्ञाचक्षु स्व श्री प सुखलालजी सघवीने एक पत्र द्वारा यह स्पष्टीकरण किया था कि अभी तक पक्ष प्रतिपक्षमे जितने बाद–विवाद चले हैं उसमे इतनी शालीनता नहीं रखी गई जितनी इस वाद विवादमे देखी गई। साथ ही पिताजी के विषयमे उन्होने यह भी लिखा कि यदि समाज पिताजीका पूरी तरहसे सदुपयोग करे तो वे समाजके लिए बहुत उपयोगी हो सकते है। स्व प सुखलालजी के अभिनन्दन ग्रन्थमे यह पत्र छपा है।

पिताजीका जहाँ तक ख्याल है कि पूर्वोक्त दोनो घटनाऍं लीवरकी बीमारीसे पहले ही घटित हो गई थी।

सन् १६४५–४६ के आस पास सोनगढसे विद्वत् परिषद्को आमन्त्रण मिलनेपर, पिताजीने कार्यकारिणी की स्वीकृति पूर्वक विद्वत् परिषद्का एक अधिवेशन सोनगढमे सम्पन्न कराया। वहॉ विद्वत् परिषद्के कार्यालय का कर्मचारी बीमार पडनेपर, पिताजीको सोनगढ १५ दिन रुकना पडा। इस कारण पिताजी श्री कानजी स्वामी व अन्य पमुख सदस्योके सम्पर्कमे आये।

जहॉतक पिताजीको स्मरण है, प्रवचनके बाद पचाध्यायीके आधारपर शका–समाधान विशेष रूपसे चला करता था। उसमे कार्यकारण भाव मुख्य रहता था। उस समय कुछ भाइयो का यह कहना था कि जिस प्रकार कार्यकी योग्यताके आधारपर निज वस्तुमे उपादानता मानी जाती है, उसी प्रकार पर वस्तुमे भी निमित्तताकी योग्यता होती है। किन्तु पिताजीने उन्हे बतलाया कि परवस्तुमे निमित्तता उपचारसे मानी जाती है, इसलिए उसमे वस्तुगत निमित्तताकी योग्यता होती है, यह सवाल ही नहीं उठता।

इसके कुछ समय बाद ही स्व श्री अयोध्याप्रसादजी गोयलीयने, जो कि भारतीय ज्ञानपीठ के मत्री थे, महाबधके सम्पादनका प्रस्ताव पिताजीके सामने रखा, जिसे पिताजी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। दूसरे भागसे लेकर सातवे भागतक उन्होने सफलता पूर्वक सम्पादन किया जिसका प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठसे हुआ है। प्रथम भागका वाचन पिताजी प सुमेरुचन्दजी दिवाकरको पहले ही करा चुके थे। इस प्रथम भागका सपादन प जी सा ने ही किया है।

सन् १६४१ के आसपास भारतीय ज्ञानपीठसे एक मासिक पत्र 'ज्ञानोदय' का प्रकाशन आरभ हुआ, तब पिताजी भी उसके सपादक रहे। २–३ वर्षोके बाद जब स्व प महेन्द्रकुमार ज्ञानपीठके व्यवस्थापक पद से हटे तो उन्होने 'ज्ञानोदय' का सपादकत्व भी छोड दिया। उसी समय पिताजीने भी सपादक पद छोड दिया।

सामाजिक सस्थाओको सहयोग करना तथा पुष्ट करना पिताजीका एक प्रमुख व्यसन सा रहा था। इसके लिये वे अपना घर परिवार भी भूल जाते थे। सन् १६५० के आसपास आचार्य पूज्य समन्तभद्र महाराज, जो उस समय क्षुल्लक थे, के विशेष आग्रहपर, उनके चातुर्मासके समय खुरईमे ३–४ माह रहकर गुरुकुलकी सेवामे सहयोग दिया। इस दौरान पिताजीने गुरुकुलके लिए लगभग ६०–७० हजार रुपयोका दान समाजसे प्राप्त किया।

यह तो हम पहले ही लिख आए हैं कि पिताजी नौकरीको त्यागकर अपने घरपर ही कार्य करने लगे थे। उनकी भीतरसे यह इच्छा थी कि जिस महापुरुष (पू वर्णीजी) ने उनके जीवनको बनाया है और आपत्तिके समय उनकी यहायता की है उस महात्माके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करनेके अभिप्रायसे उनके नामपर एक साहित्य सस्था खडी की जाये।

पिताजीको उसी समय इन्दौर आने का सुअवसर प्राप्त हो गया। पिताजीने अपने इस अभिप्रायको पू स्व श्री प देवकीनन्दनजीके सामने रखा। पिताजीके प्रस्तावको सुनकर उन्होने पूरा समर्थन दिया। साथही प्रारम्भिक अवस्थामे उसको आर्थिक सहायता पहुँचानेमे मदद की। इस प्रकार इन्दौरमे ही उनकी अध्यक्षतामे श्री गणेशप्रसाद वर्णी दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला की स्थापना हुई जो अब श्री गणेश वर्णी (शोध) सस्थानके रूपमे जानी जाती है। इस प्रकार कुछ काल इस सस्थाको पुष्ट करनेमे निकल गया।

चूँकि पिताजी ललितपुरके पासके रहनेवाले थे, अत उनकी काफी इच्छा थी कि इस प्रदेशके लिए कुछ करे। सन् १६४६ मे पू बडे वर्णीजीका चातुर्मास ललितपुरमे सम्पन्न हुआ था। उस समय पिताजी बीना आए हुए थे। पिताजी को विचार आया कि वर्णीजीके दर्शन करते हुए बनारस जाये। इसलिए एक झोला लेकर ललितपुर गए और क्षेत्रपाल तथा वर्णीजीके दर्शन किए। पिताजीको देखकर वर्णीजीने समाजसे कहा कि "अब इन्हे जाने नहीं देना। ये चले गए तो फिर लौटकर नहीं आयेगे।" अत पिताजीको वहीं पर ४–५ महीना रुकना पडा। इस दौरान अनेक सभाये आदि करके वर्णीजीके चातुर्मासके उपलक्ष्यमे एक शिक्षा सस्था खडी करनी है, ऐसा वातावरण बनाया। इस उद्देश्य से चदा एकत्रित करना प्रारभ किया। चार–पॉच महीने के श्रमसे लगभग एक लाख रुपया एकत्रित किया और अन्तमे समाजको सलाह दी कि ललितपुरमे कालेजकी बहुत कमी है, इसलिए वर्णीजीके नामपर कालेजकी स्थापना की जाये। इस कार्यके लिए क्षेत्रपालके भवनोको उपयोगमे लानेकी बात भी कही। काफी ऊहापोहके बाद श्री गणेश वर्णी इटर कॉलेजकी स्थापना की गयी।

उन्हीं दिनो भारतीय दर्शनोका अध्ययन करनेके लिए एक विदेशी विद्वान् (नाम याद नहीं) भारत आये हुए थे। इस निमित्त वे अनेक विश्वविद्यालयोमे गये और सभी दर्शनोका अध्ययन करके सामग्री एकत्रित की। वे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयमे भी आकर ठहरे। उनकी इच्छा थी कि बनारसमे सभी दर्शनोके विद्वान् सुलभ है, इसलिए इन सभी विद्वानोसे मिलकर सभी दर्शनोकी पृष्ठभूमिको समझा जाये।

उसी समय श्री पार्श्वनाथ विद्याश्रममे स्व डॉ गुलाबचन्द्रजी शोध कार्य करते थे। डॉ सा का उस विदेशी विद्वान्से सम्पर्क होनेपर उन्होने अपनी इच्छा डॉ सा को बतलायी और पूछा कि जैनदर्शनका ऐसा कौन विद्वान् है जिससे मिलकर जैनदर्शनकी पृष्ठभूमिको समझा जाये। परिणामस्वरूप डॉ सा पिताजीको आमत्रित कर उस विदेशी विद्वान्के पास ले गये। पिताजीकी उस विद्वान्से लम्बी चर्चा हुई। इस चर्चामे उस विद्वान्ने दो प्रश्न मुख्य रूपसे पूछे। एक तो यह कि जैन धर्मको माननेवाले सभी भाई अपने नाम के आगे जैन क्यो लिखते हैं ? पिताजीने उत्तर दिया कि अन्य धर्मावलम्बियोंमे मॉस मदिराके त्यागकी कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है जबकि जैन धर्मावलम्बियोमे इनके अनिवार्य त्यागकी व्यवस्था है। इसलिए प्रवासके समय यह जाननेके लिए कि मॉस–मदिराका त्यागी कौन भाई है, ताकि उसके साथ खाया–पिया जा सके यह जाननेके लिए, अपने नामके आगे जैन लगाते हैं। उस विद्वान्का दूसरा प्रश्न था कि 'सभी धर्मोमे हिसा, झूठ, चोरी आदि को निषिद्ध बतलाया है। जैन धर्ममे भी है। फिर ऐसी कौन–सी बात है जिससे कि जैनधर्म अन्य धर्मोसे अलग समझा जाये ?" इस प्रश्नको सुनकर पिताजी क्षणभर तो विचार करते रहे। उसी समय णमोकार मत्रका

स्मरण हो आया और उत्तर ध्यानमे आ गया। पिताजीने उत्तर दिया कि 'व्यक्ति स्वातन्त्र्य जैन धर्मका उद्देश्य है और स्वावलम्बन उसकी प्राप्तिका मार्ग है। ये दो बाते यदि अन्य किसी दर्शनमे मिल जाये तो हम उसे स्वीकार करनेके लिए तैयार हैं।' इसे सुनकर वह विद्वान् बहुत प्रसन्न हुआ और अपने उद्‌गार प्रगट करते हुए कहा "अन्य दर्शनोमे यह बाते नहीं पाई जाती। हम कहेगे कि इस धर्म का एक भी अनुगामी शेष रहे तो इस धर्मको जीवित रहना चाहिए। ससारको अलौकिकप्रकाश देनेवाला दर्शन यही है।"

श्री प रतनचन्द्रजी जो कि पिताजी के विद्यार्थी थे, अकलतरामे पढाते थे। उनकी यह तीव्र इच्छा थी कि पिताजी अकलतरासे प्रारम्भकर पूरे छत्तीसगढ प्रदेशमे भ्रमण करे। उनकी इच्छानुसार अकलतरा समाजके आमत्रणको पिताजीने स्वीकार कर लिया और छत्तीसगढ प्रदेशके दौरेपर गये।

इसी दौरेके सिलसिलेमे पिताजी राजिम नामक गाँव गये। वहॉ रात्रिके समय मे कुछ भाइयोके साथ बातचीत कर रहे थे कि एक भाई आये और दूसरे दिनके लिए पिताजीका आमत्रण कर गये। वह भाई दस्सा थे। वहॉ उपस्थित किसीने उनके यहॉ भोजनके लिए नही जाना चाहिए ऐसा नहीं कहा। अतएव पिताजीने उनके यहॉका निमत्रण स्वीकार कर लिया। दूसरे दिन भोजनके समय पिताजीको रोकनेका प्रयत्न किया गया। परन्तु रोकनेपर भी पिताजी भोजन करनेके लिए गए। कुछ भाइयो ने यह धमकी भी दी कि ऐसा करनेपर आपका चदा नही हो सकेगा। पिताजीने उनको यही उत्तर दिया कि वे खाली हाथ वापिस चले जायेगे परन्तु उस भाईका अपमान नहीं करेगे। इतना ही नहीं किन्तु उस भाईको मन्दिर प्रवेशका अधिकार दिलाकर ही वहॉसे जायेगे, ऐसा पिताजीने कहा। इस कार्यके लिए पिताजीको वहॉ दूसरी बार भी जाना पडा, परन्तु उस भाईको दर्शन पूजनका अधिकार दिलाकर ही पिताजी माने।

इसके बाद सन् १९५७–५८ मे श्री कानजी स्वामीको लेकर समाजमे सोनगढकी चर्चा चलने लगी। इसके लिए पू वर्णीजीके सानिध्यमे ईसरीमे एक विद्वत् सममेलन भी हो लिया था।

किन्तु उससे कुछ निष्कर्ष निकलता न देखकर पिताजीके मनमे इस विषयको लेकर एक स्वतन्त्र पुस्तक लिखनेका विचार आया। फलस्वरुप पिताजीने एक पुस्तक लिखी और प्रमुख विद्वानोको उसे दिखया। इसपर इन विद्वानोने सलाह दी कि विद्वत् परिषद्‌की ओरसे प्रमुख विद्वानोको आमत्रित किया जाये और वहॉ इसे पढकर इनपर विचार विनिमय किया जाये।

परिणामस्वरूप बीना समाजकी ओरसे विद्वत् परिषद्‌के द्वारा विद्वानोको आमत्रण भेजा गया। वहॉ इस पुस्तकपर सागोपाग चर्चा होकर, इस विषयमे एक प्रस्ताव पास किया। बादमे जैन तत्त्व–मीमासाके नामसे, कलकत्ता मुमुक्षु मडलकी सहायता मिलनेपर उसे प्रकाशित कर दिया गया।

इसी समय जैन पत्रोमे सोनगढ विरोधी चर्चा जोरोसे चल पडी। स्व श्री प मक्खनलालजीने अपने अखबार द्वारा चर्चाके लिए पिताजीको चैलेज भी दिया। पिताजीके पास कोई साप्ताहिक या मासिक अखबार तो था नहीं, इसलिए उनके पत्रके उत्तरमे पिताजीने उनको पत्र लिखा कि "जिस धर्म और आगमको आप मानते हो उसी धर्म और आगमको हम भी मानते हैं, इसलिए हमारे और आपके बीचमे बाद–विवाद तो हो नहीं सकता, किन्तु शका–समाधान अवश्य हो सकता है। यदि आप राजी हो तो आपके पत्र "जैन दर्शन" द्वारा ही चर्चा चलायी जा सकती है।" परन्तु उन्होने पत्र द्वारा सूचना दी कि वे अपने अखबारके द्वारा पिताजी के विचारोका प्रचार नहीं होने देगे। और इस प्रकार यह चर्चा न हो सकी।

इसके कुछ समय बाद ब्र लाडमलजीका एक मुद्रित पत्र मिला। जिसमे दोनो पक्षके विद्वानोको खानिया (जयपुर) मे तत्त्वचर्चाके लिए आमन्त्रित किया गया था। उस समय पिताजी कारजा गुरुकुलमे ठहरे हुए थे। इसलिए ब्र श्री प माणिकचन्दजी चवरेकी सलाहसे पिताजीने पत्रका उत्तर देते हुए चर्चाके कुछ नियम लिखकर भेजे और लिखा कि इन नियमोके आधारपर वे चर्चाके लिए तैयार है।

वहाँसे उत्तर आया कि, "श्री प जगन्मोहनलालजी शास्त्रीसे सभी बाते हो रही है। आपने जो नियम भेजे है उनपर यहाँ आनेपर विचार किया जायेगा।" पिताजीने कारजासे पुन लिखा कि "प जीसे जो भी चर्चा हुई है वह लिखिये और जबतक कि आपकी ओरसे उन नियमोको स्वीकार नहीं किया जायेगा, हम चर्चाके लिए नहीं आयेगे।'

इसके बाद उन्होने उन नियमोको कई विद्वानोके पास भेजा। उनमे प्रमुख स्व प श्री मक्खनलालजी और प वशीधरजी व्याकरणाचार्य, बीना थे। स्व प मक्खनलालजीका ब्र लाडमलजीके पास यह उत्तर आया "हमने नियम देख लिये है। उन्हे चर्चाके लिए बुला लिया जाये।" श्री प वशीधरजीका यह उत्तर आया 'नियमोसे कोई डर नहीं। उन्हे चर्चाके लिए बुला लिया जाये।"

ये दोनो उत्तर ब्र लाडमलजीने पिताजीको लिखकर भेज दिये तथा आनेके लिए आग्रह किया। उस समय पिताजी कारजासे डोगरगढ पहुँच गये थे। समय कम था। इसलिए तार द्वारा ब्र लाडमलजीके पास स्वीकृति भेज दी और दूसरे दिन चर्चा करने जयपुर चल दिये।

जयपुरमे ब्र लाडमलजीने जिस स्थानका पता दिया था उस स्थानपर पिताजी पहुँचे। यह एक मदिर था। मालिनसे मिलने पर ज्ञात हुआ कि यहाँ कोई नहीं आया है और चर्चा खानियामे होनी है, अत खानिया जाये। रातका समय था। क्या करे यह पिताजी नहीं समझ पाये। इतनेमे एक सरावगी भाई आ गये। उनसेभी पिताजीने चर्चा की। उन्होने पिताजीका नाम पूछा। नाम ज्ञात होनेपर वे बोले, "यहाँ मालूम हुआ था कि चर्चाके लिए आप नहीं आ रहे हैं। इसलिए सबके पास तारसे सूचना भेजी गयी है कि प फूलचन्द्रजी चर्चाके लिए नहीं आ रहे है इसलिए कोई न आये बादमे पुन तार देकर सबको बुलाया गया है। यह पूछनेपर कि खानिया कितनी दूर है, तब उन्होने बताया कि वह जगल मे है तथा रातको नहीं पहुँचा जा सकता। पिताजी असमजसमे पड गये। काफी विचार करनेके बाद पिताजीने उनसे कहा कि स्व श्री प चैनसुखदासजी जहाँ रहते हैं वहाँ रिक्शासे पहुँचवा दिजिए। तब उन्होने बताया कि पडितजी पासमे ही रहते है, रिक्शेकी क्या जरूरत है। मालिनसे वे बोले कि इनको प जीके यहाँ पहुँचा आओ, आठ आने पैसे देगे। मालिनके तैयार न होनेपर वे स्वय ही पिताजीको प जीके निवास स्थानपर पहुँचा आये।

प्रात काल यह बात फैल गई कि प फूलचन्द्रजी चर्चाके लिए आ गये हैं। इसलिए श्रीयुत नेमीचन्द्रजी पाटनी, पिताजीके पास आये और बोले कि सोनगढसे उनके पास पत्र आया है कि वे स्वय चर्चामे भाग न ले और कुछ दिनोके लिए जयपुरसे अन्यत्र चले जाये। यह सुनकर पिताजीने पाटनीजीसे कहा कि "यदि ऐसी बात है तो चर्चामे आप हमारे साथ न रहे। हम तो इन विद्वानोके मध्यमे ही रहते हैं, अत हमे उनके साथ चर्चा करना आवश्यक है।"

फलस्वरुप उन्होने पिताजीका साथ देना निश्चित कर लिया। श्री मन्दिरजीमे दर्शन करनेकी चर्चा चलने पर पिताजीने पाटनीजीसे कहा कि वे उस मन्दिरमे जाना चाहते हैं जहाँ स्व श्री प टोडरमलजी बैठते थे और शास्त्रोकी टीका लिखा करते थे। यह सुनकर पाटनीजीने बताया कि प्रतिदिन वे स्वय भी वहीं जाते

हैं, अत आप भी चले, यह बहुत अच्छी बात है। अन्तमे वे दोनो उस मन्दिरमे गये और श्री जीके दर्शन किये और उस स्थानकी रज अपने मस्तकपर चढायी जहाँ पर स्व श्री प टोडरमलजी बैठकर काम करते थे। परोक्षमे यह निवेदन भी किया "हम आपके नगरमे आये है। आपका बल मिलनेपर ही हमे इस कार्यमे सफलता मिलेगी।" बादमे प्रवचन करके पिताजी जहाँ ठहरे थे वहाँ चले आये। जहाँ तक पिताजीको याद है उस दिनका भोजन तो पिताजीने स्व श्री प चैनसुखलालजीके साथ ही किया, बादमे पाटनीजीके साथ पिताजी उनके निवास स्थानपर चले गये और जयपुर खानिया तत्त्व चर्चाके अन्त तक पिताजी वहीं रुके रहे। पाटनीजीके बहनोईने इस कार्यमे अच्छा योगदान किया।

दूसरे दिन २१–१०–१९६३ को वे दोनो मिलकर खानियाजी चले गये। वहाँ भगवानके दर्शन करनेके बाद स्व श्री प वशीधरजी, इन्दौर और स्व श्री जीवधरजी, इन्दौर मिले। वे वहाँ आ चुके थे। ब्र श्री लाडमलजीने बताया कि यद्यपि चर्चा आजसे शुरु होनी थी, परन्तु स्व श्री प मक्खनलालजीने कहा है कि आज सब विद्वान् नहीं आ सके है, इसलिए कलसे चर्चा प्रारम्भ की जाये।

दूसरे दिन पुन वे दोनो खानियाजी गये। उस दिन वहाँपर बहुतसे भाई आ गये थे। आ श्री शिवसागरजी भी ससघ वहाँ विराजमान थे। मगलाचरण होनेके बाद उन्हींके समक्ष सर्वप्रथम पिताजीने खडे होकर बतलाया कि "ब्र लाडमलजीका जो पत्र मिला है उसके आधारसे हम चर्चा करनेके लिए आये है। ब्र लाडमलजीने अपने पत्रमे लिखा है कि श्री प मक्खनलालजीने चर्चाके लिए आपके नियम स्वीकार कर लिए है इसलिए आप चर्चाके लिए आये।"

इस पर स्व श्री प मक्खनलालजी खडे हो गये और बोले कि अपने पत्रमे हमने नियमोकी स्वीकृति कहाँ दी है ? तब पिताजीने ब्र लाडमलजीसे कहा कि "आपने तो मुझे ऐसा ही लिखा है, फिर ये क्या कहते है", यह सुनकर ब्र लाडमलजी गये और श्री प मक्खनलालजीका वह पत्र उठा लाये और उसे सभामे पढकर सुनाया।

पत्र सुननेके बाद स्व श्री प मक्खनलालजी बोले 'अनेकान्त है। अच्छा चलिये नियमोको लिख लिया जाये।" और इस प्रकार आसानीसे तत्त्वचर्चाके नियम लिखे गये।

इसके बाद मध्यस्थ किसे बनाया जाये यह प्रश्न आया। पिताजी तुरन्त खडे हुए और स्व श्री प चैनसुखदासजीका नाम प्रस्तावित कर दिया। यह सुनकर स्व श्री प इन्द्रलालजी शास्त्री बिगड पडे और उल्टी सीधी बाते करने लगे। यह सब चलते हुए काफी समय हो गया था, इसलिए दूसरे दिनके लिए सभा स्थगित कर दी गयी।

दूसरे दिन पिताजीसे पुन पूछा गया कि मध्यस्थ किसे बनाना स्वीकार करेगे। पिताजीने पुन अपना निश्चय दुहरा दिया। इसके बाद दोनो पक्षके विद्वानोने मिलकर विचार–विमर्श किया और श्री प वशीधरजी न्यायालकारको मध्यस्थके रूपमे स्वीकार कर लिया। इसके बाद प मक्खनलालजीने छ प्रश्न उत्तरके लिए रखे और प पन्नालालजी साहित्याचार्यने उन्हे लिखकर पिताजीको दिया। किन्तु उस पर किसीके हस्ताक्षर न देखकर पिताजीने उन्हे वापिस लौटा दिया। बादमे चर्चा होकर प मक्खनलालजीके हस्ताक्षर करा दिये गये और मध्यस्थके मार्फत पिताजीको सौंप दिया। साथ ही दोनो पक्षके विद्वानोने अपने–अपने प्रतिनिधि चुने। विपक्षसे स्व श्री प माणिकचन्द्रजी न्यायाचार्य, स्व श्री प मक्खनलालजी न्यायालकार, स्व श्री प जीवधर

जी न्यायतीर्थ, श्री प पन्नालालजी साहित्याचार्य और श्री प वशीधरजी व्याकरणाचार्य चुने गये। पिताजी को ओरसे श्री प जगन्मोहनलालजी शास्त्री तथा श्री प नेमीचन्द्रजी पाटनी प्रतिनिधि बने।

अगले दिन पिताजीकी ओरसे श्री प जगन्मोहनलालजीने उत्तर पढे और दूसरे पक्षसे जो प्रश्न मिले उन्हे उत्तरके लिए स्वीकार कर लिया। इसके अगले दिन दूसरे पक्षके विद्वानोकी ओरसे यह कहा गया कि "पहले दिन जो छह प्रश्न उपस्थित किये गये थे वे किसी पक्षकी ओरसे न होकर साधारण थे। उसपर प फूलचन्द्रजीके पक्षने जो लिखा है वह पूर्वपक्ष कहलाया और इस पक्षकी ओरसे जो उत्तर लिखा गया है, यह उत्तर पक्ष कहलाया।" इस पर पिताजीने दूसरे पक्षसे यह कहा कि, "उन प्रश्नोको देखा जाये कि वे साधारण हैं या किसी पक्षकी तरफसे आये हे।' तब मध्यस्थने उस दिनके कागजको देखा। उसपर दूसरे पक्षके प्रमुख विद्वान् श्री प मक्खनलालजीके हस्ताक्षर थे। इसलिए दूसरे पक्षके विद्वानोको अपना प्रस्ताव वापिस लेना पडा और 'उत्तर' के स्थान पर 'प्रतिशका' यह शब्द लिखना पडा। तत्पश्चात् यह क्रम दो दौर तक चलता रहा।

चर्चाके सातवे या आठवे दिन एक सुन्दर घटना घटी – स्व प माणिकचन्द्रजी न्यायाचार्य और स्व प वशीधरजी न्यायालकार चर्चाके स्थलपर पहुँच गये। अन्य कोई विद्वान् नहीं पहुँचे थे उसी समय पिताजी वहॉ पहुँचे। पहुँचकर उन दोनो विद्वानोको प्रणाम किया। पिताजीको देखकर स्व प माणिकचन्द्रजीबोले– 'प जी, आपने अपने निबन्धो द्वारा अपूर्व प्रमेय उपस्थित किया है।" यह सुनकर पिताजी बोले "गुरूजी आपने हमे जैसा पढाया है वैसा हमने लिख दिया है।" इसपर न्यायाचार्यजीने कहा "पडितजी आज भी आप हमे उसी रूपमे मानते हो तो यह मानकर चलना कि यह प फूलचन्द्र नहीं बल्कि प माणिकचन्द्र लिख रहा है।" जबकि प माणिकचन्द्रजी न्यायाचार्य दूसरे पक्षके प्रतिनिधि थे, फिर भी पिताजी द्वारा लिखे गये निबन्धोको सुनकर अपना आन्तरिक अभिप्राय व्यक्त किया।

तीसरा दौर अपनी–अपनी जगहसे डाक द्वारा भेजनेका निश्चय किया गया। इसके बाद पिताजीकी ऑखो मे मोतियाबिन्द हो गया। इस कारण लिखना–पढना बन्द हो गया और जीवन निर्वाहकी समस्या पुन उपस्थित हो गयी। सौभाग्यसे स्व श्री भाई वशीधरजी शास्त्री, एम ए, से भेट हो गई। वे उदार प्रकृति के विद्वान् थे अत उनके परामर्शसे भाद्रपदमे पिताजीको कलकत्ता बुलाया जाने लगा और इस प्रकार यह समस्या अशत हल हो गयी।

इन्हीं दिनो पिताजी स्व साहू शान्तिप्रसादजी के सम्पर्कमे आये और उनकी इच्छाको ख्यालमे रखकर पिताजीने "वर्ण, जाति और धर्म' पुस्तक लिखी जो भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित हुई।

एक बार पिताजी स्वर्गीय साहूजी से मिलने गये। उस समय साहूजीने यह इच्छा व्यक्त की कि आप कलकत्तामे रहने लगो और आपकी सारी व्यवस्था हो जायेगी।' पिताजीने उत्तर दिया कि "शामके वक्त पक्षी अपने हिसाबसे बसेरा करता है और सुबह उड जाता है।" यह सुनकर साहूजी चुप हो गये।

फिर भी उन्होने अपने इस प्रस्तावको नहीं छोडा। इस बारेमे उनका एक पत्र भी पिताजीके पास आया। उस पत्रको पढकर पिताजी असमजसमे पड गये। यह बात किसी तरह लाला जगतप्रसादजीको मालूम हो गयी। वे स्वय तो नहीं आये पर एक व्यक्तिसे कहला भेजा कि "हमतो साहूजीकी सर्विस मे है, इसलिए लिख नहीं सकते। परन्तु अभी तो आप जब सभामे उपस्थित होते हो, तो आप फटी टोपी और कुर्तेमे

अच्छे लगते हो। वहाँ जानेपर दो कौडीकी इज्जत रह जायेगी।" यह सन्देश मिलने पर पिताजीने कलकत्ता जानेका अपना विचार त्याग दिया।

दूसरी बार पुन स्व साहू सा से भेट होनेपर साहूजी बोले, "हम आफिस जा रहे हैं। उसी गाडीमे आप हमारे साथ चलना। उस समय पिताजीकी आँखोमें मोतियाबिन्द जोरो पर था। यह बात साहूजीको मालूम भी थी इसलिए गाडीमे साहूजी बोले, आपका काम कैसे चलता है। इसपर पिताजीने कहा--बहते हुए पानीके सामने पत्थर आ जानेपर वह रास्ता बना लेता है।" साहूजी यह सुनकर चुप रहे और पिताजीको जहॉ वे ठहरे थे वहॉ भेज दिया।

इन्हीं दिनोके आस–पास श्वेताम्बर समाजने साहित्य का इतिहास लिखनेका निर्णय लिया। यह देखकर दिगम्बरोमे भी यह सवाल उठ खडा हुआ। पर दिगम्बर तो पक्के दिगम्बर हैं। उनकी कोई विधिवत् योजना नहीं बनती और बन भी जाये तो समाजका सहयोग मिलता नहीं। अत श्री वर्णी ग्रन्थमालाकी बैठकके समय श्री प जगन्मोहनलालजीने यह प्रश्न उपस्थित किया कि 'दिगम्बर समाजमे जितनी भी साहित्यिक सस्थाये है वे इस ओर ध्यान देना नहीं चाहती। वर्णी ग्रन्थमालाका भी यही हाल है। इस बातको सुनकर सदस्योमे चिन्ता पैदा हो गयी। अन्तमे पिताजीने समितिकी ओरसे यह कह दिया कि इसकी व्यवस्था की जायेगी। फलस्वरूप मुद्रित सर्वार्थसिद्धिको भारतीय ज्ञानपीठको सौप दिया गया और उसपर श्री वर्णी ग्रन्थमालाका जितना व्यय हुआ था वह ज्ञानपीठसे प्राप्त करके इस कार्यको आगे बढाया गया। श्री प कैलाशचन्द्रजीने इस योजनाके अन्तर्गत "जैन साहित्यका इतिहास" पर तीन पुस्तके लिखीं और प्रकाशित की गई।

छत्तीसगढके दौरेके समय डोगरगढ वाले दानवीर सेठ भागचन्दजी से पिताजीका परिचय हो गया था। इस कारण पिताजीकी बडी पुत्री चि शान्तिकी डाक्टरी शिक्षामे सेठ सा का सहयोग मिलता रहा। इसलिए कई बार पिताजीको डोगरगढ जानेका अवसर भी मिला। इस दौरान पिताजी व सेठ सा मे स्नेह उत्तरोत्तर प्रगाढ होता गया।

मथुरा सघको जयधवलाके प्रकाशनमे अर्थकी आवश्यकता थी। तब पिताजी व प भैयालालजी भजनसागर की सलाह पर सेठ साहब ने मथुरा सघके कुण्डलपुरके अधिवेशनकी अध्यक्षता स्वीकार कर ली और वहॉ पर जयधवलाके प्रकाशन हेतु ग्यारह हजार रुपये दिये थे। पिताजीकी सलाहपर ही उन्होने श्री प्रकाशचन्दजीको गोद लिया था। इसके बाद किसी कारणवश उनका स्वर्गवास हो गया। फिर भी सेठानी श्रीमती नर्मदा बाईसे पिताजीका सम्पर्क बना रहा।

पिताजी की इच्छा थी कि श्री गणेश वर्णी ग्रन्थमालाका विकास किया जाये और उसमे शोधकी व्यवस्था की जाये। इसलिए उसका नाम बदलकर श्री गणेश वर्णी शोध सस्थान रखा जाये। इसके लिए श्री वर्णी ग्रन्थमालाकी बैठकमे यह प्रस्ताव पास किया गया और उसके अनुसार नियमावली बनायी गयी जो कुन्डलपुरमे हुई ग्रन्थमालाकी प्रबन्ध समितिकी बैठकमे स्वीकार की गयी और उसी प्रबन्ध समितिको श्री वर्णी शोध सस्थानकी प्रबन्ध समितिमे बदल दिया गया। किन्तु इस सस्थाका का कोई स्वतन्त्र भवन न होनेसे बहन सेठानी नर्मदा बाईके सामने पिताजीने ये प्रस्ताव रखा कि वे इसके लिए एक भवन बनवा दे। इस प्रस्तावको सेठानी सा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। फलस्वरूप सस्थाको अपना एक भवन मिल गया।

सोनगढ पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठाके समय एक विद्वत् – सम्मेलन आमन्त्रित किया गया था। पिताजी उसके अध्यक्ष थे। पहले दिनकी कार्यवाही सम्पन्न करते समय विद्वानोके सामने तीर्थोकी सुरक्षा कैसे हो यह सवाल मुख्य था। वक्ताओके व्याख्यानके बाद पिताजीने समाजका वर्तमान चित्र उपस्थित करते हुए कहा–

जो पहले पैदल यात्रा करते थे, अब वे पैदल न चलकर साईकिल या स्कूटरसे यात्रा करने लगे हैं, जो पहले साइकिल या स्कूटरसे आते–जाते थे वे अब मोटरकार से आने–जाने लगे हैं। जो पहले मिट्टीके कच्चे मकानमे रहते थे वे अब पक्के मकानमे रहने लगे हैं। जो पहले पक्के मकानमे रहते थे उनके लिए अब हवेली भी कम पडने लगी है। तो क्या जितना हम कमाते हे वह सब भोगके लिए ही होना है या धर्मके लिए भी उसमेसे कुछ भाग रहना है। इस पर श्रोता समाज स्वय ही विचार करे।

पिताजीका इतना कहना था कि समाजमे स्वेच्छासे तीर्थ रक्षाके लिए दान लिखाया जाने लगा। श्री पूर्ण चन्दजी गोदीका का तो इस मगल कार्यके लिए एक लाख रुपया अन्तरिक्ष पार्श्वनाथमे पचकल्याणक प्रतिष्ठाके समय ही जाहिर हो गया था। इसके अतिरिक्त साठ–सत्तर हजार और दानमे लिखाये गये। तीर्थ सुरक्षा कोषका यह श्री गणेश था। उसके बाद आ बाबूभाईकी अध्यक्षता और उनके निर्देशनमे उस कोषकी उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई। कहते है कि इस कोषमे इस समय तक एक करोड रुपयोसे अधिक रुपया लिखाया जा चुका है, वसूली भी पर्याप्त हो गई है। अभी तक उससे तीर्थ–रक्षाके अनेक काम सम्पन्न किए जा चुके है।

सन् १९७९ मे प० जी के एकमात्र पुत्र डा० अशोक की व्याख्याता पद पर नियुक्ति हो जाने से वे रुडकी चले आये थे। १९८० मे मेरा और अशोकजी का विवाह सपन्न हुआ। उसके बाद से गर्मी की छुट्टियो मे हम दोनो बनारस चले जाते थे। कभी–कभी अन्य छुट्टियॉ भी वहीं व्यतीत करते थे। उस समय अम्मा–पिताजी रवीन्द्रपुरी स्थित एक किराये के मकान मे रहते थे। यह फ्लैट पचायती अखाडे का था, और सन्मति जैन निकेतन, नरिया की स्थिति खराब होने पर पिताजी यहॉ आकर बस गये थे। सन् १९७२ से ही पिताजी को एक विचित्र से चर्म रोग ने घेर लिया था। प्रारभ मे तो इसकी तीव्रता बहुत रही। शरीर की चमडी परत–दर–परत उखड कर गिरती रहती थी। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय मे काफी बडा अस्पताल है। वहॉ के विशेषज्ञो से काफी दिनो तक इलाज करवाया गया, परन्तु स्थायी लाभ नहीं होता था। फिर इलाज के लिए बबई, इन्दौर, दिल्ली के डॉक्टरो को भी दिखाया गया। घर पर आयुर्वेदिक तथा प्राकृतिक उपचार तो चलते ही रहते थे। इन सबके कारण पिताजी कमजोर तो हो ही गये थे। परन्तु अपने काम मे हमेशा जुटे रहते थे। यदि कोई पूछता कि प० जी अब आपकी बीमारी कैसी है? तो एक ही उत्तर मिलता था कि पहले से बहुत कम है। इतना कष्ट होते रहने पर भी कभी उनके चेहरे पर कोई कष्ट की रेखा नहीं दिखाई देती थी।

इसके साथ ही एक दूसरी समस्या ने जन्म ले लिया था। वह था अम्माजी की ऑखो का खराब होते जाना। काशी विश्वविद्यालय के डाक्टर बडे प्रसिद्ध थे। एक वर्ष तक इलाज करते रहने के बाद भी ऑख की रोशनी खराब होती गई। फिर अचानक एक दिन डाक्टर ने घोषणा की कि इनका रेटिना टूट गया है, तुरन्त सीतापुर ले जाओ। यह सन् १९७७–७८ की बात है। अशोक जी अकेले ही अम्मा को लेकर सीतापुर इलाज के लिये चले गये। वहॉ ऑपरेशन आदि करवाने मे लगभग एक महीना लग गया। अम्मा का शरीर नाजुक तथा कमजोरी की तरफ ही रहता था। ऑपरेशन तो ठीक हो गया, परन्तु बेहोशी की दवा का असर

अम्मा सहन नहीं कर पाती थी। वे उठ–उठ कर बैठ जाती थीं जबकि उनको हिलना–डुलना भी मना था। किसी प्रकार से जब शान्त हुई तो आँख खोली गई। थोड़ी रोशनी आ गई थी। डाक्टर ने कहा कि अब रोशनी धीरे–धीरे आयेगी, आप घर जाये तथा रोयें नहीं। परन्तु अम्मा को बार–बार रोना आता रहता था। इससे जो रोशनी आयी थी उसमे विशेष बढोत्तरी नहीं हुई। रेटिना फिर से अपनी जगह से हिलने लगा था। अत अम्मा को दिल्ली, तथा अलीगढ भी इलाज के लिये ले जाया गया। परन्तु डाक्टरो ने एक ही जवाब दिया कि अब कुछ नहीं किया जा सकता है। इन सारी परिस्थितियो से घर की व्यवस्था डगमगा गयी।

१९८० मे विवाह के बाद तय हुआ कि अम्मा को रुडकी ले चले। पिताजी रुडकी चलने को तैयार नहीं होते थे। कहते थे हम वहाँ क्या करेगे। बात भी सही थी। बनारस मे उनका लेखन कार्य नियमित रूप से जारी था। उनका समय आसानी से व्यतीत हो जाता था। अम्मा रुड़की आयी जरूर पर यहॉ का परिवेश उनको बिल्कुल पसद नहीं आया। छोटा घर, उसी मे तीन प्राणी। पूजा–पाठ की व्यवस्था नहीं। ठीक से दिखाई नहीं देने के कारण कहीं आ–जा भी नहीं सकती थी। अत उन्होने बनारस वापिस लौटने की जिद पकड ली। पिताजी भी अकेले थे। उनकी देख–भाल अम्मा ही करती थी।

इस बीच हमारे ऊपर मुख्यतया दो स्थानो से काफी दबाव आया। एक तो इन्दौर से दूसरे कारजा से। कारजा गुरुकुल मे सारी व्यवस्थाये हैं, तथा पूज्य प० धन्यकुमारजी भोरे पिताजी को अपना गुरु मानते है। इन्दौर मे भी एक उदासीनाश्रम है, सर सेठ हुकुम चन्द जी के द्वारा स्थापित। प० हीरालाल जी गगवाल, श्री रतनलाल जी पाटनी, श्री पॉड्या जी आदि ने पिताजी को इन्दौर मे रहने के लिए मना लिया। इन्दौर जाने का निर्णय इसलिये भी लिया गया कि कि रुडकी से इन्दौर कम समय मे पहुँचा जा सकता था। कारजा की समाज अभी तक इस बात को लेकर बहुत शिकायत करती है कि प० जी उनके पास आकर नहीं रहे तथा उन्हे सेवा का अवसर नहीं मिला। इस प्रकार पिताजी कुछ वर्ष इन्दौर मे रहे। बीच मे एक–दो बार रुडकी आकर भी रहते थे। या फिर हम सभी इन्दौर चले जाते थे। इन सबके बीच उनका लेखन का क्रम जारी रहा। अनेक पुस्तके आयीं। जयधवला का १६वॉ तथा अन्तिम भाग पूरा हुआ।

अवस्था बढने के साथ ही हमने आग्रह किया कि आप लोग रुडकी मे ही रहो। अन्तत अम्मा–पिताजी इन्दौर छोडकर १९८५ के प्रारभ मे ही रुडकी आ गये। यहॉ पर लगभग एक वर्ष रहने के बाद अचानक एक दिन पिताजी बोले कि हम हस्तिनापुर देख कर आते हैं। जब लौटे तो बोले कि हम दोनो हस्तिनापुर मे रहेगे। वहॉ भी गुरुकुल है, सब व्यवस्था हो जायेगी। अम्मा तो बहुत प्रसन्न हुई, क्योकि रोज मन्दिर दर्शन की व्यवस्था हो जायेगी। हम लोग अम्मा–पिताजी को हस्तिनापुर छोडने भी गये तथा वहॉ जो भी व्यवस्था हो सकती थी, करके आये। रुडकी से हस्तिनापुर तीन–चार घटे मे पहुँचा जा सकता है। अत हमारा हस्तिनापुर आना–जाना शुरु हो गया। इस बीच हम लोग १९८७–८८ मे एक वर्ष अमेरिका प्रवास करके आये। यद्यपि वहाँ और रुकने का आमत्रण था, परन्तु हमने वापिस आने का ही निर्णय लिया। फिर सन् १९९० की गर्मियो मे अम्मा को दिल का दौरा पडने पर दोनो को रुडकी ले आये। यही निश्चय हुआ कि अब वापिस नहीं जायेगे। हालाकि अम्मा अन्त तक हस्तिनापुर जाने की जिद करती रही। तीर्थ क्षेत्र होने से उन्हे वहाँ बहुत अच्छा लगता था।

सन् १९९१ की जनवरी मे ३० तारीख को पुन दिल का दौरा पडने से अम्मा का देहान्त हो गया। इसके सात महीने बाद ही पिताजी ने भी ३१ अगस्त को देह त्याग दी। देहान्त के लगभग १५–२० दिन पहले पिताजी अर्धचेतन अवस्था मे चले गये थे। आँखे खोलते थे। सुनते भी थे। पर कुछ कह नहीं पाते थे। जनवरी से लेकर अगस्त तक मिलने वालो का सिलसिला चलता रहा। लगभग सभी विद्वान व प्रियजन उनसे मिलकर गये। उनके जाते ही हमे यह प्रतीत होने लगा कि हम बच्चे नहीं रह गये। एक युग का अन्त हो गया है। समय बडी तेजी से व्यतीत होता है। जैसे–जैसे हमारी परिपक्वता एव समझ बढती है, यह सोच कर भी आश्चर्य होता है कि ऐसा भी व्यक्ति था, जिसने बिना किसी आलबन/आडम्बर के इतना कार्य किया। जैन दर्शन का हार्द तो उनके रोम–रोम मे बसा था। कितनी ही घटनाये तथा अनुभव ऐसे हैं जिन्हे समय मिलने पर विस्तृत रूप मे लिखा जाये तो एक नयी पुस्तक बन सकती है। उचित अवसर आने पर ऐसा करने का मौका मिलेगा ऐसा विश्वास है। पूज्य पिताजी तथा पूज्यनीया अम्माजी को नमन करते हुये मैं यहीं पर विराम लेती हूँ।

श्रीमती नीरजा जैन, एम एस सी
रुडकी

फूलचन्द्रसमः कश्चिन न भूतो न भविष्यति

व्याप्त. सर्वत्र भूमौ शशधरधवल. शम्भुहासापहासी
कीर्तिस्तोमो यदीयो जनयति नितरा क्षीरपाथोधिशङ्काम्।
यस्मिन सम्मग्नकाया अमरपतिगजो दिग्गजाश्चन्द्रतारा
जाता सर्वाङ्गशुभ्रा· स जयति सतत फूलचन्द्रो बुधेन्द्र·।।

-अमृतलाल·

मै अपने को इस दृष्टि से सौभाग्यशाली समझता हूँ कि प्रतिभाशाली श्रद्धेय पडित प्रवर श्रीमान सिद्धाताचार्य फूलचन्द्र शास्त्री जी का परिचय मैने बाल्यकाल मे ही प्राप्त कर लिया था और इस लिए भी कि मै उनकी गोद मे खेला हूँ।

सन् १९१७ मे स्वनाम धन्य श्रीमान् शिक्षानुरागी सेठ लक्ष्मीचन्द्र जी बमराना ने साढूमल (ललितपुर) मे अपने भवन के, जिसमे आपके मझले भाई श्रीमान सेठ चन्द्रभान जी भी रहते थे, सामने एक भव्य भवन बनवाकर उसमे 'श्रीमहावीर दिगम्बर जैन पाठशाला' खोली थी। सेठ जी चाहते थे कि योग्य छात्रो को तैयार करने के लिए योग्यतम उद्‌भट विद्वानो की नियुक्ति करूँ।

सर सेठ हुकमचन्द्र जी इन्दौर के महाविद्यालय मे श्रद्धेय श्रीमान् प्रतिभाशाली पडित घनश्यामदास जी न्यायतीर्थ प्रधानाध्यापक थे। कारणवश त्यागपत्र देकर वे वहाँ से अपने घर (महरौनी) आकर कपडे की दुकान खोलने की योजना बना रहे थे। पता लगने पर सेठ लक्ष्मीचन्द्र ने आग्रहपूर्वक बुलाकर उन्हे अपनी पाठशाला मे प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्त किया। व्याकरण–साहित्य अध्यापक के पद पर प्रौढ विद्वान् श्री शम्भूनाथ जी त्रिपाठी को नियुक्त किया और अग्रेजी अध्यापक के पद पर बाबू ठाकुरदास जी बी ए को, जिन्होने प्रधानाध्यापक से उन्हीं के घर जाकर धर्मशास्त्र और न्यायशास्त्र का अध्ययन किया था। पश्चात् धर्मालकार प पन्नालाल जी काव्यतीर्थ को सुपरिन्टेण्डेण्ट बनाया गया, जो छात्रो की देखरेख के साथ उन्हे पढाते भी थे।

फिर सेठ जी ने प्रतिभाशाली छात्रो को खोज कर बुलाया। सर्वश्री फूलचन्द्र जी का पता चलने पर आप (सेठजी) स्वय उन्हे उनके घर (सिलावन, ललितपुर) बुलाने गये थे। थोडे ही समय मे बीस छात्र इकट्ठे हो गए। फिर शुभ मुहूर्त में यथाविधि अध्यापन चालू हो गया।

प्रथम ग्रुप के कुछ छात्रो के नाम इस प्रकार हैं सर्व श्री फूलचन्द्र, हीरालाल, किशोरीलाल, करोडीलाल, काशीराम आदि। खेद है कि ये सभी स्वर्गवासी हो चुके हैं।

प्रधानाध्यापक श्रद्धेय पडित घनश्यामदास जी मेरे मौसा थे। अपनी जन्म भूमि बमराना से मैं उनके पास आता–जाता रहता था। वहीं पर फूलचन्द्र जी से परिचय हो गया था। आपका स्वभाव अत्यन्त मधुर था। इसलिए जब भी वहाँ जाता था, आप ही के पास बैठा करता था। बच्चे स्नेह के भूखे होते हैं। आपके सिवाय अन्य किसी छात्र से मेरा परिचय नहीं हो सका था। विद्यालय खुलते समय प्रार्थना के बाद छात्रो की हाजिरी ली जाती थी। प्रतिदिन सुनने मे कुछ नाम याद रह गये, जो ऊपर लिखे जा चुके हैं।

पढाते समय प्राचार्य बीच–बीच में छात्रो से पूछा करते थे–बोलो क्या समझे। फूलचन्द्र जी तुरन्त उत्तर दे देते थे, इस कारण वे आपसे बहुत अधिक प्रसन्न रहते थे। आपके सहपाठी हीरालाल जी सदा दूसरे

नम्बर पर रहते थे। परीक्षाओ, भाषण प्रतियोगिताओ और खेल प्रतियोगिताओ मे भी फूलचन्द्र जी ही सर्वप्रथम रहते थे। आप कुशाग्रबुद्धि थे, अपना पाठ आनन–फानन मे तैयार करके अन्य छात्रो को प्रतिदिन बौद्धिक सहयोग देते रहे। फलत प्राचार्य आपको अपने बेटे की तरह मानते रहे। प्राचार्य के बेटा नहीं, केवल एक बेटी थी–दयाबाई।

लगभग पॉच वर्ष पढकर फूलचन्द्र जी मोरेना चले गये। वहॉ न्यायालकार पडित वशीधर जी तथा व्याख्यानवाचस्पति प देवकी नन्दन जी आदि अनेक उद्‌भट विद्वान् अध्यापक थे। उन्हीं से आपने अध्ययन किया। धर्मशास्त्र आपको अत्यन्त प्रिय था। प वशीधर जी से आप कर्मकाण्ड पढते थे। आपके अध्ययन से वे (वशीधर जी) बहुत प्रसन्न थे। वे कहा करते थे कि मेरे विषय मे फूलचन्द्र विशेषज्ञ होगे।

कारणवश प वशीधर जी, देवकीनन्दनजी और बुन्देलखण्ड के सभी छात्र जबलपुर चले गये। वहॉ शिक्षा मन्दिर मे अध्ययन–अध्यापन चालू हो गया। मोरेना की भॉंति यहॉ पर भी फूलचन्द्र जी ने एक वर्ष अध्ययन किया। फिर घर चले आये। फिर घर से स्याद्वाद महाविद्यालय, काशी मे धर्माध्यापक पद पर नियुक्त किये गये, साथ ही हिन्दू विश्वविद्यालय में भी सप्ताह मे एक दिन धर्म पढाने के लिए नियुक्त हुए।

स्याद्वाद महाविद्यालय मे आपसे पडित वशीधर जी व्याकरणाचार्य और प बालचन्द्र जी सिद्धात शास्त्री ने भी धर्मशास्त्र का अध्ययन किया था। उस समय आप दोनो वहाँ छात्र थे।

सन् १९३३ मे मैं जैन महाविद्यालय, मोरेना मे पढता था। वहॉ के अध्यापक श्री नाथूलालजी शास्त्री कटारिया ने एक दिन किसी प्रसग से कहा था कि प फूलचन्द्र जी सिद्धात शास्त्री यहाँ पर अध्ययन करते थे। उनकी बुद्धि बहुत तीव्र थी, वे अपनी कक्षा मे प्रथम रहते थे। उन्हे बुखार बहुत आता था, अत छात्र उन्हे 'बुखारिया जी' शब्द से सम्बोधित करते थे।

प फूलचन्द्र जी बहुत परोपकारी थे। स्याद्वाद महाविद्यालय से पढकर जो छात्र निकलते थे, उन्हे आप अपने यहॉ वर्णी ग्रन्थमाला मे नियुक्त कर लेते थे। यह विशेष बात थी कि वे जिन्हे नियुक्त करते थे वे थोडे ही समय मे किसी अच्छे पद पर नियुक्ति पा लेते थे।

सिद्धान्ताचार्य पडित जी अत्यन्त व्यस्त रहते थे फिर भी पी एच डी करने वालो को भारी सहयोग देते थे और उन्हे उससे सम्बद्ध ग्रन्थ भी पढा देते थे। पडित जी के पास दूर–दूर से स्वाध्याय प्रेमी आगम पढने आया करते थे। उन्हे पढाते थे और अपने घर मे ही भोजन कराते थे। आप की पत्नी गृह कार्य मे दक्ष थीं, इससे कोई कठिनाई नहीं होती थी।

स्याद्वाद महाविद्यालय के छात्र आपको पिता की भॉति मानते थे। मैट्रिक पास होने पर वे आपकी सलाह से ही कॉलेज के विषयो का चयन करते थे। स्याद्वाद महाविद्यालय के छात्र आपको ही अपना असली गुरु मानते रहे। इसी कारण वहाँ की प्रत्येक पाक्षिक सभा मे आप आमन्त्रित किये जाते थे। वहॉ के छात्र परीक्षा के समय अपने कोर्स के ग्रन्थो को आपके घर आकर पढ जाते थे। ऐसा प्रतिवर्ष होता रहा।

आपके कुछ विद्वान् मित्र ग्रन्थो का अनुवाद करके आपके पास भेज देते थे। उन्हे देखकर यत्र–तत्र–सर्वत्र असगतियॉ देखकर पूरे ग्रन्थ का नया अनुवाद और प्रस्तावना आदि लिख देते थे जो उन्हीं विद्वान् मित्रो के नाम से प्रकाशित हो जाता था।

कसायपाहुड के सम्पादन और अनुवाद मे पहले प कैलाशचन्द्र जी और डॉ महेन्द्र कुमार न्यायाचार्य सहयोगी रहे, पर पहले ग्रन्थ के प्रकाशन के बाद डॉ महेन्द्र कुमार जी अलग हो गये और कुछ समय बाद प कैलाशचन्द्र जी ने भी साथ छोड दिया। तब पडित फूलचन्द्र जी ने ही पूरे कसायपाहुड (१६ ग्रन्थ) का सम्पादन और अनुवाद निष्पन्न किया। प कैलाशचन्द्र जी आपके घनिष्ठ मित्र थे अत सभी ग्रन्थो पर पडित जी ने अपने साथ उनका नाम भी प्रकाशित किया। मित्रता का ऐसा निर्वाह और कौन कर सकता है ?

अगाध पाण्डित्य–विद्वत्परिषद् की कलकत्ता मे स्थापना होने के बाद उसका पहला अधिवेशन कटनी मे हुआ था। उसमे शताधिक विद्वान् सम्मिलित हुए थे। मैं भी पहुँच गया था। रात्रि के समय अधिवेशन प्रारम्भ हुआ। सबसे पहले न्यायालकार प वशीधर जी का फिर प्रसिद्ध कहानीकार जैनेन्द्र कुमार जी का भाषण हुआ। दोनो भाषणो मे आक्षेपो की बौछार के साथ विद्वत् परिषद् की स्थापना का घोर विरोध किया गया। लगा कि परिषद् गई। पर अगाध पाण्डित्य के धनी पण्डित फूलचन्द्र जी शास्त्री ने अपने एक घण्टे के भाषण मे एक–एक आक्षेप का सटीक उत्तर देकर दोनो को निरुत्तर कर दिया। सभी के चेहरे खिल उठे।

अधिवेशन के लगभग एक वर्ष के बाद विद्वत् परिषद् की ओर से मथुरा मे शिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। उसी समय सभी विद्वानो को दिल्ली की जैन समाज ने आमत्रित किया। जैन मन्दिर के हाल मे पण्डित फूलचन्द्र जी का प्रवचन हुआ। उस समय स्वाध्याय प्रेमियो ने शकाओ की झडी लगादी। पडित जी ने प्रत्येक शका का समाधान किया। समाधान सुनकर सभी गद्‌गद् हो उठे और आपकी प्रशसा करने लगे।

षट्खण्डागम का अनुवाद करते समय पडित जी ने एक जगह प्रसगत, 'सजद पद ब्रैकिट मे जोड दिया था। ग्रन्थ प्रकाशित होने पर अनेक विद्वानो ने सजद पद के विरोध मे लेख लिखे। मैंने पडित जी से कहा–आप लेख नहीं पढते। आपके विरोध मे लेख निकल रहे है। आपने उत्तर दिया–"अलकाक सहस्रेभ्य एकैव हि दृषद् भवेत्" कि हजारो कौवो को भगाने के लिए एक छोटा–सा ढेला काफी होता है। अर्थात् मेरे एक लेख से ही सबका समाधान हो जायेगा। अन्त मे हुआ भी यही।

'सजद्' पद के बारे मे इटावा मे विद्वानो की एक मीटिग हुई। पडित जी ने विस्तार से समाधान प्रस्तुत किया और ताडपत्रीय प्रति मे उपलब्ध सजद् पद की फोटो कॉपी दिखलायी। मामला शान्त हो गया। पडित जी की विद्वत्ता का लोहा सभी को मानना पडा।

खानिया तत्त्वचर्चा -

कुछ वर्ष पहले कानजी स्वामी के निमित्त से जैन समाज दो दलो मे विभक्त हो गया था। यत्र–तत्र–सर्वत्र निश्चय–व्यवहार एव निमित्त–उपादान आदि विषयो की चर्चा सुनाई पडती थी। पडित जी ने कानजी स्वामी की कुछ बातो का समर्थन किया तो अन्य विद्वानो ने विरोध किया। अन्ततोगत्वा खानिया, जयपुर मे इन विषयो पर लगभग १६ दिनोतक जोरदार तत्त्वचर्चा हुई जिसे शास्त्रार्थ कहना ही उचित है। एक पक्ष मे श्री माणिक चन्द्र जी तथा न्यायालकार पडित मक्खन लाल जी आदि अनेक दिग्गज विद्वान थे तो दूसरे पक्ष मे अकेले श्रीमान् पडित फूलचन्द्र जी शास्त्री। हॉ, केवल पडित कैलाशचन्द्र जी सिद्धात शास्त्री तटस्थ रहे तथा पडित जगन्मोहन लाल जी शास्त्री पडित जी के साथ हो गये। ये दोनो विद्वान् पडित फूलचन्द्र जी के अगाध पाण्डित्य से अच्छी तरह परिचित थे।

१६ दिनो तक नियत समय पर चर्चा शुरु होती थी। पडित जी अपना पक्ष अकेले तैयार कर के त्वरित गति से प्रस्तुत करते थे क्योकि उन्हे सभी विषय मौखिक याद थे, पर दूसरे पक्ष के सभी विद्वान् मिल कर

अपना पक्ष परिश्रम पूर्वक रात्रि मे लिखकर तैयार करते थे फिर सभा मे आकर उसे प्रस्तुत करते रहे। यही क्रम दो सप्ताह से भी अधिक समय तक चलता रहा। पडित जी को कुछ भी तैयार नहीं करना पड़ता था, क्योकि सब विषय उनके कण्ठ मे था, पर दूसरे पक्ष को भारी परिश्रम करना पडता था, क्योकि उन्हे रात्रि जागरण करके लिखना पडता था। फलत शान्त होकर उन्होने पडित फूलचन्द्र जी के सामने प्रस्ताव रखा कि अभी इस चर्चा को स्थगित किया जाये और फिर कुछ दिनो बाद इसे चालू किया जाये। पडित जी ने उत्तर दिया कि आप लोग राजा हैं पर मैं तो मजदूर हैं। जितना लिखता हूँ पेजो के हिसाब से पारिश्रमिक (मजदूरी) प्राप्त होता है, अत अभी आप लगातार चर्चा करे तो मैं ६ मास तक चर्चा करने को तैयार हूँ। अन्त मे चर्चा स्थगित हो गई। जितनी चर्चा हो चुकी थी वह खानिया तत्वचर्चा के नाम से बडे–बडे दो खण्डो मे प्रकाशित हुई थी। अनेक तटस्थ विद्वानो के मुख से यही सुना गया कि पडित फूलचन्द्र जी को कोई पराजित नहीं कर सकता। पडित माणिकचन्द्र जी ने पडित जी से कहा कि आपकी प्रतिभा अद्‌भुत है जो नये–नये प्रमेयो को उपस्थित करते हो। पडित जी ने उत्तर दिया कि गुरु जी, यह आप का ही प्रसाद है।

इसी तरह पडित जी अत्यन्त उदार थे और व्यवहार मे मधुर। इन दोनो बातो की मधुर स्मृतियॉ यहॉ लिखी जाये तो इस लेखका कलेवर अति विस्तृत हो जायेगा। एक पुरानी बात है। पडित जी का परिवार बीना गया हुआ था। पडित जी अकेले ही वाराणसी मे थे। मैंने पडित जी से भोजन के लिए निवेदन किया। आप प्रतिदिन जिस समय मेरे घर आकर भोजन प्रारम्भ करते, सयोगवश एक वृद्धा आ जाती। पडित जी तत्काल अपनी थाली उसे दे देते। तुरन्त दूसरी थाली पडित जी को दी जाती, पर वे उसे कभी स्वीकार नहीं करते, भूखे ही उठ जाते–प्रतिदिन ऊनोदर तप तपते। इस अवसर पर आप कहते–अधिक भोजन करना पाप है–'योऽधिक भुङ्क्ते स पाप भुङ्क्ते'। थोडा–बहुत सामान देकर मैंने वृद्धा से कहा–आप पडितजी के भोजन के समय न आया करे। पर वह कब मानने वाली थी। कहती थी कि इतने ज्ञानी का झूठा खाने से इस जन्म मे नहीं, तो अगले जन्म मे उसे भी विशिष्ट ज्ञान प्राप्त होगा। पण्डित जी सरीखी करुणा शायद ही कहीं देखने को मिले।

निष्पक्ष दृष्टि से कहा जाये तो यह कहना चाहिए कि श्रद्धेय पडित टोडरमल जी के बाद पडित फूलचन्द्र जी ही आगमज्ञ के रूप मे आविर्भूत हुए हैं। युगो–युगो तक जैन समाज आपको भुला नहीं सकेगा। अन्त मे कहना चाहिए–

आगमज्ञो महान् विद्वास्तथा तदनुवादकः।
फूलचन्द्रसमः कश्चिन् न भूतो न भविष्यति।।इति।।

प. अमृतलाल शास्त्री

ब्राह्मी विद्यापीठ, लाडनूं
(राजस्थान)
१४/१०/१९९४

बहुआयामी विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व

सन् १९३५ के लगभग की बात है। बीना विद्यालय मे प्रधानाध्यापक के पद के लिए समाचार पत्रो मे आवश्यकता प्रकाशित हुई थी। मैंने भी प्रार्थनापत्र भेजा था। फलत मुझे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। मुझे पूर्व से पता था कि इस गद्दी पर पडित फूलचन्द्र जी कुछ समय तक कार्य कर चुके थे। पडित फूलचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री मेरे लिए श्रद्धा के केन्द्र थे। वे जैन धर्म के यथार्थ श्रद्धानी थे। देव शास्त्रगुरु के ऊपर उनकी अपार भक्ति थी। मेरे मनमे आशका थी कि वहाँ मुझ जैसा अनुभवहीन युवक कार्य कैसे कर पायेगा? पडित जी के बीना विद्यालय से त्यागपत्र देने के बाद वहाँ डबल न्यायतीर्थ प सुन्दरलालजी एक वर्ष कार्य कर चुके थे। मेरी आशका के विपरीत सौभग्य से मुझे पद पर कार्य करने की स्वीकृति मिलने के बाद, मैं विद्यालय मे कार्य करने लगा।

पडित जी का घर बीना मे ही था। उन्ही दिनो किन्हीं कारणोवश पडित जी नातेपुते से कार्य छोडकर, अपने घर पर बीना मे ही रहने लगे थे। मुझे इसका बहुत लाभ मिला। प्रतिदिन उनके साथ घटो समागम करने का अवसर मिलता था। विद्यालय, विद्यालय न रहकर एक पाठशाला भर रह गया था। सुबह–शाम गॉव से कुछ छात्र आ जाते थे। मैं उन्हे धर्म पढा देता था। अपना समय इधर–उधर बैठकर बिताते रहना कष्टकारक था। मैने अपनी व्यथा–कथा आदरणीय पडित जी को बताई। वस्तुस्थिति से परिचित होने के बाद पडित जी ने विद्यालय कमेटी से एक छात्रावास चालू कराने की स्वीकृति दिला दी। पडित जी का मेरे ऊपर यह महान् उपकार था।

उस समय बीना मे लगभग १५–१६ विद्वान् थे। आदरणीय पडित जी इन विद्वानो के सदुपयोग के सदर्भ मे निरन्तर सोचते थे। उन्होने विचार बनाया कि इन विद्वानो के सहयोग से समाज–सुधार तथा विकास का कार्य आसानी से हो सकता है और धार्मिक क्षेत्रो मे जो विकृतियॉ आ गई हैं–उन्हे भी आसानी से दूर किया जा सकता है। इस विचार के क्रियान्वयन हेतु पडित जी ने बीना मे 'सन्मार्ग प्रचारणी सभा' नाम से एक सस्था की स्थापना करवा दी। उस समय बामौरा की जैन समाज ने मन्दिर मे गजाधरलाल जी के दस्सा होने के कारण, उनको मन्दिर मे दर्शन–पूजन आदि करने से रोक दिया था। अत सस्था की ओर से प्रथम कार्य गजाधरलाल जी बामौरा द्वारा खुरई (म प्र) की अदालत मे केस दायर कराने के बाद उन्हे अदालत से न्यायपूर्वक उनके दर्शन–पूजन के उचित अधिकार को प्राप्त कराने के उद्देश्य से प्रारम्भ हुआ। इस केस की पैरवी के लिए हाईकोर्ट के भूतपूर्व जज रह चुके श्री अजितप्रसाद जी एडवोकेट प्रत्येक पेशी पर खुरई अदालत मे आते थे। 'सन्मार्ग प्रचारणी समिति' के माध्यम से पडित जी एव उनके सहयोगी विद्वानो ने डटकर इस मुकदमे को लडा। श्री गजाधरलाल जी का मुकदमे के बीच मे निधन हो जाने के कारण यह केस स्वत खारिज हो गया।

उन्हीं दिनो श्री गनपतलालजी गुरहा देवगढ क्षेत्र गजरथ चलवा रहे थे। दूसरी ओर समाज के असख्य जन आर्थिक विपन्नता का सामना कर रहे थे। 'सन्मार्ग प्रचारणी समिति' के विद्वानो का अभिमत था कि इस प्रकार के आयोजनो से आडम्बरो, प्रदर्शनो के अतिरिक्त समाज को कोई विशेष लाभ नहीं हो सकता। अतएव समिति ने गजरथ चलाने का पूर्ण विरोध किया। पडित जी ने तो इसके विरोध मे पूरा आन्दोलन ही खडा कर दिया। जैनाजैन सभी पत्रिकाओ में इस विषय को लेकर लेख प्रकाशित होने लगे।

एक लम्बी बहस शुरु हो गई। सम्पूर्ण भारतवर्ष की समाज–सुधारक सस्थाओ द्वारा और अनेक विवेकीजनो ने आयोजन के विरोध मे हर प्रकार के सहयोग करने का वचन दिया।

उस समय जैन समाज, विशेषतया बुन्देलखण्ड जैनसमाज की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। कतिपय श्रीमानो को छोडकर समाज के लोगो मे रोजगार तथा आजीविका के साधनो का अभाव था। वस्तुत गरीबी थी। अत ऐसी स्थिति मे गजरथ चलाने जैसा कार्य न तो सामयिक था और न आवश्यक। जब इस आन्दोलन ने बहुत तीव्रता पकड ली तो समाज के जाने–माने प्रमुख विद्वान प देवकीनन्दनजी शास्त्री को खुरई बुलाकर इस विवाद को किसी प्रकार सुलझाने का निवेदन किया गया। उन्होने बडी सूझबूझ एव बुद्धिमता से निर्णय दिया कि इस देवगढ गजरथ को तो चलने दिया जाये परन्तु भविष्य मे ऐसे आयोजन न किये जाये। इस आन्दोलन के फलस्वरूप ही अगले बारह वर्षो तक पचकल्याणको एव गजरथो जैसे आयोजन नहीं हुये। समाज का पानी की तरह बहाये जाने वाले धन का दुरुपयोग अवरुद्ध हुआ। पडित जी ने अथक परिश्रमपूर्वक इस कार्य को परिणति तक पहुँचाया और समाज को जागृत किया। हमने देखा कि समाज मे कई वर्षो तक इस आदोलन की चर्चाएँ चलती रहीं। समाज के किसी समृद्ध भाई ने गजरथ चलवाने का साहस नहीं दिखाया। गनेशगज (शाहपुर) स्टेशन के केवलारी गॉव के एक भाई ने गजरथ–पचकल्याणक प्रतिष्ठा के आयोजन की पूरी तैयारी कर ली। गजरथ महोत्सव की तिथि–निर्धारण से लेकर, महोत्सव की आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियो, प्रतिष्ठाचार्य एव आमन्त्रित विद्वानो की नामावली सहित निमत्रण–पत्रिका भी गॉव–गॉव पहुँच गई।

सन्मार्ग प्रचारणी समिति, बीना ने समय की स्थिति के अनुरुप केवलारी के सिघई जी से गजरथ न चलवाने का विनम्र अनुरोध किया। लेकिन सिघई जी न तो अपने आयोजन के स्वरूप को बदलने को तैयार हुए और न ही गजरथ–चालन और पचकल्याणक दो कार्यक्रमो मे से एक कार्यक्रम कराने की ही बात पर सहमत हुए। वे तो टस से मस भी न हुए। अन्ततोगत्वा सन्मार्ग प्रचारणी समिति तथा विशेषरूप मे प फूलचन्द्र जी ने सभी सदस्यो के सहयोगपूर्वक केवलारी पहुँचकर उक्त महोत्सव के विरोध मे सत्याग्रह और असहयोग करने का निश्चय कर लिया। फलत प फूलचन्द्र जी प वशीधर जी व्याकरणाचार्य बाबू जमनाप्रसाद जी सब–जज पूरी तैयारी के साथ केवलारी पहुँच गए। आयोजन स्थल पर सन्मार्ग प्रचारणी समिति, बीना का अलग से पडाल व तम्बू तनवाया गया। उसमे आयोजन के विरोध से सहमत भाइयो के ठहरने एव भोजन आदि की अलग से व्यवस्था की गई थी। समिति के सदस्यो ने अनशन करने की घोषणा के बाद उसी स्थल पर अनशन प्रारम्भ करने बैठ गए। यहाँ आगन्तुको की भीड ने सभा का रूप ग्रहण कर लिया। गजरथ महोत्सव के विरोध मे क्रमश एक–एक विद्वान् ने भाषण शुरू किया। फलस्वरूप जनता के लिए विरोधस्थल एक आकर्षण का केन्द्र ही बन गया। सामान्यजन की समझ मे चेतना जागृत हुई और वह भी ऐसे आयोजनो को अनावश्यक महसूस करने लगे। प्रतिष्ठा महोत्सव का रग फीका पड गया। येन केन प्रकारेण प्रतिष्ठा एव गजरथ का कार्य सम्पन्न तो हो गया, किन्तु साथ मे आगत समाज इस बात को भली प्रकार समझ गई कि वर्तमान मे ऐसे समायोजन बुन्देलखण्ड की समाज के लिए व्यर्थ का अपव्यय है।

१२–१३ वर्ष के अन्तराल के बाद द्रोणगिरि सिद्ध क्षेत्र पर जैन परिषद् जैन मिशन आदि के सम्मेलनो के साथ–साथ गजरथ–पचकल्याणक प्रतिष्ठा का एक सफल आयोजन किया गया था। अब तक समय काफी बदल चुका था। सन्मार्ग प्रचारिणी समिति ने प फूलचन्द्र जी की अनुमतिपूर्वक उसका विरोध नहीं किया था। पडित जी सदैव सामाजिक पिछडेपन को दूर करने के लिए साथियो से सहयोग की प्रेरणा का कार्य करते

थे। उनके रहते हुए बीना मे दो प्रमुख कार्य हुए। एक तो मन्दिर और पाठशाला की सम्पति का सुरक्षण और दूसरे नाभिनन्दन दिगम्बर जैन पाठशाला मे छात्रावास का पुन चालू करवा देना। इन सस्थाओ के सरक्षणार्थ सिघई परमानन्द जी एव अन्य द्वारा दानस्वरूप प्रदत्त अनेक मकान व बजरिया मे कई दुकाने आदि थीं। एक गाँव भी पाठशाला के नाम था। इन सबके सुचारू प्रबन्ध के वास्ते पडित जी ने दूरदृष्टि से एक कार्य उसी समय सबका सहयोग लेकर और करवाया। आपके परामर्श से सिघई श्री नन्दन जी, नन्हेलाल बुखारि, पडित वशीधर जी आदि विद्वानो का सहयोग रहा। प्रबन्ध के लिए साधारण सभा, प्रबन्ध कारिणी कमेटी का चुनाव और उसके बाद मध्य प्रदेश शासन के कम्पनी एक्ट से रजिस्ट्रेशन भी करा लिया गया। जैन पत्र–पत्रिकाओ मे आवश्यकता प्रकाशित होने से बाहर के भी २०–२२ छात्र छात्रावास मे रहकर सस्कृत व धर्मग्रन्थो का अध्ययन करके क्वींस कालेज बनारस की परीक्षाओ मे भी बैठने लगे। यहॉ बीना मे रहते हुए पडित जी का समाज सेवा और राष्ट्रसेवा का कार्य अनवरतरूप से चलता रहा। उन दिनो भारत की स्वतत्रता के लिए महात्मा गॉधी जी का अहिसा आन्दोलन चल रहा था। पडित जी बीना से ललितपुर सिलवानी आदि होते हुए झॉसी पहुॅचे। वहॉ सत्याग्रह मे सक्रिय भाग लेने के कारण विदेशी सरकार ने उन्हे गिरफ्तार कर एक माह कारावास की सजा भी दी।

अखिल भारतीय दिगम्बर जैन विद्वतपरिषद् ने एक प्रस्ताव पारित कर निश्चय–व्यवहार, निमित्त–उपादान आदि विषयो के सागोपाग विशद विवेचन पूर्वक एक निबन्ध लिखे जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की थी। परन्तु इस प्रस्ताव के अनेक वर्ष बीतने के बाद भी विद्वानो मे से किसी ने इस प्रकार के विषय पर पुस्तक लिखने का उपक्रम नहीं किया। माननीय पडित जी की धारणा मे यह विषय और आवश्यकता बनी रही। उन्होने बडे श्रम और आगम–ग्रथो के आधार पर विषम प्रवेश, वस्तु स्वभाव मीमासा, वाह्य कारण मीमासा, निश्चय–उपादन आदि १२ विषयो के विशद विवेचन और उनके आधार पर उनके अन्तर्गत ७० शीर्षको पर 'जैन तत्त्व मीमासा' शीर्षक पुस्तक तैयार करके विद्वतरिषद् को इसकी सूचना दे दी। फलस्वरूप पडित जी के गृहनगर बीना–इटावा मे एक विद्वद्गोष्ठी का महत्त्वपूर्ण आयोजन हुआ। उसमे लगभग ४२ विद्वानो, त्यागी महानुभावो की अच्छी उपस्थिति थी। उनमे श्रद्धेय पडित वशीधर जी न्यायालकार, इन्दौर, प हुकुमचन्द्र जी सलावा, प कैलाशचन्द्र जी बनारस, प जीवन्धरजी इन्दौर, सहितासूरि पडित नाथूलाल जी, पडित दयानन्द जी सागर आदि समाज के प्रमुख विद्वानो की उपस्थिति उल्लेखनीय है। पडित फूलचन्द्र जी द्वारा लिखित पुस्तक का प्रतिदिन ५–५ घटे वाचन चलता था। विद्वद्गोष्ठी लगातार सात दिनो तक चली। प्रतिदिन ५ घटे के वाचन के साथ–साथ पठित विषय का मथन और तात्त्विक विचार भी किया जाता रहा। अन्त मे विद्वद् परिषद् की कार्यकारिणी ने पुस्तक की भूरि–भूरि सराहना करते हुए एक लम्बा प्रस्ताव पारित किया। जैन समाज के इतिहास मे इस प्रकार का यह सुअवसर प्रथम बार आया। प कैलाशचन्द्र जी शास्त्री आदि विद्वानो के विचार–विनिमय के बाद इस पुस्तक का नाम 'जैन तत्त्व–मीमासा' रखा गया। पडित जी ने पुस्तक के आरम्भ मे सम्बन्धित प्रसगो की सक्षिप्त चर्चा भी कर दी है। उक्त पुस्तक का प्राक्कथन स्वनाम धन्य विद्वान् प जगमोहनलालजी शास्त्री, कटनी ने लिखा है। इसी पुस्तक का द्वितीय सस्करण पडित जी ने अशोक प्रकाशन मन्दिर से प्रकाशित किया है।

पडित जी जिन–जिन नगरो, स्थानो अथवा तीर्थस्थलो पर जाते थे, वहॉ के मन्दिरो की वेदियो पर स्थापित मूर्तियो की वेदिका पर अकित प्रशस्तियो को बडे ध्यान से अध्ययन करते थे। बुन्देलखण्ड मे पडित जी जहाँ–जहाँ जाते थे, मैं उनके साथ चला जाता था। तब पडित जी के इस प्रकार के अध्ययन को न्हीं

समझ पाता था। जिज्ञासा को उनसे कभी प्रगट नहीं किया। परन्तु जब पडित जी द्वारा लिखित 'परवार जैन समाज' का इतिहास प्रकाश मे आया तब स्वत समझ मे आ गया कि पडित जी के उस अध्ययन के पीछे गवेषणता चल रही थी।

खानिया तत्त्व चर्चा

'जैन तत्त्व–मीमासा' के प्रकाशित होने के बाद कुछ लोगो द्वारा इस पर आरोप लगाए गए कि पडित जी कार्य–कारण परम्परा मे बाह्य निमित्त को स्वीकार नहीं करते। कई जैन पत्र–पत्रिकाओ मे उक्त विषय पर ऊहापोहात्मक लेख लिखे जाने लगे। यहाँ तक उन्ही दिनो प मक्खनलाल जी न्यायालकार ने जैन दर्शन मे अपना एक वक्तव्य प्रकाशित करते हुए चर्चा के लिए आमन्त्रित किया। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सघ की बैठक के समय प राजेन्द्रकुमार जी जैन के साथ इस सबध मे विचार–विनिमय हुआ। प वशीधर जी व्याकरणाचार्य से मिलकर तत्त्वचर्चा की एक रूपरेखा तैयार की गई। तत्कालीन साप्ताहिक पत्रो मे वह मुद्रित भी करा दी गई थी। इस प्रकार जहॉ एक ओर तत्त्वचर्चा का वातावरण बनता रहा, वहीं दूसरी ओर विरोध भी होता रहा।

तत्त्वचर्चा हेतु आमन्त्रण

शान्त परिणामी श्री १०८ शिवसागर जी महाराज की छत्रछाया मे सन् १९६३ मे, जयपुर खानिया तत्त्वचर्चा के पूर्व प जगन्मोहनलाल जी शास्त्री उनके दर्शनार्थ गए थे। उस समय आचार्य महाराज एव पडित जी के बीच इस विषय पर गम्भीर चर्चा हुई थी। तदुपरान्त इसी वर्ष भाद्रपद मे दशलाक्षण पर्व के निमित्त प पन्नालाल जी साहित्याचार्य आमत्रित किये गये थे। इस विषय पर वहॉ उनसे विस्तृत विचार विनिमय हुआ। स्वय महाराज श्री भी चाहते थे कि दोनो पक्षो के विद्वानो के मध्य तत्त्वचर्चा होकर कोई इसका हल निकल आये और विरोध शान्त हो जाये। महाराज श्री के भाव समझकर सघ के दो विवेकी ब्रह्मचारी सेठ हीरालाल जी पाटनी एव ब्र लाडमलजी ने दोनो ओर के विद्वान् मनीषियो को एक आमत्रण पत्र द्वारा आमत्रित किया। पडित जी के पास भी आमत्रण आया। चूँकि इस तत्त्वचर्चा के मुख्य वक्ता तो पडित जी ही थे। अतएव पडित जी १९ ता की सन्ध्या मे जयपुर पहुँच गये। वहॉ आदरणीय प चैनसुखदास जी के यहॉ ठहरे। पडित जी को बडे आदरपूर्वक ठहराया अपितु सुविधापूर्ण समस्त व्यवस्था भी कर दी। दोनो पक्षो के विद्वानो के पहुँच जाने पर दि २१/१०/१९६३ को अपरान्ह १ बजे से गोष्ठी का कार्य प्रारम्भ हुआ। गोष्ठी मे प इन्द्रलाल जी शास्त्री जयपुर, प वशीधर जी न्यायालकार इन्दौर, प मक्खनलालजी मुरैना, प जीवन्धर जी इन्दौर, प फूलचन्द्र शास्त्री वाराणसी, श्री नेमिचन्द जी पाटनी जयपुर, प नरेन्द्रकुमार जी मिसीकर कारजा आदि प्रभृति विद्वानो मे १७ प्रमुख विद्वान् थे। गोष्ठी की कार्यवाही लिखितरूप मे होती थी और लेखन का कार्य प पन्नालाल जी साहित्याचार्य सागर करते थे।

चर्चा के प्रारम्भ तत्त्वचर्चा के लिए निम्नलिखित नियम पारित किये गए थे

१ चर्चा वीतरागभाव से होगी।

२ चर्चा लिखित होगी।

३ वस्तु सिद्धि के लिए आगम ही प्रमाण होगा।

४ पूर्वाचार्यानुसार प्राकृत, सस्कृत, हिन्दी के ग्रन्थ प्रमाण माने जायेगे।

५ चर्चा शका–समाधानरूप मे होगी।

६ दोनों ओर से शका–समाधान के रूप मे–उसमे अपने–अपने पन्नो पर अधिक से अधिक ५–५ विद्वानो के साथ–साथ मध्यस्थ की सही होगी।

७ शका–समाधान के रूप मे पत्रो का आदान–प्रदान अधिकतम तीन बार तक होगा।

उक्त नियमो से आबद्ध तत्त्वचर्चा की गोष्ठी २१/१०/६३ से प्रारम्भ होकर १/११/६३ तक चली। ११ दिनो तक चली गोष्ठी मे अपरपक्ष की मुख्य मान्यता, " व्यवहार या निमित्त से कार्य होता है" होने के कारण वह हार गया। इसका समग्र श्रेय प फूलचन्द्र जी शास्त्री को मिला। क्योकि आगम की उन्हे पूरी–पूरी जानकारी थी। आगम के आधार पर उनके सहयोगियो ने विषयानुसार अपने पक्ष की प्रस्तुति की जो तथ्यपरक सिद्ध हुई। खानिया चर्चा मे भाग लेने वाले एक प्रतिष्ठित विद्वान् ने कहा कि हमने तो न्याय पढा था। निमित्त और व्यवहार की मुख्यता रख हमने तो आगम का अध्ययन किया था। उपादान और निश्चय के विषयो पर न हमने कभी ध्यान ही दिया था। हम इसमे इसी कारण हार गये।

दूसरी ओर प फूलचन्द्र जी साहब के चेहरे पर जय–पराजय जैसा कोई भाव नहीं था। जिनवाणी और आगम के सिद्धातो को निष्पक्षरूप से जन–जन के सममुख प्रस्तुत करना ही पडित जी का मूल उद्देश्य था। मै जब भी पडित जी से मिलता था तो वे यही कहते थे कि जिनवाणी के यथार्थ स्वरूप का प्रचार–प्रसार ही, उसकी सेवा है। जीवनभर उन्होने अपनी इसी छवि को बनाए रखा।

षट्खण्डागम धवला और जयधवला सपादन

सन् १६३६ से लेकर सन् १६५६ तक इनके सोलह भागो का प्रकाशन हुआ। तदनन्तर सामग्री की उपलब्धता होने के बाद ही सपादन एव प्रकाशन १६७२ मे हो सका। इसके जो कारण थे उनकी चर्चा षट्खण्डागम की प्रस्तावना मे विशेषरूप से की गई है। यो प्रश्न तो है ही कि आखिर सन् १६५६ के बाद इनका प्रकाशन क्यो नहीं हो पाया ? उत्तर स्पष्ट ही है कि मध्य मे कोई कर्मठ लगनशील कार्य करने का सक्षम अधिकारी विद्वान् उपलब्ध नहीं हो सका। जब पडित जी ने यह काम अपने ऊपर ले लिया तो इस कार्य को पूरी तरह सम्पन्न ही किया। पडित जी की जिनवाणी के प्रति आस्था और सेवाभाव सर्वदा अनुकरणीय एव श्लाध्य रहेगे। इस कार्य मे अन्य विद्वानो का सहयोग भी पडित जी को मिला किन्तु सभी उत्तरदायित्व इन्हीं ने निभाया। जब स्वाध्यायी बन्धु धवला के १६ भाग, महाबन्ध के ७ भाग और कसायपाहुड के १६ भागो अर्थात् ३६ भागो को देखते हैं, तो इसके पीछे छिपे श्रम और विद्वत्ता पर अवाक सोचते रह जाते है। मेरा विचार तो यही बनता है कि यदि प फूलचन्द्र जी जैसे अगाध पाण्डित्य वाले विद्वान् इस कार्य मे अपना योगदान नहीं करते तो ये ग्रन्थ स्वाध्यायी बन्धुओ तक पहुँच पाना अतिकठिन ही होता। वस्तुत पडित जी अभूतपूर्व मर्मज्ञ विद्वान् थे।

उक्त प्रसग मे लेखन–सम्पादन के कार्य के लिए पारिश्रमिक की बात का उल्लेख करना अनावश्यक नहीं होगा। यह दृष्टव्य है कि पडितजी के पास लिखने–पढने स्वाध्याय करना और विचारणा के अतिरिक्त आजीविका का अन्य कोई साधन या स्रोत नहीं था। फिर भी पारिश्रमिक के लिए पडित जी ने कभी कोई जोर नहीं डाला। पारिश्रमिक स्वरूप जो भी मिल गया उसी मे सतोष कर लिया। स्व प जगन्मोहनलाल जी सुनाते थे कि कसायपाहुड के सम्पादन के समय पडित जी से पारिश्रमिक के विषय मे पूछा गया तो प फूलचन्द्र

जी ने कहा, 'हम कोई ठहराव नहीं करते हैं, हमारा काम तो इनका सम्पादन करना है, सो कर रहे हैं। आप जैसा जानो वैसा करो।" इसके बाद प जगन्मोहनलाल जी ने सस्था की ओर से पारिश्रमिक निश्चित करके बनारस पडित जी के पास भेज दिया।

हम–आप इस पर विचार करे कि षट्खडागम धवला, कसायपाहुड और महाबध जैसे ३६ भागो का अनुवादन, सम्पादन आदि का कार्य कोई सरल काम तो था नहीं। प्रथम तो अनवरत इनका अध्ययन, विचारणा और फिर लेखन के कार्य मे जुटना। ये सब श्रम से कहीं अधिक धैर्य की परीक्षा भी थी। आप इन ग्रन्थो की विस्तृत तथा लम्बी प्रस्तावनाओ को पढकर ही इस विषय की गहराइयो को समझ सकते हैं। भाषाविद् एक भाषा के ग्रन्थो का दूसरी भाषा मे अनुवाद तो कर सकते है। किन्तु साथ–साथ उस ग्रन्थ के रहस्यो, मन्तव्यो और मर्मो को प्रकट करना सभी भाषाविदो के लिए टेढी खीर अवश्य है। हम जब भी इन ग्रथो पर दृष्टि डालते या स्वाध्याय करते हैं तो सूत्रो के अनुवाद के बाद उनका भावार्थ या विशेषार्थ दृष्टिगोचर होता है। स्वाध्यायी को इसका पूरा–पूरा लाभ उठाने का अवसर रहता है। वह शब्दो के अर्थ, भाव, विशेषार्थ का ज्ञान भी अर्जित कर सकता है। इस प्रकार स्वाध्याय का प्रयोजन सिद्ध हो जाता है।

पडित जी की धीरता और गम्भीरता

षट्खण्डागम के शिविरो मे कई विषयो पर मतभेद हो जाने के बावजूद पडित जी के पास जब भी शिविर के पदाधिकारियो का आमन्त्रण आता था, तो वे बिना किसी विकल्प के यथासमय पहुँच जाते थे। खानिया तत्त्व चर्चा की समाप्ति के बाद सोनगढ वालो ने पडित जी का अभूतपूर्व स्वागत किया तो उन्होने बडे समता भाव से स्वीकार किया। उस समय भी उनके मुखमण्डल पर शान्तभाव ही था। कोई विशेष आनन्द की लहर हमे दिखाई नहीं दी। इतना ही नही उनके धीरज और गम्भीरता को अनेक अवसरो पर इसी प्रकार देखा गया। उनपर कष्ट भी कई बार आए। एक बार बनारस से आने के आद उनके शरीर पर त्वचा का ऐसा रोग हुआ जिसमे त्वचा पर पपडी बन कर झडती थी। इस रूक्षता से पडित जी को रातदिन वेदना का अनुभव होता था। उस समय पडित जी इदौर मे सेठ साहब के अतिथिगृह मे ठहरे थे, जो सर सेठ साहब के निवास–परिसर मे ही था। हम लोग उदासीन आश्रम से जाकर उनकी परिचर्या करते थे। उसी समय उन्हे जोर से बुखार आने लगा। कभी बुखार की तीव्रता १०४ डिग्री तक पहुँच जाती थी। परन्तु मैने देखा कि दो–दो रोगो के कष्टो की पीडाएँ झेलते हुए उनके चेहरे पर व्यग्रता की रेखा तक नही थी। वे जैसे नीरोग अवस्था मे गम्भीर और शान्त रहते थे उसी प्रकार रूग्णावस्था मे भी बने रहे। उनके जीवन मे अर्थाभाव के समय भी आये। बडे कहे जाने वाले लोगो की विरोध मे धमकियाँ भी मिलीं। परन्तु कभी भी उन्होने परेशानियो का अनुभव नहीं किया।

जब वे नातेपुते से लौटकर बीना आए तो उन्होने सुनाया था एक समाज के सर्वोपरि माने जाने वाले एक साधु व्यक्ति ने ऐसी धमकी दी कि, "फूलचन्द्र तुम हमारी बात नही मानोगे तो तुम्हे समाज से रोटियाँ नहीं मिलेगी"। पडित जी ने उन्हे उत्तर दिया, "महाराज आप मेरी चिन्ता छोडे, रोटियो के लालच मे मैंने न सिद्धात कभी छोडा है और न सिद्धात कभी बदला जाता है।" पडित जी सिद्धात पर सदैव अडिग बने रहे। ऐसी थी उनकी दृढता और गम्भीरता।

बनारस मे निवास करते हुए वे वर्णी ग्रन्थमाला वर्णी शोध–सस्थान तथा धवला आदि के सम्पादन का कार्य करते रहते थे। अनुवाद करने के बाद ये कैसे और कब छपेगे? इस प्रकार का विकल्प उनके मनमे

कभी नहीं आया। लेकिन उनके जीवन काल मे ही सभी प्रकाशित होकर समाज को उपलब्ध होते गए। षट्खण्डागम, कसायपाहुड, महाबन्ध के अनुवाद आदि मे डॉ हीरालाल जैन, डॉ ए एन उपाध्ये, प कैलाशचन्द्र जी बनारस आदि ने भी अपनी–अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। अर्थानुवाद आदि की समस्या आने पर पडित जी बडी सहजता से उसका समाधान भी करते रहे।

ऐसे बहुत से प्रसग मेरी जानकारी मे हैं। पडित जी अपने जीवन मे आने वाले कष्टो को धैर्यपूर्वक सहन करते हुए स्वय सघर्ष करते थे। किसी से अपने दु ख को प्रगट नहीं करते थे। सहिष्णुता उनकी मूल प्रकृति मे थी। उनका पूरा जीवन सघर्षों से भरा पडा है। एक बार किसी काम से मैं कलकत्ता गया था। वहॉ से लौटकर मै बनारस पडित जी के निवास पर पहुँचा। उस समय बाई जी–पडित जी की धर्मपत्नी–की नेत्र–ज्योति कम पड गई थी और वे तथा पडित जी अस्वस्थ चल रहे थे। परन्तु पडित जी के मुख पर चिन्ता की कोई रेखा नजर नहीं आई। जैसा पूर्व मे सतुष्ट दिखते थे, मैंने यह सब प्रत्यक्ष देखा।

पडित जी की मुनिभक्ति

पडित जी समाज–सुधार के लिए समर्पित विद्वान् थे। पडित जी जहॉ एक ओर सुधारवादी थे, वहीं दुसरी ओर परीक्षा प्रधानी भी थे। जब भी किसी जैन साधु के पढाने का प्रश्न आया, पडित जी उसे स्वीकारते हुए पूरी लगन और आस्था से अध्ययन कराते थे। इन्दौर मे एक साधु–सघ ठहरा था। सघ के प्रमुख साधुओ ने आगम पढने की भावना प्रगट की तो पडित जी ने नियमित रूप से वहीं पहुॅचकर आगम का अध्ययन कराया। आचार्य विद्यानन्द जी ने भी पडित जी से अध्ययन करने की इच्छा प्रगट की तो जहॉं महाराज जी रूके थे, वहीं एक कमरे मे पडित जी ने ठहरकर उन्हे नियमित अध्ययन कराया। मुझे स्मरण आता है कि पडित जी ने तत्त्व मीमासा के द्वितीय सस्करण का सम्पादन–प्रकाशन का कार्य यहीं रहते हुए सपन्न कराया था। मै वहॉ उनसे मिलने गया था तो उन्होने अपना सब कार्यक्रम बतलाया और "जैन तत्त्व मीमासा" की एक प्रति मुझे भेट मे दी।

आचार्य विद्यासागर जी की प्रेरणा से आयोजित शिविरो मे आते ही रहे। मतभेद के कारण उनके कुछ शिविरो मे नही बुलाया गया था। इतना होने पर भी ललितपुर आदि की वाचना मे उन्हे सादर बुलाया गया। पडित जी गए और यथासमय पहुॅचकर लगन से वाचनाओ का कार्य सम्पन्न करते रहे। यदि किसी भाई ने कोई प्रश्न किया तो तत्काल उसे उत्तर भी दे देते थे। ललितपुर वाचना मे एक भाई ने प्रश्न किया–चौथे गुणस्थान मे निश्चय सम्यग्दर्शन होता है ? पडित जी ने उत्तर दिया, चौथे गुणस्थान मे निश्चय सम्यग्दर्शन होता है। प जवाहरलाल जी भीण्डर और मैं दोपहर उनके निवास पर मिलने जाते तो वहॉ इन सब विषयो पर चर्चाएँ होती और पडित जी द्वारा आगमानुसार शकाओ के समाधान कर दिए जाते थे।

मेरा पडित जी से अन्तिम मिलन

पडित जी के देहावसान से लगभग एक वर्ष पूर्व भोपाल के प राजमल जी और मैं उनसे मिलने हस्तिनापुर गए थे। वहॉ के एक कमरे मे पडितजी रूके थे। उस कमरे की स्थिति देखकर हम लोगो को बडा कष्ट हुआ। छात्रावास की भोजनशाला से रोटियॉ आ जाती थीं। बाई (पडित जी की पत्नी) की ऑंखो की रौशनी न होने पर भी रोटियॉ किसी प्रकार गैस जलाकर गरम करके पडित जी को खिलाती थीं। ऐसा प्रतीत होता है, लेखन की सुविधा होने के कारण ही पडितजी वहॉ रूके थे।

मिथ्यात्त्व अकिचित्कर के सम्बन्ध मे पडित जी से विस्तृत चर्चा हुई। मैं एक पुस्तक लिखकर ले गया था। जिसमे मैंने सौ बिन्दुओ को लेकर मिथ्यात्त्व अकिचित्कर के विरोध मे लिखा था। पडित जी द्वारा इस लेख को पढने के निर्देश पर मैं इसे पढता जाता और यत्र–तत्र वह जहाँ–जहाँ सुधारने को कहते गए मैं करता चला गया। पडित जी को पूरा आगम ज्ञात था। कौन–कौन विषय धवला या अन्य ग्रन्थो मे कहाँ–कहाँ आया है, वे सूचित करते जाते। इनमे से कई बिन्दुओ का उपयोग उन्होने अपनी "मिथ्यात्त्व अकिचित्कर परिशीलन" मे कई जगह किया है। इसके पूर्व डॉ देवेन्द्र कुमार नीमच भी पडित जी के पास अपनी लिखी पुस्तक दिखाने हस्तिनापुर गये थे। उनसे भी पडित जी की विस्तृत चर्चा हुई थी। मेरे ख्याल से पडित जी ने इसके ५–६ माह बाद ही अपनी पुस्तक "मिथ्यात्व अकिचित्कर" लिख ली थी। एक बडे महाराज के विरोध के कारण जब कोई भाई उस पुस्तक को प्रकाशित करने को तैयार नहीं हुआ तो पडित जी ने स्वय ही उस पुस्तक को प्रकाशित करवा लिया। यह पुस्तक क्या, इस विषय पर लिखा गया बेजोड दस्तावेज ही है। समाज मे इसका काफी सम्मान भी हुआ।

असदिग्धरूप मे पडित जी को जैन धर्म–सिद्धात का अगाध ज्ञान था। प्राय जैन–सिद्धात के सभी पक्षो पर उनकी आधिकारिक पकड थी। एक श्रेष्ठ विद्वान् ने तो उन्हे आज के आ भूतबलि और पुष्पदन्त के समकक्ष बताया है। किन्तु मै तो कहता हूँ कि आगमवेत्ता सब आचार्यो के ज्ञान के वे सगम थे। ऐसा कौन सा विषय था जो उनसे अछूता रह गया हो। चारो अनुभोगो के ज्ञान के साथ षट्खण्डागम धवला, कषायपाहुड, महाबध पचसग्रह आदि की पूरी जानकारी उनको थी। एक प्रकार से ये विषय उन्हे मौखिक याद थे। धवला आदि की विस्तृत टीकाओ के साथ ६४–६५ मौलिक विषयो पर लिखी उनकी पुस्तके आज उपलब्ध हैं। उन्होने सैंकडो लेखादि भी लिखे जो विविध पत्रिकाओ मे प्रकाशित होते रहे।

पडितजी की उदारता

पडित जी एक साधारण स्थिति के गृहस्थ थे। सीमित आय थी। आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं था। फिर भी कोई विद्वान् या जैन गृहस्थ अभावग्रस्त होता तो जानकारी मिलते ही पडित जी अपना सबकुछ देकर उसकी सहायता करते थे। ऐसे कई उदाहरण मेरे पास है। विद्वानो का सदैव और पूरा–पूरा वे ध्यान रखते थे। मै स्वय ही इसका अनुभवी हूँ। बीना विद्यालय मे मुझे अनकरीब २५) मासिक वेतन मिलता था। पडित जी उन दिनो बीना मे ही थे। जब उन्हे मेरे वेतन की बात ज्ञात हुई तो उन्होने विद्यालय की प्रबधकारिणी कमेटी से कहकर मेरा वेतन ४५) कराया था। प्रमाण स्वरूप एक अन्य विद्वान् का उदाहरण है, वे विद्वान् अर्थाभाव से अपने द्वारा अनूदित ग्रन्थ का प्रकाशन नहीं करा पा रहे थे। स्वय पडित जी ने अपनी ओर से पैसो का प्रबध करके उनका ग्रन्थ प्रकाशित करवा दिया। आप वर्णी ग्रन्थमाला के मत्री तो थे ही। उस ग्रन्थमाला मे भी जब–जब प्रकाशन मे आर्थिक बाधा हुई, पडित जी ने अपनी ओर से उसे दूर करके ग्रन्थ का प्रकाशन रूकने नहीं दिया। अपने पास भी पैसा नहीं हुआ तो मित्रो को प्रेरणा देकर उनसे भी सहयोग करा देते थे। ऐसी उदारता कि विवेचन नहीं कर सकते।

सोनगढ मे जब विद्वत् परिषद् का अधिवेशन हुआ, उस समय मै लखनऊ था। वहाँ पडित जी का एक जरूरी पत्र मुझे मिला। जिसमे मुझे सोनगढ आने को लिखा था। सोनगढ स्वाध्याय ट्रस्ट की ओर से भी एक आमत्रण पत्र भिजवा दिया। सपरिवार मैं सोनगढ पहुँचा। मैंने देखा कि अधिवेशन समाप्त होने पर परिवार सहित मेरे मार्गव्यय को ट्रस्ट से दिलवा दिया। इसी प्रकार मुझे याद है कि बीना मे एक जैन

बन्धु नेत्रहीन थे। आपने समाज की प्रबन्ध कारिणी से प्रयत्न करके उनके गुजारे के लिए हर माह के खर्चे का प्रबन्ध करा दिया। उनकी उदारता के अन्य अनेक उदाहरण हैं।

सघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए भी उनका जीवन आदर्शपूर्ण था। आज के युग मे ऐसे विद्वानो की तुलना क्या करना ? इनके जीवन के आदर्श अनुकरणीय हैं। पडित जी द्वारा सम्पादन–लेखन–प्रकाशन की जो–जो योजनाएँ प्रारम्भ की थी, उसके विपुल साहित्य का लाभ जैनाजैन समाजो के लोग युगो तक उठाते रहेगे। दु ख उस बात का है आज बडी–बडी पूजा–प्रतिष्ठाओ मे लोग लाखे–लाख रुपयों का अपव्यव कर रहे हैं, किन्तु विद्वानो द्वारा त्याग एव श्रमपूर्वक तैयार किए गए ग्रन्थो के प्रचार–प्रसार पर भी ध्यान दिए जाने की भी आवश्यकता है। सभव है किसी प्रभावशाली व्यक्ति अथवा सस्था का इस ओर ध्यान जावे तो जैन दर्शन व साहित्य के क्षेत्र मे व्यापक और ठोस प्रगति हो सकती है।

जैसा कि मै पहले लिख चुका हूँ कि हस्तिनापुर का हमारा मिलन–अन्तिम था। हमे लगा कि पडित जी की अन्तिम भावना यही थी कि उनका मरण समाधिपूर्वक हो। इसके लिए उन्होने पूरी तैयारी भी कर रखी थी। जब हम लोग हस्तिनापुर से आने लगे तो उन्होने नीचे सडक पर आकर सजल नेत्रो से कहा था, "भैया हमारे समाधिमरण का पूरा ध्यान रखना"। हम लोगो ने पूर्ण सहयोग देने का वचन भी दे दिया। खेद है कि हम लोग अपने वचन को नहीं निभा पाये। इसके कारण भी थे । इसके कुछ माह बाद पडित जी अपने एकमात्र पुत्र अशोक जी के पास रूडकी चले गये थे। वहॉ उनकी परिचर्या मे कोई कमी नहीं थी। सो वहॉ आगे पीछे बाई का और पडित जी का उनकी इच्छानुसार समाधिपूर्वक देहावसान हो गया।

पडित जी के तपस्वी जीवन की अन्तिम, समाधिमरण की जो भावना थी–वह भी उन्होने निर्मोहता, निर्भयता से प्राणो का विसर्जन करके पूरी कर ली। एक आदर्श धार्मिक विद्वान् ने अपने जीवन की साधना को सफल कर लिया। ऐसा लगता है वे आत्मबल से परिपूर्ण सम्यग्दृष्टि विद्वान् थे। अल्पससारी होने के कारण कुछ पर्यायो को पार करते हुए, कालान्तर मे अवश्य ही मोक्ष जायेगे। मेरी यही भावना है कि पडित जी जन्मान्तरो को पार करतु हुए धर्माराधना पूर्वक तपस्या मे सफल होकर मोक्षगामी हो। मैं भी उन्हीं के पथ पर चलते हुए अपना जीवन सफल करूँ।

(स्व.) प.भुवनेन्द्र कुमार शास्त्री
महावीर स्वाध्याय सदन
गुजराती बाजार, सागर (म.प्र.)

बीसवीं सदी के वीरसेन :
बहुआयामी पं. फूलचन्द्र शास्त्री

वृहत्तर बुदेलखण्ड की भूमि ने ऐसे अनेक विद्वानो को जन्म दिया है जिन्होने भारत के ही नहीं, विदेशो के भी अनेक प्रदेशो और क्षेत्रो मे सामाजिक समरसता, साहित्यिक समृद्धि एव जैनधर्म को महिमामडित किया है। ऐसे ही एक विद्वान है – प० फूलचद्र शास्त्री। अत्यत कठिन आर्थिक परिस्थितियो मे भी इन्होने अपना स्वाभिमानी एव स्वावलबी जीवन बिताया एव जैन साहित्य के मौलिक लेखन, सपादन तथा अनुवाद कार्य मे अपना जीवन खपाया। वे बहु–आयामी व्यक्ति थे, उदारवादी थे। उनकी सामाजिक, राष्ट्रीय तथा साहित्यिक सेवाओ के लिए उन्हे सदैव याद किया जाएगा।

प० जी का सर्वाधिक क्रियाशील और महत्वपूर्ण जीवन तो १९३७ से प्रारम्भ होता है जब उन्हे धवला ग्रथो के अनुवाद एव सपादन कार्य के लिए डॉ० हीरालाल जी ने अमरावती बुलाया। इस कार्य मे अनेक विद्वानो की टोली काम कर रही थी। इस कार्य मे पडित जी चार वर्ष (१९३७–४०) तक लगे रहे। बाद मे कुछ सैद्धान्तिक मतभेदो के कारण वे पुन बीना चले आये। पर इन चार वर्षो मे कई भाग प्रकाश मे आ सके। कुछ दिनो पश्चात उन्हे जयधवला के कार्य मे सहयोग देने के लिए दिगम्बर जैन सघ, मथुरा ने बुलाया। इस हेतु १९४१ मे वे काशी आये। यहा प कैलाशचन्द्र जी तथा प महेन्द्र कुमार जी के साथ उन्होने कुछ समय काम किया और बाद मे स्वतन्त्र रूप से यही काम करते रहे एव जयधवला के सोलहो भाग का हिन्दी अनुवाद का काम पूरा किया। यह पूर्णता हस्तिनापुर मे १९८६–८७ मे हुई।

बीच मे उनका स्वास्थ्य बिगड गया था, अत उन्हे इदौर व हस्तिानापुर के आश्रमो मे रहना पडा जहा समाज ने उन्हे यथासभव सहयोग दिया। इस तरह, उनका क्रियाशील जीवन अर्धशतक से भी अधिक समय का रहा। वे प्रतिदिन प्राय छ–सात पेज का लेखन कार्य करते थे। इसका उनकी दृष्टि पर बडा प्रभाव पडा।

पडित जी का कृतित्व

डा० अशोक जैन के अनुसार उनके द्वारा अनुदित, सपादित एव मौलिकत लिखित ग्रथो की सूची निम्न है –

क्र०	कृतित्व	पृष्ठ	प्रकाशन वर्ष
१	षट्खडागम धवला भाग (१–१६) (कुछ सहयोगी भी)	६४००	१९३९–५९
२	महाबध २–७	३०००	१९४४–७०
३	जयधवला १–१६	६५००	१९४१–८२
४	सर्वार्थ सिद्धि	५००	१९६०
५	जैन तत्व मीमासा	४२२	१९६०–७६
६	खानिया तत्वचर्चा	८५०	१९६७
७	वर्ण, जाति और धर्म	४५५	१९६३
८	पचाध्यायी	५००	१९६०

६	आत्मानुशासन	५००	१६६०
१०	अकिंचित्कर एक अनुशीलन	२००	१६८६
११	परवार जैन जाति का इतिहास	५००	१६८७
१२	ज्ञान समुच्चय सार	–	१६७४
१३	ज्ञानपीठ पूजाजलि	५५०	१६६०
	योग	**१६,८७७**	

यहाँ पर नये सस्करणो, सशोधित कार्यों को नहीं लिया गया है।

यह सूची सकेत देती है कि पडित जी ने अपने ५४ वर्षों के साहित्यिक जीवन मे प्राय २० ००० से अधिक पेजो का सपादन, मौलिक लेखन, अनुवाद व टीकाकरण किया है। यह प्राय ३७० पृष्ठ प्रतिवर्ष आता है। यद्यपि सपादन और अनुवाद, टीका लेखन से तुलनात्मक सरल होता है फिर भी इसके लिये भाषा, विषय एव भाव–विज्ञता अधिक आवश्यक है। कभी–कभी तो यह टीका से भी कठिन होता है। फिर भी पडित जी ने मौलिक लेखन भी पर्याप्त मात्रा मे किया है। इनकी अनेक पुस्तको के अनुवाद मराठी भाषा मे भी हुए है। इस लेखन के अतिरिक्त, पत्र–पत्रिकाओ मे भी उनके लेखो की सख्या शताधिक है। उक्त सभी कृतियो का प्रकाशन अनेक सस्थाओ से हुआ है।

हम आचार्य वीरसेन (८–६ वीं सदी) के ६२००० श्लोक प्रमाण टीका के प्रमाण और कोटि के प्रशसक है। उन्होने लगभग ३००० श्लोक प्रतिवर्ष के समकक्ष प्रणयन किया। यदि सामान्य हस्तलिखित ग्रथ के प्रति पेज पर १० श्लोक भी माने जावे, तो उन्होने प्राय ६२०० पेजो का साहित्य प्रणीत किया। यह पडित जी के २०,००० पेजो की तुलना मे प्राय ५० प्रतिशत के समकक्ष आता है। यही नहीं, समय की समकक्षता (वीरसेन ३२ वर्ष) की दृष्टि से देखने पर भी पडित जी ने वीरसेन के २६० पेज प्रतिवर्ष की तुलना मे प्राय ३७५ पेज प्रतिवर्ष साहित्य प्रणीत किया। इन दोनो ही दृष्टियो से हम पडितजी को बीसवीं सदी का वीरसेन तो कह ही सकते हैं। इनके एक अन्य सहयोगी प० महेन्द्र कुमार न्यायाचार्य भी इसी कोटि मे आते हैं जिनकी न्याय–कृतिया एव सपादन भी प्राय ३१० पेज प्रति वर्ष आते है।

अन्य गतिविधिया

अनेक जैन विद्वानो की तुलना मे पडित जी की जीविकेतर गतिविधियो की विविधता अधिक रही है। उनकी गतिविधिया, उनकी विचारधारा और आतरिक मनोवृत्ति को प्रकट करती हैं। उनकी गतिविधियो को तीन कोटियो मे वर्गीकृत किया जा सकता है।

१ राष्ट्रीय या राजनीतिक

वे सादूमल के अध्ययन काल से ही राष्ट्रीय गतिविधियो मे सक्रिय रहे है। सन् १६२० मे राष्ट्रीय स्वतत्रता से सबधित विषयो पर तीक्ष्ण भाषणबाजी के कारण कलेक्टर का विराध पत्र आया, तो उन्होने 'मुट्ठी फड' स्थापित किया और वे अनाज एकत्र कर गरीबो मे बाटने लगे। बीना मे भी काग्रेस के स्वतत्रता आदोलन मे सक्रिय भाग लेते रहे। वे जुलूसबाजी एव भाषणबाजी तो करते ही थे, विदेशी वस्त्रो के बहिष्कार मे भी सक्रिय सहयोग देते रहे। वे भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे तथा बीना, सागर, शोलापुर की जिला काग्रेस कमेटियो के पदाधिकारी रहे। वे अमरावती मे काग्रेस के सयुक्त मत्री रहे। वे यवतमाल,

पूना, एव नातेपुते के काग्रेस अधिवेशन मे भी सम्मिलित हुए। उन्होने स्वतत्रता आदोलन मे जम कर भाग लिया तथा दो माह की जेल यात्रा भी की। ये सभी कार्यक्रम १९२८–४२ के बीच की सक्रियता के परिणाम है।

२ सामाजिक

बुदेलखण्ड भारत का पिछडा प्रदेश है और भारत देश के मध्य मे होने पर यहा बाहरी हवा भी कम पहुच पाती है। इसलिए यहाँ के सामाजिक एव धार्मिक वातावरण मे रूढिवादिता एव परपरापालन अधिक है। यह स्थिति वर्तमान प्रगति के युग मे अनिच्छित है। जैन समाज मे हरिजन मदिर प्रवेश, दस्सा (किचित् पतित) समस्या, तारण पथी मे समैयाओ की पृथकता, अनेक गजरथो की बहुलता आदि अनेक प्रकरण समाज को जोड रखने मे बाधक थे। पडित जी हरिजन मदिर प्रवेश के समर्थक तो थे ही, वे सामाजिक नियमो से किचित स्खलित व्यक्तियो के मदिर–प्रवेश तथा सामान्य शादी–विवाह के समर्थक थे तथा समैयाओ को भी पृथक नहीं मानते थे। बीना और आगासौद की अनेक घटनाये समैया समाज की सामान्य एकीकरण से सबधित हैं। बीना मे वे सहर्ष उनके यहा विरोध होने पर भी भोजन करने जाते थे। ब्र शीतल प्रसाद जैसे प्रगतिवादी विचारक की विचार सभा पडित जी के दम पर ही हो सकी थी। दस्साओ के पूजाधिकार तथा सामान्य समाज मे शादी–विवाह के लिये देवगढ गजरथ मे आन्दोलन हुआ, खुरई मे मुकदमा चला, पर पडितजी तो दस्साओ के सामाजिक अधिकारो के हनन के विरोधी थे। कुरवाई की परवार सभा मे एतदर्थ एक कमेटी बनी जिसमे श्रेष्ठिजन एव विद्वानगण सम्मिलित थे। काफी चर्चा के बाद दस्साओ के पक्ष मे ही निर्णय किया गया।

पडित जी का मत था कि गजरथ महोत्सवो मे व्यय करने के बदले समाज को अन्य अनेक समाज हित के कार्यों मे धन का सदुपयोग करना चाहिए। फलत उन्होने गजरथ–विरोधी आदोलन चलाया। इस हेतु उन्होने केवलारी मे उपवास भी किये। एतदर्थ जबलपुर मे परवार सभा का अधिवेशन बुलाया गया और प० देवकीनदन जी की अध्यक्षता मे बनी समिति ने अनावश्यक गजरथो के रोकने और जीर्णोधार, शास्त्रो)ार, असहाय की सहायता एव धर्म प्रभावना की ओर समाज को जागृत किया। इस प्रकार पडित जी ने अपने समय की अनेक सामाजिक विषमताओ को बडी सूझ–बूझ, सहि णुता तथा विद्वता से दूर करने मे सफलता प्राप्त की।

३. धार्मिक समस्यायें

पडित जी के समय मे अनेक धार्मिक मान्यताओ से सबधित समस्याये भी थीं। धवला–१ के सूत्र ९३ मे 'सजद' पद के होने न होने पर विवाद छिडा। इसके लिये बबई मे समर्थक एव विरोधी विद्वानो की तीन दिन की बैठक मे पक्ष–विपक्ष की अनिर्णीत चर्चा हुई। पडित जी 'सजद' शब्द होने के पक्ष मे थे, और प० वशीधर जी व प० कैलाशचन्द्र जी उनके सहयोगी थी। वर्तमान मे प्रकाशित धवला–१ के सूत्र ९३ मे 'सजद' पद पाया जाता है।

~~ही बात है। मैंने पूज्य ... के दिन हमने हमारा चैत्यालय श्री चंद्रप्रभु दि. जैन मंदिर~~ मूलेश्वरमें विराजमान कर दीया है। अतः मैं मलाड-मुमुक्षु मंदिरमें घरसे स्नाना-दि करके शुद्ध वस्त्र पहनकर गये तो हमको अभिषेक करनेका निषेध कर दीया कहा की "स्नान मंदिरमें ही करना चाहिये" सत्य है। किंतु जब हमारी पासमें व्यव-स्था है, फिर हम क्यो मंदिर के पैसे से बने गर्म पानि- धोति विगेरे का उपभोग करे? देवद्रव्यसे ही धोति खरीदते है, पानि आदि गर्म करते है। निर्माल्य द्रव्यका उपभोग हम क्यो करे? शुद्धि आवश्यक है, मंदिर मेरे घरसे निकट है। स्नानादिसे शुद्ध वस्त्र पहनकर रास्तेमें कीसीका स्पर्श कीये बिना ही हम मंदिर जा शकते है फिर भी द्वेषवश खींचातानी मूढता ही है, पाखंड है। चैत्यालयके कुछ १२-१५ शास्त्र थे जो मैंने मंदिरमें भेट रख दीये, तो यहांका सेक्रेटरी कहने लगा की वापस ले जाव, यहां नहि रखनेके है, सोनगढके पुस्तकोको ही हम रखेंगे। अब आप कहे ऐसे अज्ञानीयोको अन्ध समर्थन करके जिनेंद्र शासन की वृद्धि होगी? इन लोगोके समुदायमे ऐसे अज्ञानीयोंका बहुमत है। और शासन बहुमतसे चलता है। सोनगढके प्रमुख, ट्रस्टके प्रमुख और महामंडलके भी प्रमुख श्रीमान शेठश्री नवनीतभाइ ने जिनेन्द्र प्रतिमा स्वीकारने को सम्मति दी थी। उसका भी अपमान इन ढुंढकोने कीया है। यहांका मंत्री हमको आज ही कहता था की "प्रमुख को सत्ता नहिं है" "उनका कुछ चलेगा नहि" अब बताओ अपने विकी क्या हैसीयत है? आप जैसे विद्वानकी भी ढुंढक मामुली आदमी टीका कर शकता है और ऐसा कह देते है की "तुमारे दीगंबरोंके बडे बडे पं भी हमारे गुरुदेवके सामने झुकते है।" आप यहा मलाडके कार्यकर्ताओको उचित सलाह देनेको सोनगढ लीख शकते है? मेरा विरोध न तो कानजीस्वामीसे है न तो उनके अध्यात्मसे, किंतु ऐसे नादान अपरिपक्व अज्ञानी ढुंढकों के हाथमे बहुमतसे जो सत्ता है उससे जिनशासनको महति क्षति भाविमे पहुंच शकती है। अतः मेरा अभिप्राय स्पष्ट यह है की श्री कानजीस्वामीके द्वारा प्रचारीत दीगंबर अध्यात्मको शुद्ध रूपसे पालन करनेवाला दिगंबरों का एक अलग संगठन बनाया जाय, जीससे ढुंढकोकी अमर्याद सत्ताके द्वारा जिनशासन की होनहार विराधना का निवारण हो। यदि अलग दिगंबर संगठन बनायें तो मैं मेरी सर्व शक्ति संपूर्ण रूपसे अध्यात्म तत्त्वके प्रसार हेतु लगानेको तैयार हु। हमारेमे अपने दि. श्रीमंतो और विद्वानोकी अवहेलना ढुंढकोंके द्वारा जो हो रही है यह बरदास्त नहि होती है किंतु वे ही श्रीमंत और विद्वान उनमें मीले हुए है। दीगंबरोके जो परंपरा संस्कार है उससे वे तुरंत

~~अध्यात्मको अवधारण कर सकते है। ढुंढकोंमें वह शक्ति - संस्कार नहिं~~
है। अतः कानजीस्वामी जो अध्यात्म प्रचार करते है. वह तो हमें मान्य है ही, किंतु विरोध ढुंढक महात्मा बहुमतिका है जिनसे भावीमें जिनशासनकी महत्ता प्रति पहुंचे ऐसी संपूर्ण शक्यता में हैं। अतः सोनगढ द्वारा प्रचारित तत्त्वको दिगंबर समाजमें प्रसारीत करनेके लीये दिगंबरों का ही संगठन बनाया जाय, धन दान - श्रम - वचन शक्ति का उपयोग दीगंबर संगठनमें ही हो। ऐसा होनेपर ढुंढकोंकी दीगंबरमें घाल की जो तेजी है वह ठीकाने पर आजायगी, और दिगंबर समाजकी फाट का निवारण होगा ही। सोचेंगे।

भवदीय

कान्तिलाल शाह

ता. क. आज ही रातको पता चला है की मलाडके मंदिरमें इन लोगोंके प्रतिदिन दर्शन के लीये आनेवाले पांच - सात है, जब की ९०% तो दीगंबरी ही है। इन सबको यहांके मंत्री आदि लोगोंके ढुंढक दृष्टी से नाराजगी है और यहां नया मंदिर (दीगंबरी) बनानेकी भावना बढ़ रही है। हमारा द्रव्यसंग्रह - रयणसार - महावीर पुराण नियमसारादि शास्त्र गुम कर दीये है। जैसे द्रव्यसंग्रह [illegible] की आपने सराहना की है। वीतराग और अध्यात्मके शब्दोंका उच्चारण ही धार्मिकता नहिं है। यदि यहां विरोध न बढ़ाना हो तो यहांके मंत्रीआदि तथा कषायी महात्माओंको कार्यकर्ता पदसे हटाना चहिये। इनसे प्रगट विरोधीयोगसे है। किंतु श्रीमान नवनीत भाइ तो सोनगढके प्रमुख है, इनको भी तुच्छतासे देखते है, जो ऊपर लीख आया हु। तब भला यह सोचो की, धर्म हमें करना है, तो जिन लोगोंसे अपना जन्मसे ही श्रद्धा, आचरण मान्यता - संस्कार समान है ऐसे अपने ही समाजसे प्रतिकूल होकर ऐसे महात्मा मूढ और विभिन्न श्रद्धा - आचरण संस्कारवाले ढुंढकोंके द्वारा ठुकराये जानेपरभी हम स्वमानहीन बनकर उनमें क्यों रहे? यदि धर्म ही हेतु है तो अपने ही दीगंबरोंका संगठन करके, अध्यात्मतत्त्वका प्रसार कर सकते है, धर्म अपना परिणतिमें है, ढुंढकोंमें नहि। यदि कहा जाय "उनसे संख्यावृध्धि होती है" तो सोचो की संख्यावृध्धि करनेके लीये अपने निजि समाजके अधिकाश (६०%) जनोंको अलग कर रहे हैं। मेरा यह दृढ निर्धार है की अपने समाजका वैमनस्य बढाकर, ढुंढकोंसे मील जानेवाले दांडुओंकी यह हालत होगी की "तेजे गइ पूत खो आइ खसम"। भले अंतमें मैं कानजिस्वामीको और तत्त्वसारको मानता हु, किंतु दिगंबर समाजका विभाजन हो उसी प्रकारसे उनके संगठनमें सम्मिलित नहि होना चाहता हु। अपने दीगंबरोंमें अब अध्यात्मकी तेजी आयी है। (क्रम)

डॉ. भागचन्द्र जैन,
एम. ए., पी-एच. डी.
शास्त्री, काव्यतीर्थ, साहित्यरत्न,

अध्यक्ष, संस्कृत विभाग,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सीहोर [म. प्र.]
३१-१२-७०

श्रद्धेय पं. जी,

सविनय प्रणाम।

आपका दि० १२ नवम्बर का पत्र यथासमय आ गया था। उत्तर लिखे जाने योग्य स्थिति प्राप्त कर सकने में बहुत समय लग गया, इसीलिए यह पत्र काफी देर से लिखा जा रहा है। कृपया इस विलम्ब हेतु मुझे क्षमा प्रदान करें।

आपके सौहार्द और आत्मीयभाव के लिए सदैव विनम्र हूँ, रहूँगा। आपने शोधप्रबन्ध के प्रकाशन मे आवश्यक योग करने का जो आश्वासन दिया है, उससे मैं पूर्ण आश्वस्त हूँ। जब आप जैसे वृद्ध (ज्ञानेन वयसा-च) विद्वान् का आशीष मुझे उपलब्ध हो गया है तब प्रबन्ध प्रकाशित होना तो सामान्य सी बात है।

प्रबन्ध की प्रति आपके पास भेजने हेतु प्रति प्राप्त करने में ही इतना विलम्ब हो गया उत्तर (लिखित) लिखने में। विश्वविद्यालय को प्रबन्ध अर्पित करने के पश्चात् मेरे समीप केवल दो प्रतियाँ अवशिष्ट थीं। एक प्रति, जैसा कि मैं प्रथम ही निवेदन कर चुका हूँ कि [redacted] मेरे साथी मित्र डॉ० गोकुलचन्द्र जी के पास है, वे साहु जी को दिखाकर प्रकाशन क्रम में वरीयता प्राप्त करना चाहते थे। उनका अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं मिला। प्रतीत होता है वे अभी तक अनुकूल अवसर नहीं प्राप्त कर सके हैं।

दूसरी प्रति मध्यप्रदेशीय विश्वविद्यालयीन हिन्दी ग्रन्थ रचना अकादमी को दी गई है, आपका पत्र मिलने पर मैंने अकादमी के संचालक से पत्राचार किया। कोई स्पष्ट उत्तर न मिलने पर मैं स्वयमेव उनसे भेंट करने गया। भेंट में उन्होंने बताया कि ८-१० जनवरी तक अपने अभिमत के साथ ग्रन्थ लौटा देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश शासन प्राचीन कला केन्द्रों पर शोधपूर्ण ग्रन्थ प्रकाशित करना चाहता है, उस योजना में इसे लिया जा सकता है। जो भी हो, १० जनवरी को मैं पुनः उनसे मिलूँगा। यदि उन्होंने उसे शासकीय प्रकाशन योजना में स्वीकार कर लिया तो

ठीक ही है। अन्यथा प्रबन्ध लेकर आपकी सेवा में भेज दूँगा।

मेरे पास इस समय एक भी प्रति न होने से नहीं भेज सका हूँ। कृपया अन्यथा न सोचें।

आपके पास प्रबन्ध पहुँचकर अपने श्रम को सार्थक समझूँगा।

मान्यवर पं. दरबारीलालजी कोठिया जी ने भी आपका संकेत सूचित किया है। उनसे मेरा प्रणाम निवेदित करें।

आपके सुखी और दीर्घायुष्य की शुभभावना के साथ -

— भवदीय विश्वसनीय,

भागचन्द जैन



फोन ६१४८२

श्री टोडरमल स्मारक भवन

ए-४, बापूनगर, जयपुर-४ (राजस्थान) २५-३-८१

श्रीमान् सम्माननीय श्री पंडितजी साहब

सादर जयजिनेन्द्र

आपके पूर्वपत्र के अनुसार आप अब बाहर जाने आने के सभी
विकल्पों से मुक्त होकर वाराणसी पहुंच गये होंगे - हमारे
लिये खेद है कि आपके बाद में आपके स्वास्थ्य में ही गे
आपके प्रमाण पत्रादि वाला लेख जो अध्यात्म आदि में पूर्ण किये
मार्च के प्रथम में भेजने का लिखा था सर. वह तो शीघ्र भेज दें
बाकी काम ले तो कोमी आपको सुविधा अनुसार शीघ्र ही
भेजा करादें तो बहुत कृपा होगी


पूज्य गुरुदेव श्री के पधारने के समय तो उत्तम ही देवत
सम्भव होतके आपको पधारना ही होगा - अप्रेल में पधारने
में आपके असुविधा लिखी सो अगर अप्रेल में आ जाते तो
तैयारीओं की जा रही है वह आप के समय से निकल जाती तो
हम लोगों को विश्वास बन जाता लेकिन अगर आप नहीं पधार
सके तो पू. स्वामीजी के पधारने के समय तो आपको पधारना ही है
कार्यक्रम तो आपको भेजेंगे ही

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि इस वर्ष परीक्षा में ९५०० छात्र
बैठे हैं - अब भी वीतराग विज्ञान पाठशालाऐं हर स्थानों पर चल रही हैं

शेष कुशल समाचार देवें योग्य सेवा लिखें

भवदीय

नेमीचन्द पाटनी



तीर्थंकर महावीर

२५००वाँ निर्वाण महोत्सव

पं. पद्मचन्द्र एम. ए.

उज्जैन (म.प्र.)
दिनांक १०.१.७२

प्रात स्मरणीय पूज्यपाद दादा,

सादर चरणस्पर्श।

अम्मा जी को सादर प्रणाम। चि. अशोक को शुभाशीर्वाद।

चिरकाल बाद समाचार मिले - प्रसन्नता हुई। आपके आशीर्वाद से मुनि श्री के चरणों में सानन्द हूँ। किसी अपने मिलने वाले ने ही आपसे मेरी दिल्ली नियुक्ति के विषय में मत लेने के लिये मिथ्या सूचना दी होगी। आपने ठीक लिखा है कि दुनिया की पहिचान बड़ी कठिन है। मैं आपके आदेश और आशीर्वाद से ही चल रहा हूँ अपने काम से काम। मैं तो प्रसन्न से ही रहता हूँ - मेरे आदर्शों के संबंध में व्यवहार के संबंध में आप कहीं भी किसी से जान लेंगे कि मेरा स्थान मुनि श्री के संघ में कैसा है? मैं लिखना नहीं चाहता। मेरा अनुभव है कि मुझे किसी विद्वान से वास्ता नहीं पड़ सकता, [illegible] मैं विद्वान नहीं अथवा हाँजी, हाँजी करने वाला नहीं। किसी ने आपसे कहा होगा वह छोटे-मोटे विद्वान श्रेणी का ही होगा ऐसा मेरा अनुमान है। अस्तु।

बालक दिल्ली में ठीक है, मेरे लिये सब [illegible] है और आपको लोगों की सूचना देने वाले महोदय [illegible] से कहीं अच्छी आय है - गुजारा ठीक चल रहा है। चि. [illegible] M.A. P के बाद [illegible] में संलग्न है। चि. [illegible] गतवर्ष से प्रथम श्रेणी में नम्बर से आया है - परीक्षा हो गया है - शायद [illegible] ले आवे - B.Sc फाइनल है। मधु स्कूल में प्रथम आती रहती है। [illegible] पास हो जाता है - अभी खेल में ध्यान है। [illegible] की मां [illegible]

मृत्यु मुख में थी . पात्र-विशेष और यत्न के कारण बच गई - अनुपम की आयु पूरा न हुआ। अब तो ऐसा मालूम होता है कि बीमारी मेहमान होकर आई थी। स्वास्थ्य ऐसा होगया है — बढ़िया, कि 'न भूतो न भविष्यति'। आपका आशीर्वाद है।

चि अशोक होनहार है - वह उत्तम लेखक बनेगा, इसमें सन्देह नहीं। आपका स्वास्थ्य अब तो अवस्था का अनुसरण करता होगा मेरे योग्य सेवा लिखते रहियेगा। मुझे तो आपका पत्र मुनीश के दिल्ली स्वागत के समय चि राजू की डाक से मिला अचानक अतीत दिनों की स्मृति आगई। मेरी मुश्किल के बाद भी आपने मेरी सहायता उसी भांति की थी, जिस भांति भारत सरकार और श्रीमती गांधी मुनीश की कर रहे हैं — अन्तर इतना है कि इस समय यात्रा बहुत लम्बी है, पर उस समय के यात्रा और मुझे अब भी स्वच्छन्द हैं। मैं और परिवार आपके एहसान को न भुला पाये यही सौभाग्य है।

मुनिश्री इस युग की विभूति हैं — उनसे लोगों में जैन की प्रभावना हो रही है, ऐसा मेरा अनुभव है। आपको मैंने पुस्तक 'हिमालय के पद चिह्न' भेजी थी, ६ मास हुए - मिली होगी -- मुनिश्री की ऐतिहासिक यात्रा रही। अजैनों - धर्मधुरंधरों से विहार कर जैन का लोहा मनवाना असाधारण घटना है। फिर लोग इन्हें लौकिक साधु कहे तब भी इसमें आपत्ति नहीं — लौकिक तो सभी ~~[illegible]~~ हैं। अस्तु. मेरा ठीक चल रहा है। कल दिल्ली जा रहा हूं - पत्र वहीं दीजियें। मिलने के भाव तो कई बार हुए, पर अवसर नहीं आया — योग न बन सका। जब आप आज्ञा करेंगे सेवा में हाजिर हो जाऊंगा। आपके आशीर्वाद से बच्चे स्थानों पर बैठ जाएंगे दुख-सुख तो चलते ही हैं। मुनि श्री का ४० दिन का मौन चल रहा है — आपको आशीर्वाद लिखाते हैं। जब कभी प्रसंगवश आपकी चर्चा में आपको सम्मान देते हैं। शेष शुभ।

विनीत · [illegible]

पता- २६४/१०/४ श्री रघुबरपुरा २, गली ११,
पो. गांधीनगर . दिल्ली-३१

श्री प्रकाश हितैषी से बहुत समय से मिलना नहीं हुआ : मेरे से तो उन पत्रकारका इतना स्नेह है. सभी बड़े सज्जन हैं। आपका पत्र उन्हीं की मार्फत राजू तक पहुंचा। चि कोमल घर आता ही रहता है - उससे घर तक और घर से मैं तक - आप सबों के समाचार मिलते रहते हैं।

प्रो० डा० जी० सी० चौधरी
एम० ए० पी-एच० डी०
आचार्य, न्याय-काव्य-तीर्थ
साहित्य एवं सिद्धान्त-शास्त्री
(B. E. S. Class I)

नवनालन्दा महाविहार
नालन्दा
तिथि ४-३-१९६२

पूज्य पण्डित जी सा०

सादर प्रणाम

आपका २७-२ का पत्र मिला। मैंने राजगीर जाकर पता लगाया तो ता० २ तक पूज्य पार्श्वमती जी नहीं आईं। भाई नेमकुमार जी को भी आपका पत्र मिला है। वे उन्हें सब सुविधा देंगे। कब तक उनके आने की खबर नहीं मिली। आज दो आदमी राजगीर गये हैं उनसे भी पूछ लेने को कहा है।

मैं जैनागम के जैन साहित्य के इतिहास भाग ६ — काव्य साहित्य के लिखने में लगा हूं इससे इस ओर होती देरी में न आ सका। मकर आया था। यहां मेरा कनिष्ठ पुत्र ... के साथ नालन्दा में आ गया है। अब उसे किसी के साथ ले जाने का प्रबन्ध करना है। मझले लड़के की matric परीक्षा के कारण उसकी मां ३-४ अप्रैल तक रहेगी। यहां दो बच्चियां और हैं। ... अब भी आता हूं तो आपके दर्शन के लिए अवश्य पहुंचूंगा। और आगे भी वैसा ही करूंगा। परिवर्तन की संभावना नहीं।

आपके पत्र से तथा ग्रन्थमाला के मंत्री जी के पत्र से सूचना मिली कि मैं श्री ग० वर्णी ग्रन्थमाला की प्रबन्ध समिति का सदस्य चुना गया हूं। उक्त कार्य में सहयोग देने का अवसर पाने के लिए मैं आप सब गुरुजनों का आभारी हूं। आपकी महती वात्सल्य का ... इसमें संलग्न हो सकूं तो सौभाग्यशाली मानूंगा।

यहां आचार्य विजय सेन जी के प्रयत्न से राजगीर में एक बृहत् सरस्वती मन्दिर का निर्माण हो रहा है। एक भव्य इमारत बन गई है। अब एक विशाल जैन पुस्तकालय का प्रयत्न हो रहा है। यहां हम लोगों का ध्यान भी आकर्षित होने जा रहा है। राजगीर के जैन पुस्तकालय को भी शोध कार्यों में सहयोग प्राप्त कराना है।

आपका स्वास्थ्य ठीक होगा, आशा है, ...

अब शोध पुस्तकालय के संगठन का प्रयत्न होना चाहिये।

आशा है आप पूर्ण लिखिये एवं समाचार देंगे।

विनीत
गुलाबचन्द्र

अशोकनगर
१५।७।७२

आदरणीय शास्त्रीजी,

सादर जयवीर।

कृपापत्र प्राप्त हुआ। दो जगह आदि में मैं जाना पड़ा। अतः पत्रोत्तर देने में विलंब हुआ।

चि. पृथ्वी आचार्य को पत्र दिया था कि [illegible] की रजिस्ट्री किसी वकील की सलाह से भिजवा दो। उसने उत्तर नहीं दिया। फिर लिखेंगे।

चना हमने १८७ क्विंटल ९९ के भाव में लिया था। आज भाव १११ है। आशा है भाव बढ़ेंगे। ७२ में नहीं लिया जा सका फिर भी लाभ होने की संभावना है। जिस दिन बिके, उसी दिन वास्तविक लाभ का निर्णय हो सकेगा।

चंदेरी पर जो लेख आपने वापिस किया था, वह सन्मति संदेश में भेज दिया है। देखिये, आगे [illegible] में या दिसंबर में। प्रकाशित होने पर सूचित करूंगा।

चेदिपुर के संबंध में निवेदन है कि चंदेरी का नाम चेदिपुर किसी ऐतिहासिक प्रमाण से सिद्ध नहीं होता। किंवदंती है कि शिशुपाल चेदी देश का राजा था, शिशुपाल यहां का राजा था। फिर कुछ लोग माहिष्मती (महेश्वर) को चेदी की राजधानी मानते हैं कुछ चंदेरी को। चेदी जनपद बुद्ध के युग में भी था। परंतु त्रिपुरी राजधानी थी, या माहिष्मती में या चंदेरी में यह विवादग्रस्त है। जिस प्रकार मध्ययुग के [illegible] राजाओं को [illegible] चक्रवर्ती कहा किया [illegible] आगरा या [illegible]। इसी प्रकार किसी समय किसी ने चंदेरी को चेदिपुर लिख दिया होगा। इतना ही ज्ञात है।

आप सन्मति संदेश में चंदेरी पर लेख देखा [illegible] देखेंगे। [illegible] नहीं [illegible] अभी [illegible] है। शेष शुभ —

चि. अशोक [illegible] में आया होगा। [illegible] हुआ या नहीं?

आपका [illegible] आचार्य
द्वारा - पन्नालाल जी जैन [illegible]
अशोकनगर (जि. गुना)
म. प्र.

है गाइड टू चंदेरी' में एम. बी. गर्दे, पुरातत्व विभाग।
आर्कियॉलॉजी, ग्वालियर राज्य (1928) ने चंदेरी
नामकरण के 3 विकल्प दिए हैं:— (1) चंद्रगिरि
से - जिस पहाड़ी पर वर्तमान दुर्ग है, उसका नाम
चंद्रगिरि था, दुर्ग निर्माण एकदम आकस्मिक हुआ।
(2) चेदी से चंदेरी (3) चंदेलों की राजधानी
चंदेली से चंदेरी।

तात्पर्य यह है कि निश्चयपूर्वक नहीं
कहा जा सकता कि origin क्या है। ऐसे मामलों में
अनुमान ही लगाये जा सकते हैं। विभिन्न विद्वानों में
मतभेद भी बने रहते हैं जैसे विराट नगर ही,
राजस्थान वाले जयपुर-अलवर के पास बताते हैं।
म.प्र. वालों में एक लोकमान्यता है अभी तक कि
होशंगाबाद जिले में सोहागपुर के पास थी।

अभी तक बुंदेलखंड वाले बुंदेलखण्ड
की उत्पत्ति विंध्य से मानते हैं परंतु आनंद
नाहटा का लेख 'संदेश' में है कि बुंदेलखण्ड
पुलिंद से बना है।

'जोबट' तपोवन से बना होगा ऐसा मैंने लिखा
था। आपने कहा कि सतवन से बना होगा।
इसी प्रकार चंदेरी समझा था। बीकानेर में एक किले
[illegible] है [illegible] की। मैं एक [illegible]
पर चंदेरी जायेंगे। उनके जोबट का लेख देखें तो वे
कहेंगे कि सतवन से ही बन सकता है, तपोवन
से नहीं। इस प्रकार आपके मत की पुष्टि हो गई है।
ये मामले इसी तरह चलते रहेंगे।

भवदीय —
— [illegible] लाल तिवारी

बेहरगंज, नया बाजार,
नीमच (मन्दसौर) म.प्र.
२-२-६२

पूज्य पण्डितजी सा;

सादर प्रणाम।

खेद है कि आपका ७ जुलाई का लिखा हुआ पत्र दो दिन पहले ही मुझे मिल सका। जिन दिनों में आपका पत्र यहाँ आया उन दिनों मैं दिल्ली में था। लौट कर घर आने पर श्रीमतीजी ने कुछ डाक-पत्र दिए और कुछ छिपा दिए। इस बीच एक दिन उन्होंने क्रोध में आ कर सब से छोटे बच्चे को जो पौने तीन साल का है ऊपर की मंजिल से हाथ पकड़ कर नीचे फेंक दिया, जिससे वह मरणासन्न स्थिति तक पहुँच गया था। अब ठीक हो गया है। मैं जिन दिनों में दिल्ली में था उन्हीं दिनों में यहाँ घर पर हजार-डेढ़ हजार रुपयों की जितनी भी पुस्तकें थी वे सभी श्रीमतीजी ने बच्चों के साथ बाजार में आठ आना किलो के भाव बेच दी। लगभग ४० किलो पुस्तकें अभी तक बाजार से वापिस मिल सकी है। इस बीच कई नाटक हो गए, जिन का मन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा है कि लगता है कि अब नौकरी छोड़ कर कहीं अत्यन्त शान्त वातावरण में जा कर लिखना-पढ़ना चाहिए। बच्चों की शिक्षा की समस्या जटिल है। अभी तो दोनों बच्चों को २०) मासिक पर जैन बालाश्रम में भर्ती करा दिया है। यदि मुझे सरकार से बाहर जाने की अनुमति मिल जाती है तो कृपया यह लिखने का कष्ट करें कि मुझे विदेश जाने के लिए आप कहें और कुछ धन-राशि की व्यवस्था कहीं से हो सकेगी?

मैंने "पौरपट्ट" के अन्वय वाली उन्होंने की एक मूर्ति, जो कि हाल में ही भानपुरा में आई है, उसका ~~की~~ मूर्तिलेख पं. को "अनेकान्त" में प्रकाशनार्थ दिया है। लेख छप कर आने में देर है। उसकी एक प्रति आपके पास अवश्य भेजूँगा।

मेरी पुस्तक "अपभ्रंश भाषा और साहित्य की शोध-प्रवृत्तियाँ" ज्ञानपीठ से प्रकाशित हो गई थी, इस में १९३६ से १९८१-८२ तक प्रकाशित अपभ्रंश साहित्य के लेखों व पुस्तकों का विवरण और अप्रकाशित लगभग ४०० अपभ्रंश-रचनाओं का उल्लेख किया गया।

आपने पत्र में लिखा है कि [illegible] मेरा ग्रन्थ भेज कहीं खो गया था यदि अब तक आपको न मिला हो तो कृपया लिखिए मेरे पास प्रतिलिपि है, फिर से भेज दूँगा।

मेरे योग्य सेवाकार्य लिखें। मैं ८७ वर्ष का। अस्वस्थ और बिस्तरों पर लेटा हूँ। क्या करूँ? कुछ लिखने में नहीं आता। कोई कार्य करना असम्भव। माँ सा. को प्रणाम। प्रबोधकुमार को आशीर्वाद।

आपका ही विनीत

[illegible]

श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास द्वारा संचालित

श्री परमश्रुतप्रभावक मंडल

श्रीमद् राजचंद्र जैन शास्त्रमाला

चौकसी चेम्बर, खाराकुवा,
जौहरी बाजार, मुंबई-२

ॐ

स्टेशन अगास,
पो बोरीआ (वाया-आणद)
ता. १६ ८ ७२

श्रीमान् आदरणीय पं. फूलचन्द्रजी सा. सिद्धान्तशास्त्री,
सादर जयजिनेन्द्र।

अभी आपका दि. १४/८/७२ का कृपाकार्ड पाकर प्रसन्नता हुई। अपना जो निर्णय हो गया है उसीके अनुसार रखिए। अन्तिम प्रूफ आप देखिए, इससे पहले एक या दो बार प्रूफ देखना पड़े तो उसकी व्यवस्था आप किसी विद्वानसे करें, ५) प्रति फार्म उन्हें हम अलगसे दे देंगे। आरम्भिक पृष्ठोंका प्रूफ (१-२ फार्म) यहाँ भी भिजवा दें जिससे कि उसका गेट-अप देख लिया जायगा।

श्री माधवचन्द्र त्रैविद्य रचित क्षपणासारके लिए आजही ब्यावर लिखा है, उन्हें हम दोसौ रु. ग्रन्थकी डिपोजिट भेजते हैं आपके पास ग्रन्थकी प्रति ब्यावरसे रजि. पोस्टसे पहुँच जायगी। यहाँसे छपित ग्रन्थ परसोंकी डाकसे आपको भेजेंगे।

परसों १७/८/७२ को आपको एक कार्ड लिख दिया था, मिला होगा। कष्टके लिए क्षमा।

गोम्मटसार जीवकाण्डमें और परमात्मप्रकाशमें जो टाइप लगे हैं - वही ५ टाइप इसके लिए उपयुक्त हैं। गणितके संकेत भी श्रीमान् फागुल्लजी तैयार करा लेंगे, उन्हें भी यहाँसे पत्र लिखते हैं। आप भी टाइपादिके बारेमें उन्हें यह पत्र बता दीजिए। टाइप-सज्जामें वे निपुण हैं, अधिक क्या?

हस्तलिखित प्रति. के लिए भी प्रयत्नमें हैं जैसा कि १७/८ के पत्रमें लिखा था।

लब्धिसारका प्रूफ यहाँ भेजेंगे तो यहाँ भी देख लिया जायगा - जैसा आप उचित समझें।

विनम्र
बाबूलाल जैन

वालचंद देवचंद शहा

"मधुबन"
नौरोजी लॉसलेन घाटकोपर
मुंबई ७७
फोन. ५५१४११
२६-९-७२

श्री पं. फूलचंद्रजी सिद्धान्तशास्त्री मु. बनारस प्रति सादर जयजिनेंद्र

आपका मैने सतनाको दो पत्र दिये थे वे मिले होंगे.

/ आपने श्री धवलाके पहिले भागके प्रेस कॉपीके साथ इसबारेमें आपका मनतव्य लिखकर प्रकाशन विज्ञप्ति भेजाथा. वह कहां रखागया पता नहीं चलता. इसलिए दुबार लिखकर भेजनेकी कृपा करें. इसके लिए चाहेतो आपकी प्रेस कॉपी आपको देखनेको भेज दूंगा. इसका खुलासा करना.

/ आपके तरफसे श्री धवलका दुसरे भागकी प्रेस कॉपी आनेसे छपना शुरु कर देंगे. पहिले भागकी प्रस्तावना आदि पीछेसे छपते रहेंगी.

/ श्री फूलचंद्र विद्यार्थी के लिए आपने स्कॉलरशीप मांगी थी उसके बारेमें मेरे तरफसे भेजे हुए अर्जीके फोर्म श्री मे. लालचंद हिराचंद को दे दिए हैं और उसके लिए शिफारस भी की है. पूजा पढकर विचार करूंगा ऐसा कहा है. फिर इसके लिए थोडे दिनके बाद उनको मिलूंगा

/ आप सतनासे वापिस आगए होंगे.

योग्य सेवा कार्य लिखें. शेष कुशल.

/ स्मृति अंकके छपानेके बारेमें श्री माणिकचंदजी चवरे तथा पं धन्यकुमारजी को मिलनेके लिए कारंजा २-३ दिनमे जा रहा हूं. ता. ५/१०/७२ को वापिस आजाऊंगा.

वालचंद देवचंद

विहारगंज, नयाबाजार,

डॉ० देवेन्द्रकुमार शास्त्री
साहित्याचार्य, आयुर्वेदरत्न

स्थान नीमच

दिनांक 2-5-82

पूज्य पाटिल जी सा,

सादर प्रणाम।

आपके आदेशानुसार मैंने पारस मल्हम की २ डिब्बियाँ सेठ मोतीलाल जी से कह कर भिजवाई है। कई बार कहने पर साधारण डाक से भेजी है। आशा है आप को मिल गई होगी। वैसे उनकी यह दवा वाराणसी-बाजार में बिकती है। यदि मल्हम न मिली हो तो आप मुझे लिखने की अवश्य कृपा करें। मैं रजिस्टर्ड पोस्ट से भेज दूंगा। चूंकि मैं आते ही उन से भेजने के लिए कह चुका था, इसलिए लगातार नहीं भेज सका वे हाँ-हाँ करते रहे। पर बाद में पता लगा कि दवा बहुत विलम्ब से भेजी है।

इन सेठ मन्नालाल जी - डोंगरगढ़ वालों के सम्बन्ध में लेख प्रेषित है। आशा है आप को लेख अच्छा लगेगा। पुरातत्व विषयक लेख "निर्ग्रन्थ परम्परा और - जैन मूर्ति-कला" १०-१२ दिनों के बाद भेज सकूँगा। इन दिनों परीक्षा-कार्य में व्यस्त हूँ।

मेरा विचार ग्रीष्मावकाश में बड़ौदा-अहमदाबाद हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज करने के लिए जाने का निश्चित हो गया है। अहमदाबाद से सोनगढ़ निकट ही है अतः वहाँ भी जा सकता हूँ।

आप को चाँदखेड़ी में हस्तलिखित ग्रन्थ देखने को मिले होंगे। उन में अपभ्रंश के ग्रन्थ थे या नहीं? सूचित करें।

मेरे योग्य सेवा-कार्य लिखें।

बाईजी को प्रणाम।

प्रबोध से पत्र देने को लिख रहे,

विनीत,

दे०

श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास द्वारा संचालित

श्री परमश्रुतप्रभावक मंडल

श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला

चौकसी चेम्बर, खाराकुवा,
जौहरी बाजार, मुंबई-२

ॐ

स्टेशन अगास,
पो. बोरीआ (वाया-आणंद)

ता. २२ · ५ ७२

श्रीमान आदरणीय पं. फूलचन्द्रजी सा. सिद्धान्तशास्त्री
सादर जयजिनेन्द्र।

वि. ज्ञात हो कि हम लब्धिसार (क्षपणासार) संस्कृत-टीकासहित पं. टोडरमल्लजीकी ढूंढारी भाषामें जो पुरानी टीका है वही सम्पूर्ण खुलासा विवरण सहित छपाना चाहते हैं। इस कार्यमें आपका सहयोग अपेक्षित है। इसका सम्पादन-कार्यभार आप स्वीकारें ऐसा हम चाहते हैं, इसके लिए अपने सम्मान्य परिश्रमपुरस्कारका कृपया निर्देश कीजिए जिससे हम योग्य निर्णय ले सकें। पर्याप्त समयसे टोडरमल्लजीकी टीका अप्राप्य है इसीलिए उसके प्रकाशनकी भावना है। गोम्मटसार कर्मकाण्ड और जीवकाण्डकी नवीन आवृत्तियाँ अभी इस संस्थाकी ओरसे प्रगट हुई हैं। बादमें ये ग्रन्थ भी एकही जिल्दमें ढूंढारी भाषामें प्रगट करनेकी इच्छा है। विशेष क्या?

ग्रन्थका आकार २०×३० ½ ही हमारे अन्य प्रकाशनोंकी भाँति रहेगा।

अपने योग्य सुझाव व पत्रोत्तर दीजिए। मुद्रणकार्य वाराणसीमें होगा। ग्रन्थ हर दृष्टिसे श्रेष्ठ बने ऐसा चाहते हैं। शेष आपका पत्रोत्तर मिलनेपर। करीब कितने [redacted] पृष्ठका ग्रन्थ हो जायगा?

भवदीय
बाबूलाल

जैन संस्कृति संरक्षक संघ

जीवराज जैन ग्रंथमाला

क्रमांक श्री पं. फूलचंद्रजी सिद्धान्त शास्त्री

संतोष भुवन, फलटण गल्ली, ~~सोलापुर-२.~~ बंबई

दिनांक 18 । 8 । 1972

मु. बनारस प्रति

आप सुखरूप वहां पहोंच होंगे।

सादर जयजिनेंद्र.

सोलापुरमें श्री भगवान महावीर चरित्र के बारेमें चर्चा हुई थी। आपको मैं मनीषा हूँ कि इस चरित्रका महत्व उसका रहस्य तथा उसका उपदेश लिखें ~~[illegible]~~। आपका चरित्र जीवराज जैन ग्रंथमालाकी तरफसे प्रकाशित करनेका मेरे भाव थे. मैंने डॉ. ए. एन. उपाध्येजीको इस बारेमें सम्मति मंगवाई उन्होंने स्वीकृति दी है।

अब आप लिखना शुरू कर दीजिएगा. सोलापुर तथा कारंजामें उपलब्ध साहित्य इस विषयका होगा वह भेजनेको लिखाते हैं. और वहां जो उपलब्ध है या खरीदना चाहते हो वे ले लेना। उसका बिल संस्था दे देगी।

आप जानते हैं यह चरित्र २५०० निर्वाणोत्सवके लिये संस्था प्रकाशित कर रही है। तब उससे पूर्व इसका प्रकाशन हो जाना चाहिए।

यह ग्रंथ बनारस महावीर प्रेसमें ही छपवाएंगे। इसके हस्तलिखित तथा साइज क्या रखना यह आप निश्चित कर लीजिए। प्रेसकॉपी तयार होने बाद देखनेको भेज देना। फिर प्रेसमें छपने को देना।

इसको पारिश्रमिक जो योग्य हो वह संस्था देगी।

शीघ्र सेवा कार्य लिखें

अपना दूसरे प्रकारके प्रेसकॉपीके लिए लिखाते हैं.

बालचंद देवचंद

श्री प्रो० लालचन्द जी जैन निकेतन
नरिया, वाराणसी-5
29 10 83

सादर जय जिनेन्द्र

आपके समय समय पर बराबर पत्र आते रहते हैं। अपनी अनुपस्थिति के कारण मैं आपके पत्रों का उत्तर नहीं दे सका हूँ। अभी तक का मेरा जीवन भी ऐसा ही है जिससे आगत पत्र व्यवस्थित नहीं रख पा सके हैं और उनकी दृष्टि ओझल हो जाने से उत्तर देना संभव नहीं हो पाता है।

आपके लिये नया वर्ष सुख-समृद्धि का हेतु बने। यह मंगल कामना है।

आपकी जैन धर्म और आत्मा में आस्था देखकर आप के प्रति हृदय श्रद्धा से भर जाता है। आपने कर्म फिलासफी पुस्तक की रचना प्रायः पूर्ण कर ली यह पढ़कर मन में प्रसन्नता होती है किन्तु; वह अंग्रेजी में लिखी गयी है इसलिये मेरे बोधगम्य होना संभव नहीं है। कदाचित वह पूरी पुस्तक मेरी दृष्टि में आ जाती तो हित की

दृष्टि से लाभप्रद होता। आपका समाधि गहरा है। इस लिये उसके [illegible] आकार भी इसी नहीं जा सकी फिर भी मेरी राय में उसका एक बार गुरुजी से पूर्ण परामर्श हो जाना आवश्यक है। एक उदाहरण, दूसरे एक पर प्रभाव पड़ता है। यह लौकिक मान्यता है। जैन धर्म में कार्य कारण भाव के सिद्धान्त को [illegible] मत के आधार पर स्वीकार किया जाता है उपादान के साथ कार्य की कालप्रत्यासत्ति व्याप्ति होती है और निमित्त व्यवहार किया जाता है। उसके साथ बाह्य व्याप्ति होती है। इसी आधार पर जैन धर्म में कार्य कारण भाव के सिद्धान्त को स्वीकार किया गया है यह तो आप जानते ही हैं कि जैन धर्म में कर्ता के रूप में ईश्वर का दृढ़ता से निषेध किया गया है अतएव बाह्य निमित्त को जैन दर्शन में कर्ता के रूप में कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। यदि कोई दूसरे कार्य का कर्ता कहा जाता है तो वह केवल व्यवहार से ही कहा जाता है। व्यवहार और उपचार यह एकार्थवाची शब्द हैं और उपचार का लक्षण है अन्य के कार्य को अन्य का कहना। भगवान की स्तुति करते समय भी भक्तजन इस शैली का प्रयोग करते हैं कि मुक्तिकारण के पाद प्रणाम। शिव करहु हरहु मम मोह ताप।। इसका यह अर्थ नहीं कि सिद्ध परमेष्ठी या अरहन्त परमेष्ठी हैं

जोड़ देते हैं और हिंसा के ताप को दूर करते हैं। आशय इतना ही है कि वे हमें आत्मा के उपलब्धि के और उनका ज्ञान। वास्तविक ज्ञान होने से हमें अपनी आत्मा की स्वरूप की ओर झुकाव होता है और इस प्रकार हम अपने आत्मा के इस रूप को पहचान कर उसमें रुचि विशेष उत्पन्न करके उसकी अनुभूति कर सकते हैं। यही है सांसारिक जीव का मोक्ष का द्वार, दुःखों और हिंसा की परिपाटी का अन्त होने लगता है। इन सब बातों को मैंने आपके शोध के निबन्ध में देखा है। आशा है आप इस दृष्टिकोण को कभी दिमाग पर हावी करके अपना जैन दृष्टिकोण से सुन्दर व्याख्यान प्रस्तुत करने की कृपा करेंगे। स्वयं कभी आत्मा का न नाश कर सकता है और न उत्पत्ति। जब यह आत्मा अपने अज्ञान और कषाय के कारण विषय कषाय की अभिरुचिवाला बनता है तब कर्म उसकी प्रत्येक परिणति के बाहर हेतुक बनता रहता है। शेष कुशलता है। स्वाध्याय करते रहें।

आपका
फूलचन्द्र शास्त्री

ता ११-२-७४
श्री सन्मति जैन निकेतन
नरिया वाराणसी ५

आदरणीय बाबूजी

सादर जय जिनेन्द्र

विज्ञप्ति का पत्र मिला। आभारी हूँ। बिजनौर जिला समिति ने जो निर्णय किया है वह सराहनीय है। भगवान् महावीर २५००वाँ निर्वाण महोत्सव पूरे भारत वर्ष में मनाया जायगा। वस्तुतः इस निमित्त प्रचार कार्य और प्रवचन आदि के उपयुक्त विद्वानों की एक सूची तैयार की जानी चाहिए और उनको ध्यान में रख कर अपने-अपने योग्य क्षेत्र को विभक्त कर देना चाहिए, जिससे यह महोत्सव सर्वत्र सोल्लास सम्पन्न किया जा सके। साथ ही कौन विद्वान् इस मंगलमय पुनीत कार्य में समय आदि की दृष्टि से कितना योगदान कर सकेगा इस ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। जैसे जैसे समय सन्निकट आता जायगा, वैसे वैसे मांग बढ़ेगी। प्रायः कतिपय प्रसिद्ध विद्वानों की ओर सबका ध्यान आकृष्ट होता है, इसका परिणाम यह होता है कि वे व्यवस्थित रूप से किसी एक क्षेत्र को नहीं संभाल पाते हैं। मैंने ये सब बातें इसलिए लिखी हैं ताकि इस ओर ध्यान जाय।

वैसे मैं आपके जिले के लिये कार्यक्रम के अनुसार कुछ समय अवश्य दूंगा सो ज्ञात करें। इतना अवश्य ही ध्यान रखें कि इस प्रसंग पर जो भी विद्वान् आमंत्रित किये जांय उन्हें आगे-पीछे ही आमंत्रित किया जाय ताकि उन्हें क्षेत्र चुनने न पड़ जावें।

आपकी समिति का यह विचार सुन्दर है कि इन विद्वानों का उपयोग केवल अपने ही घर में नहीं किया जायगा, किन्तु सार्वजनिक रीति से प्रचार-प्रसार में इनका उपयोग किया जायगा। धर्म हम-आपने बहुत कहा और बहुत सुना। उसकी सुगन्धि आम जनता तक पहुँचनी चाहिए। सार्वजनिक रूप से जिन धर्म-प्रसंगों का प्रचार हो उनका भी अभी से चयन किया जाना चाहिए। जैन नियमों को वे मापदंड सीमा में दी जाँय और आम जनता में सुफल वितरित की जाँय।

जिन विद्वानों को इस कार्य में लगाया जाय उन्हें भेंट-पूजा न दी जाय। साथ ही वे दैनंदिनी चर्या की विधि में निष्णात हों। जैसे रात्रि में जल तक ग्रहण नहीं करना, आम मंच से भाषण नहीं करना, वक्ता भी कोई भी बहुत ज्यादा नहीं

करना, छानकर पानी पीना आदि ।
इस आचारका आप जनता पर जो प्रभाव पड़ेगा वह हजारों उपदेशोंका नहीं पड़ेगा ।

जो पुस्तकें हैं या भी ग्रन्थ उनमें भगवान महावीरकी जीवनी और उनके उपदेशोंकी मुख्यता रहे ।

मैंने ये सब बातें आपको इसलिये लिखी हैं कि आप इन्हें केन्द्रीय समिति तक भी पहुँचानेमें सक्षम हैं।

आप इस वृद्धावस्थामें भी धर्मकी ज्योतिको प्रज्वलित करनेमें संलग्न हैं यह आपके जीवनकी सबसे अधिक उपलब्धि है।

श्री पं. प्रेमचन्द्रजी उत्साही और विनयी युवक हैं, उन्हें आपने मंत्री पद देकर इस कार्यमें लगाया है यह योग्य ही किया है।

आपका नम्र
फूलचन्द्र शास्त्री

15 भारत INDIA

श्री ... चन्द्र जी शास्त्री
[illegible]
14/3 विकास नगर
रुड़की विश्वविद्यालय
पो. रुड़की 247667

पिन PIN 247667

Roorkee

[illegible]

आदरणीय पंडित जी

सादर जयश्रीकृष्ण

[illegible]

Tel. Add.-PERFUMERY Estd. 1923



Manufactured by
The Ananda Perfumery Works, Bangalore City.

आनंदा चन्दनबत्ती

सिरोंज
७-१२-८२

Bought of आदरणीय
मा. पं. फूलचंदजी सि. शा. योग्य
सा. धर्मस्नेह

महो

१ आपका पत्र ता. २४-११-८२ के अनुसार 'पद्मावती निर्णय' तथा प्रशस्तियों को वार्तालाप यां इस पत्र साथ भेजी है पहुंच का पत्र देने की कृपा करें।

२ पात्र केशरी स्तोत्र की प्रति प्राप्त होने पर भेजूंगा यहां नहीं है। बाद में बनारस में मिलने के तौर सोचियेगा।

३ मान्य. पहले आप जानते ही हैं कि मुझमें कितनी योग्यता है मैंने भक्ति के उद्रेक में 'भक्तामर स्तोत्र' की टूटी फूटी संस्कृत में टीका, दंडान्वय भावार्थ लिखा है जो नर हास्य का स्थान न रहे. इस लिये आपके द्वारा उसका संशोधन या मार्जन आदि हो जाने की आवश्यकता है। आप की स्वीकृति वांछनीय है। कृ. कर आप प्रकाशन के योग्य इसे बनादें. खर्चा लिखें कितना करना होगा. शुद्ध प्रेस कापी तैयार कराने व संशोधनादि सब और बाद में छिरें बनारस में आपकी देख रेख में छपायेंगे. एक हजार प्रति। आपका स्वी. पत्र प्राप्त होते ही मैं हस्तलि: प्रति लिपि भेज दूंगा। संतोष जनक पत्र की प्रतीक्षा। छपाई खर्च एक हजार प्रति: का प्रेस से ज्ञात कर लिखने की कृपा करें।

मा. शु. चि.
सच्चिदानन्द

मेरा पता–

ब्र. पं. सरदारमल्ल जैन सच्चिदानन्द
कचरी बाजार पो. सिरोंज (विदिशा) म. प्र.
पिन ४६४२२८

॥ अथ [illegible] निर्णय । लिख्यते ॥

प्रथम वंदि गुरु पंच सो ई [illegible], पुनि शारद नितु [illegible] ॥
गणधर मुनि गुण गाइ सबे वन्दो अती, नरेन्द्र कीर्ति गुण [illegible] जती [illegible] ॥१॥
मालवे देश विशाल सकल संपति सुख सोहै, स्वर्ग लोक सम जान [illegible] मन मोहै ॥
तहां सिरौंज पुर नाम और [illegible] सोहै, वन उपवन चहुं पास [illegible] ॥२॥
फल फूलनि हि सुगंध भ्रमर अधिक गुंजैजू, वापी कूप अनूप [illegible] ॥
वसहिं सुधर्मी लोग भोग उपभोग भजैजू, दान शील शुभ भाव [illegible] ॥३॥
धन कन वंत सुसार तहि अनेक भनेजू, सुंदर धवल उतंग, मंदिर [illegible] ॥
नारी पुरुष पवित्र कहा उपमा को भनेजू, रूपवंत गुणवंत शील [illegible] ॥४॥
नागर परम सुजान श्रावक भव्य भनेजू, देव शास्त्र गुरु [illegible] भक्ति [illegible] ॥
पूजा दान विवेक ज्ञान गुण अधिक सनेजू, धर्म ध्यान [illegible] ॥

दोहा — नरेंद्र कीर्ति मुनि की, दीक्षा को परभाव ॥
श्रावक सब मिल आनिके, जैसो कीनो भाव ॥६॥

भविमन देश देश के श्रावक सब मिल गिनती कहां लौं मिलाऊं, [illegible] ॥
महिमा करि शुभ भाऊं सहर सिरौंज [illegible] समाज सबै विधि, तहां पट्ट को [illegible] ॥
श्रावग सब मिलि बात कहैं यह, कीजै पट्ट को राज ॥७॥
पंडित नन्हेदास बुलाये पंचनि कौं मन भाये, कर जोरे सब ही मिलि विनवै ।
लीजे पट्ट बड़ाई ॥ तहां कछु बरनो नाम पंचनि के, जे कोई सुरूप कहाई ॥
प्रथमहि माधोदास संघपति, पुन्य तें भई बड़ाई ॥८॥
पुनि मावी रघी भाग्य भलेसो, सिंघई नाम कहाई ॥ ठाकुर [illegible] तह उदित
ज्ञान मान चतुराई ॥ सिंघई प्रताप चंद उज्जल जसु, चंद समान कहाई ॥
सिंघई दे बहु दान देन विधि बरनतु [illegible] है मन भाई ॥९॥
[illegible] हीरा मनि तहां आई ज्ञावर मल्ल पै [illegible] गुण सागर
[illegible] चतुराई सिंघई किसनदास विधि [illegible] सिंघ मनि से भाई

चैय प्रसिद्ध कहे सारि बाहन जग में भई बड़ाई ॥
सिंघई कल्याण दास वलिराम, कहिये कहा बड़ाई ॥१०॥
[illegible] जगतमनि कहिये, सोहत है दोई भाई, खरग सेन [illegible], [illegible] हमीर सेन गुन राई ॥
[illegible] पुन्य वरि पूरन, दान चहुं विधि दई, हमीर सेन तो सब विधि लायक, [illegible] भई ॥११॥
[illegible] अरु सभा चंद ए पुन्य दान चतुराई, गिरधर दास [illegible] जिन शासन [illegible] ॥
मोतीदास जासु सुत जाको सोहत अहि बड़ाई, [illegible] दास खरग सेन,
लालु नाम कहाई ॥ खरग सेन अरु हमीर सेन, जगमनि हैं ए भाई ॥१२॥
जोगा जीत परमसुख तहं नरहर दास कहाई सिंघई बिहारी मोती दास तहै,
घनश्याम नाम कहाई । हाजीपुर के श्रावक कहिये, लछमी दास तहाई, कल्याण मकरंद -
जगमनि, हमीर सेन [illegible], दास भिखारी तहं जंगली, गुनधर [illegible] नाम कहाई ॥१३॥
तुरसी [illegible], मोती कल्याण [illegible] कहाई, सिंघई भीमसेन और लालचंद,
उदै राज गुण भाई ॥ राजमनि भगवान निरोत्तम, हरगा [illegible] सुध सहाई ॥
मीला पूरन जगन्नू लोक मनि, रूप चंद ये आये ॥१४॥
[illegible] अग्र [illegible] राम सुभाई, लाल [illegible] सुखानंद सुधर्मी. पूजा दान सुहाई ॥
प्रेमराज सिरोमनि राजे, और [illegible] आये, [illegible] सकल संघ [illegible] अति [illegible] ॥१५॥
॥दोहा॥ भेलसाहि के [illegible] पंच सकल साजि आइयो, दीक्षा की विधि आय, [illegible] ॥१६॥
पंचन सब मिलि आइके, दिक्षा को किये समाज, पूजा दान अनेक विधि, धनि धनि [illegible] मुनिराज ॥१७॥
सोरठा॥ धनि नरेंद्र कीर्ति मुनिराई, भई जग मे बहुत बड़ाई ॥ जहां पौर पट्ट सुख दाई,
परवार वंस सोई भाई, बहुरिया मूर तहां आई, धनि मथुरा मल्ल पिताई ॥
माता नाम मोती कहाई, जाके हैं घनश्याम से भाई ॥ तपतेज महा मुनिराई
[illegible] महीमा भरनी न जाई, महिमा न बरनी जाय कापै, चारित तप व्रत को धरे ॥
समिति गुप्ति विचारि कै, मुनि काम कोपहिं सोंलरे, जीती परीषह सकल [illegible]
पन्च आचारनि भरे, [illegible] आपनि अरु औरनि तारे, धर्म ध्यानहि अनुसरे ॥

सोई धर्म ध्यान अनुपाले, सोई कर्म समूह निजाले अशुभ दोष सब टाले,
[illegible] पाले, शुभ योग सबै प्रति पाले ॥
यहि काम क्रोध रहि ताले, काम बाजन कोई साले, महामोह मल्ल सबहु टाले
रागद्वेष चित्त नहिं पाले, नित सप्त तत्व सुविचारे, नव भेद भेद सुधारे ॥
नव भेद सकल अनुचारे, महा मुनि परम तत्व नित धारे ॥
आगम अध्यातम ग्रंथ सकल मय, शुद्ध स्वरूप विचारे ॥
आस्रव न कोई अशुभ आवे, शुद्ध संवर नित लहै ॥
निर्जरा इहि विधि करे सोई, शुद्ध परिणति अनुभवे ॥
दोहा – कहां कहौं मुनिराय के गुण गण सकल समाज, जो महिमा भविजन करे, भट्टारक पद राज
भट्टारक पदराज की कीरति सकल भवि भई, अल्प बुद्धि कवि कहा कहै
बुधजन चकित रहाई, विधि अनेक सौं सहर सिरौंज में, भयो पट्ट थापना चारु ॥
सिंघई माधव दूलिचन में, महा महोच्छव सारु ॥
मंगल गीत सकल कामनि मिलि, आंगन चौक पुरावे ॥
गावैं हर्षित भाट :
मौर मुकुट सोहे बहु मंजन, नैननि अंजन सारु ॥
मेहदी कर चरनन छवि राजत, अरु पुष्प माल हिये हारु ॥
चंदन की खोरैं करि अंगारु, मुख तंबूल सुहाई ॥
षोडश विधि सिंगार कराये, सब आभरण बनाये ॥
करि श्रृंगार सकल अंग अंगनि, मनो अनंग पे आये ॥
मंगल चार कियो कामिनि मिलि, आंगन चौक पुराये ॥
कियो तिलक सिंघैन स्यामाने, वस्त्र भले पहिराये ॥
ए आचार करे विधि विधि के, कहिये कहा बढ़ाये ॥

देवालै लै चले सकल भवि, शोभा कहत न बन आई ॥
निरत करत आगे अरु गावत, भाव भले उपजाई ॥
बाजे बजत सकल नाना विधि, देत दान मन भाए ॥
सपठाने आचार कियो जब, जय जय होत सुहाई ॥
करी निछावर सकल भव्य मिलि, महिमा अधिक लहाये ॥
देवाले चांदासिंघई के, सकल पंच तहं आये ॥
सिंघासन पर आसन मांड्यो, सब श्रृंगार उतारे ॥
मौर मुकुट माला कुंडल तहं, कर कंकन सब डारे ॥
लोंच मुकुट सोभित सिर ऊपर, भये तहां मुनिराई ॥
अष्टोत्तर सौ कलश भराये, केशर सौं चरचाए ॥
सर्वौषधि कुमकुम सों मिश्रित, सकल द्रव्य सौं लाये ॥
देश देश के पंच बुलाये, प्रथम भेलसा आये ॥
बड़कुर पूरन मल्ल सुराजित, सकल लोक मन भाये ॥
स्यामदास सिंघई पूरनमल, आसा जोत तहां र ॥
सिंघई मोनीदास सुलक्षण, सूरजमल्ल तहां र ॥
मलूकचंद सिंघई साहीमल, इंद्र मनि सुखदाई ॥
सिंघई भोपत अरु तुरसी मल, होनू दास कहाई ॥
दोहा- पंच सकल मिलि आइ के [illegible] भत सुंदर गावे, मनहु सुरन की माल ॥
[illegible] सुरन की माल भवि सोहिये [illegible]
[illegible]
दोहा जगत कीर्ति पट्ट उधरन त्रिभुवन कीर्ति मुनिराई ॥
नरेंद्र कीर्ति तिहिं पट्ट भये गुलाल ब्रह्म गुण गाई ॥

[illegible] तहं कहे गुण गण गाइ, उपमा जु कहिय न जाइ ॥
सेली पंच अंजुलि आइ, जहं संघ के मन भाइ ॥
तप तेज सो मुनिराइ, सो भाय कहिय न जाइ ॥
तहं सकल संघ सुभाइ, कछु नाम कहियत आइ ॥
आचार्य श्री शुभ कीर्ति, चारित्र शुद्ध सुमूर्ति ॥
जय कीर्ति कहु मुनिराई, जाको सरल सुध सुभाइ ॥
गुलाल ब्रह्म तहं आइ, कछु कहे मुनि गुन गाई ॥
तहं उदय सागर नाम, पठ पठण चारिय जाम ॥
तरु ब्रह्म कहे परस राम, जाने जीति मो भलो काम ॥
चैतन्य ब्राह्म सुचेत, तिहिं लोभ तजि निज हेत ॥
जहे मया सागर ब्रह्म, मानो धर्म को मह खंभ ॥
अरु हेम सागर नाम, तजि लोभ कोध निदान ॥
सोई रूप सागर जती, जाके रह्यो मान न रती ॥
राम श्री आर्जिका जान, व्रतशील धर्म ही खान ॥
बाई रिनमोती तहां, चेंद्रा मती सो जहां ॥
कहों पंडितनि के नाम, गुण ज्ञान के शव धाम ॥
कहे प्रथम राम् दास, जाने [illegible] पाठ विलास ॥
पुनि जग मनि [illegible] जगजान, पांडित्य चतुर सुजान ॥
घनस्याम पंडित राय, सोई [illegible] जिन [illegible] ॥
पंडित जु पिरथी [illegible] [illegible] ॥
पान सिंघ [illegible]
[illegible] सन [illegible] [illegible]
[illegible] गुण [illegible] [illegible]

जय राम सुतिय सुजान, कपैलारस है तस थान ॥
मकरंद पंडित जहां, बामे सुलछिन महा ॥
पंडित कपूरे जान, कल्याण पंडित मानि ॥

॥ अरिल्ल ॥

ए संघाष्टक नाम कहे कछु जानि के ॥
अवर कहत बढ़ जाइ रहे मह मानि के ॥
संवत् सतरह सौ चालीस ऊन इक तहं भयो ॥
उज्ज्वल फागुन मास दसमि सोमहि गहो ॥
पुनर्वसु नक्षत्र शुद्ध दिन सोधियो ॥
पुनि हा नरेंद्र कीर्ति मुनिराइ सुभग संजमु लहो ॥

॥ इति पद समाप्त ॥

॥ श्री चंद्र प्रभु जिनालय सिरोंजके ग्रंथभंडार में से उपलब्ध
एक गुटका (पोथी) में से उद्धृत ॥
पवि. सं. १७०७ [illegible] में श्री नरेंद्र कीर्तिजी की मुनिदीक्षा का वर्णन।

श्री चंद्र प्रभु जिनालय सिरोंजके ग्रंथ भंडार में से
उपलब्ध गुटका (पोथी) में से उद्धृत ॥
वि. सं. १७०८ में भ. विश्व भूषण ने दसलक्षण व्रतोद्यापन
संस्कृत में रचा था - जिसकी प्रशस्ति -

१ सन्मतिं मति कर्तारं, वंदे विघ्न विघातकम् ।
दसलक्षणिका पूजा, प्रशस्तं वक्ष्यते भुना ॥
२ महा मध्य देशे प्रसिद्धे विभाति ।
नरै नागरै: किन्नरै: [illegible] मान ॥

नसद् वज्र नाम्ना पुर श्री भास ।
जगत् कीर्ति दिल्लीश्वरो तस्य जाता ॥
३ कदा विधा कः तुलितो प्रपिण्यां. पुरंदर शाह जहे तुलायां ।
तद्यौ दृधो भाति त्रिसंड पाल. द्रस्वातु राव मतेंद्र जातः ॥
४ प्रजा प्रजेव प्रति पालको सि [illegible]
चौरारि रन्याम कुवाद वादी ।
श्रीमन् महा साहजहां सुरेजो. वृषेगढी सौरि सुभूमि स्वामि ॥
५ श्रीमूल संघे महमा निवेश। सरस्वती गच्छ मते मदांते ॥
महा बलात्कार गणे प्रसिद्धे। श्रीकुंद कुंदाख्य मुनीन्च भून ॥
६ तत्पट्टे मुनि-चक्रवर्ति पदवी. संप्राप्त निर्ग्रंथ राट् ।
सद्धर्मामृत सिंधु वर्धन शशि. विद्यार्थि संपादकः ॥
षट्टे तर्कागम काव्य छंद रचना. श्री शेष राजा द्वयाः ॥
जातो सौ मुनि धर्मकीर्ति रनघः स्याद्वाद वादांकुराः ॥
७ पंचाचार विचार सार रूपको. जैनेंद्र धर्मो धरः ।
स्वाध्याय धन धान्य सौरूय [illegible] कल्पितः पंचेंद्रियार्थे [illegible] ॥
स्वाताराम रसायनाश्रित मति चारित्र चूडामणि
जीयाच्छ्री मुनि शील भूषण मुनिश्चार्यैः सदा वंद्यतः ॥
८ श्रीभट्टारक ज्ञान भूषण मुनि, यो राजिते भूतले ।
सर्वज्ञोद भव वेद वाद निपुणो विद्या विलासा रतिः ॥
कंदर्प्प द्विप सिंह मोह असिने. क्रीडा हि मल्लीश्वरः ।
मिथ्या ध्वांत समूह सुर विदित। सिद्धांत सत् केवली ॥
९ षद् वाणी मय न्याय तर्क तरणि मंद्रष्टि दृष्ट वाञ्छिता ॥
पद् बाहू रति लौंस भंजन पटु स्तत्वासना स्पस्मृतः ॥
स्वाध्याया धन संपदा श्चितमति। कारुण्य तोया निधिः ।
योरे जे महिमंडले गुरु नु तस्सूरि जगद भूषणः ॥
१ श्री विश्व[illegible] भूषण मुनिंद्र विशाल बुद्धि ॥
विस्तीर्ण कीर्ति भुवने [illegible] नप पूज्यपादः ॥
सत् काव्य केकि रस गर्भित चित्त वृत्तिः
जीयात् सदा मुनि समाज प्रमोद चंद्रः ॥
११ तेनेदं रचितः पूजां इस लक्षण नामिका
हीरा पुष्पी गुणा वर्ण्यी भव्य लोकस्य हेतवे ॥
१२ पठनीय सदा साधो मदीया कृति केवलम् ।
जैनागम रसाक्लिष्ट पंक्ति धर्म प्रद्योतकः ॥
१३ संज्ञा संधि क्रिया धातोः हीन वाच्या स्वपीष्टधी ।
करोति लब धी सोपि वा रूपे वा मे मतिं ॥
१४ द्वाभ्यां चित्ते दधान् वचनत। सविधिना सज्जना ।
दुर्जनाभ्यां मत् काव्य प्राणका प्रगट गुण कलासार शब्दार्थ भारैः ।
न्यायालंकार शब्दागम श्रुति निगमा दूषितैः दुर्जनैश्च ॥
[illegible] भाति परम तदपि भय वशात् शोधते साधु वर्गे ॥
१५ [illegible] सम्मती साधो विरुद्धार्थो ममोदितः ॥
शोधनीया महाभव्याः परार्थ रचन क्षमाः ॥
१६ नीर देव समा चित्तः संतः सन्यत्र भूतले ।
परोपकार क शांत विरनज्ञा ताप हारका ॥
१७ श्रीमज्जिनेंद्र भक्त्यार्थे प्रेरितोत्र कृतो मया ।
मान कीर्त्याभिमानेन नवा सम्यक्त हेतवे ॥
१८ वेद सून्य ऋषि चंद्रे पुर्मर्ष सा सरस्सवे ॥
दस धर्माभिधो पाठं प्रचुके विश्व भूषणे। ॥
१९ दसलक्षण पूजामि श्लोका पिंडी कृता मया ।
[illegible] पधि गूढा वलं लेखक सुसया पठा ॥ इति
[illegible]

ॐ

श्री परमात्मने नमः

Phone : Offi 82 02 42, Resi 77746

25/8/83 **SEVEN BROTHERS ENTERPRISES**

5-1-628 HILL STREET, RANIGUNJ SECUNDERABAD-500 003.
G.I., M.S., STAINLESS STEEL, SEAMLESS PIPES & PIPE FITTINGS, LEADER VALVES, V-BELTS, BOLTS & NUTS & HARDWARE.

परम पूज्य परमप्रिय. प. श्री फूलचन्दजी सिद्धान्त शास्त्रीजी नयविनयसेवामा

— श्री वाराणसी

त्रिकाल वंदन

आपका कृपा पत्र ता. का मिला पढकर अत्यानंद हुआ है और दोनो रसीदें मिल गई है महेता साहेबको उनकी रसीद दे दी गई है

एम देखा जाये तो राजकोट मे श्री आ. स्वामसुंदर भाई जो शेठ (सोनगढवाले) उनका स्वास्थ्य 26/7 को बीगडा और डा. चंदुभाई को पेटमे आंतमें तकलीफ हुई हॉस्पीटल मे दाखल कीया. मैं मोरबी, वांकानेर गया था समाचार मिला 27/7 को पहुंचा ओपरेशन 27/7 को हुआ पेटमेंसे आंतर ओक फीटका खराब हुआ काट दीया. आस्ते आस्ते आराम आने लगा 5/8 को टांका खोल दीया और घरमे आनेकी छुट्टी 7/8 को दी. लेकीन 2 दिन ठहरने का चंदुभाई ने कहा. कुछ रात्रीको सिम्टेशन वगेरे देने का था एम 12 दिन उनके भारत हॉस्पिटल में रहा अध्यात्म अवस्था स्वाभाव सुनाते कहते थे सवेरे एम चार बजे मकिन, समयसार की गाथामें स्वामीजीके पदे रोजाना बोलते थे और आ मी अर्थ वगेरे समजाते थे श्री लालुभाई डा. चंदुभाई 2-3 बखत हॉस्पिटल में आते थे तत्व चर्चा अच्छी चलती थी 7/8 को हमने उनसे रजा ली बोले आये. हमारा करीब से 15 सालकी उमरसे उनके साथ गुरु-शिष्यका संबंध बहुरेशा से दीया

घरमे आये 2 दिन ठहरा. 11/8 को तबीयत खराब हुई 12/8 को सवेरे शांति पूर्वक समाधि हुई, जागृत अवस्थासे देह छोडा 4 दिनके बीचमें वियोग हुआ आपको समाचार मिला होगा

आपने रसीदें भेजी है उनमे रबर स्टेम्प है जो इनकम टेक्स माफ है तो इसका लिखना सीन्धकरना पडता है उनका समय अवतक इ-टेक्स फ्री में है क्या?

आपकी इन्दोर कब पधारनेका होगा अवश्य लिखना

वीतराग-विज्ञान आपसे नीकला वो आ गया है आत्मधर्म बंध कीया गया है Rs 101/- वाला ग्राहकोको करेंगे एम दो दिन सोनगढ गया था.

वातावरण पु. स्वामीजीके बाद बराबर नहीं है. लोग भाईओका साथमें अत्यन्त कठण वातावरण है. जगुभाइ तो कार्य बराबर चला रहा है.

● STOCKISTS ITC TATA ● ZENITH ● B.S.T. ● APOLLO ● KALINGA TUBES

आपका स्वास्थ्य अच्छा चाहता हु सोनगढ़मे पू. बहनश्री का आज 70 मा जन्मदिन मनाया है

श्री हरिभाई ने आपको जय जिनेन्द्र लिखाया है

काम सेवा लिखना

अगर शिर में दुःख दर्द हुआ है

पु. श्री खीमचन्द भाई जैसे सरल पुरुष का वियोग

जी सेवक जेठालाल-दोशीका श्री सद्गुरु वंदन

निदेशक,
अनेकान्त शोधपीठ,
पो. बाहुबली, (कोल्हापुर)
४१६ ११०.

तार : बाहुबली
फोन : हातकणंगले २२

अनेकान्त शोधपीठ, बाहुबली.
(जि कोल्हापुर)
Anekanta Shodhapeeth, Bahubali
(Dist. Kolhapur) PIN 416 110

क्रमांक अशो/२२५/८३ दिनांक २७ । ८ । १९८३

श्रीमान् परम आदरणीय सिद्धान्ताचार्य पं. फूलचन्द्र जी

सादर प्रणाम

आशा है आप प्रसन्न हैं। आपका दि० ३०-६-८३ का पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें आपने अनेकान्त शोधपीठ की स्थापना पर हर्ष व्यक्त करते हुए अपना शुभकामना संदेश भेजा था। इसके लिए मैं आपका अनुगृहीत हूं। आशा है आप आदेश से भी शोधपीठ पर एवं मेरे ऊपर आपका वरद हस्त रहेगा। आपका शुभकामना संदेश 'सन्मति' बाहुबली (मासिकपत्रिका) के जुलाई १९८३ के अंक में प्रकाशित हुआ है। वह अंक भी आपकी सेवा में भेजा गया था सो प्राप्त हुआ होगा।

यह पत्र पू० एलाचार्य श्री विद्यानन्द जी महाराज की प्रेरणा से लिख रहा हूँ। उन्होंने सन्मति सन्देश दिल्ली के मई १९८३ के अंक के पृ० ५ पर प्रकाशित 'अंगश्रुत के परिप्रेक्ष्य में पूर्वगत श्रुत' नामक आपका निबन्ध पढ़कर अत्यन्त हर्ष व्यक्त किया और आपको शुभ-आशीर्वाद भेजा है।

आचार्य श्री समन्तभद्र जी महाराज की सकुशल धर्मसाधना चल रही है। उन्हें आपका नमोऽस्तु कह दिया था उन्होंने भी आपको शुभाशीष एवं धर्मलाभ कहा है।

एक निवेदन आपसे करना चाहता हूं। दि० जैन विद्वत्परिषद् द्वारा प्रकाश्य 'भारतीय संस्कृति के विकास में जैन वाङ्मय का अवदान' द्वितीय भाग (डॉ. नेमिचन्द्र जी शास्त्री के निबन्धों का संग्रह) लगभग छपकर तैयार है)

: २ :

तार : बाहुबली
फोन : हातकणंगले २२

अनेकान्त शोधपीठ, बाहुबली.
(जि कोल्हापुर)
Anekanta Shodhapeeth, Bahubali
(Dist. Kolhapur) PIN 416 110

दिनांक : । १९८

यह महावीर प्रेस (श्री बाबूलाल जी फागुल्ल) में छप रहा है। मैं चाहता हूं कि इस बार इसकी भूमिका आप लिखें। प्रथम भाग की भूमिका आदरणीय पं. कैलाशचन्द्र जी ने लिखी थी। उन्हें आंखों में मोतियाबिन्द हो गया है इस कारण लिखने-पढ़ने में कष्ट होने से वे इसकी भूमिका लिखने के लिए उत्साहित नहीं हैं।

मैं जानता हूं कि आप भी वार्धक्य के कारण कुछ कम कष्ट में नहीं हैं फिर भी यदि सम्भव हो तो इसकी भूमिका अवश्य लिखें।

मैं आपके इसी पत्र द्वारा श्री फूलचन्द्र जी 'प्रेमी' प्रकाशन मंत्री, अ० भा० दि० जैन विद्वत्परिषद् से निवेदन करता हूं कि वे मेरी ओर से आदरणीय पं. जी से निवेदन करें कि वे उक्त ग्रन्थ के द्वितीय भाग की भूमिका लिखने। भूमिका लिखने के लिए श्री फूलचन्द जी प्रेमी से निवेदन है कि वे आदरणीय पं. जी को उक्त ग्रन्थ के द्वितीय भाग के समस्त फर्मे प्रदान करने का कष्ट करें। अतः कृपया इस पत्र को श्री फूलचन्द जी 'प्रेमी' जी को दिखाने का कष्ट करें।

प्रतिष्ठाचार्य जी को मेरा चरणस्पर्श, भाभी जी को प्रणाम और उदयचन्द्र जी को मेरा सस्नेह जयजिनेन्द्र कहें।

श्री दिग. जैन [illegible] आश्रम
कुन्थलगिरि, कुन्थलगिरि, [illegible] म.प्र.
५-६-८२

माननीय पंडित फूलचन्द्र जी
सादर जयजिनेन्द्र।

कृपापत्र मिला- शंका समाधान का। सप्रेम। [illegible] आत्मानुशासन में [illegible] हो रही है। [illegible] [illegible] कि आपने [illegible] जब कोई नया प्रकाशन हो तो आप उसे लिखना। आप उसको [illegible] लिखना तो चाहिए [illegible] तब [illegible] हो जायगा।

[illegible] ने जो [illegible] था उसके शब्द आपको [illegible] आप जब [illegible] [illegible] देखने जाते तो तब [illegible] आप [illegible] के [illegible] कर ले। [illegible] [illegible] जैसे [illegible] का आप भी जैसे [illegible] [illegible] [illegible] कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।

आत्मानुशासन के [illegible] आप जो [illegible] [illegible] है, आपने जो [illegible] के [illegible] [illegible] की बात है

(१) आपने मेरे प्रश्न के उत्तर दिये हैं। [illegible] यह बात [illegible] कि जब [illegible] [illegible] गुणस्थान में [illegible] (जब का [illegible] [illegible] ही) [illegible] है तब एक आवली [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] होकर [illegible] आती है १ का [illegible] रहती है। [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। स्पष्ट करें।

(२) [illegible] [illegible] को उत्तर एक आवली का [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] के [illegible] तथा [illegible] का [illegible] होता है [illegible]
(आ) [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
दोनों [illegible] (दोनों उत्तरों) में
[illegible] [illegible] जो कैसी [illegible] होती है।
[illegible] करनी में [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

पर आधार बनती है।

कहीं आत्मकथात्मक [illegible] इस तरह लिखी जाती है (जैसे [illegible]) तो [illegible] के [illegible] है कि [illegible] नहीं [illegible] होगा। यदि नहीं जाती तो कौन [illegible] है [illegible] आवश्यक है और वह [illegible] पर आधारित उभारा इसके लिए उपलब्ध है क्या?

आपकी [illegible] हैं मैं तो देखने आया था। पर जब तक इस [illegible] का [illegible]। [illegible] हो तो उत्तर स्पष्ट नहीं हो जायेगा।

कृपया [illegible] दें। आशीष का पता [illegible] रहूंगा। पत्रिका कहां रहेंगे।

आपका,

[illegible]

स. सि. धन्यकुमार जैन

फोन प्रतिष्ठान २२१७, निवास २११०
श्री महावीर कीर्ति स्तम्भ
नेहरू पार्क,
कटनी ४८३५०१ (म. प्र.)

दिनांक 8-9-83

श्रद्धेय पंडित जी

सविनय चरणस्पर्श।

आपका 30-8-83 का कृपा पत्र मिला। समाचार ज्ञात किये। जयचन्द्र के उदासीन आश्रम के संचालकों का उत्तर पढ़कर आश्चर्य के साथ दुःख भी हुआ। हमारे लोगों में गुणग्राहकता, वात्सल्य का नितान्त अभाव है। पक्ष व्यामोह से सब आक्रान्त हैं। दृष्टि कुंठित होगई है — यही कह सकता हूं। आप विज्ञ एवं विवेकशील हैं - आपको जिस प्रदेश के जिज्ञासु भाइयों से धर्म-पिपासा की शान्ति हेतु - चाहते हैं - वहीं जाना श्रेयस्कर है। आप इन्दौर पधार गये हैं। सन्तोष एवं हर्ष हुआ। केवल निवेदन है - कि आप अपना स्वास्थ्य - सम्हाल कर रहें।

संस्थान की सेवा यथाशक्ति करता रहूंगा। साहु जी को जो पत्र आपने लिखा है - उसकी कापी मुझे देवेन्द्र ने - वाराणसी से भेजी है। मैंने आज भी हरचन्द्र को एक पत्र लिखा है। श्री लक्ष्मीचन्द्र [illegible] दिल्ली का पत्र स्वीकृति पत्र [illegible] का, [illegible] उसकी सूचना मैंने आपको वाराणसी भेजी थी। पंडित श्री जगन्मोहनलाल जी कुण्डलपुर से आज कटनी आनेवाले हैं। यहां दो दिन से अनवरत वर्षा हो रही है। योग्य सेवा लिखें। [illegible] होजाना [illegible] है।

आपका - विनीत धन्यकुमार

भारतीय ज्ञानपीठ



बी/45-47, कनॉट प्लेस • नई दिल्ली-110 001
फोन · 3 2 2 2 9 4 • तार - JNANPITH

साहित्यिक विकास-उन्नयन और सांस्कृतिक अनुसन्धान प्रकाशनी एवं भारतीय भाषाओं की सर्वोत्कृष्ट सर्जनात्मक साहित्यिक कृति पर प्रति वर्ष डेढ़ लाख रुपये साहित्य-पुरस्कार प्रवर्तिका संस्था

लजै। 2260 १५ सितम्बर, १९८३

आदरणीय पंडितजी,

आपने ३१ अगस्त को भारतीय ज्ञानपीठ के अध्यक्ष श्रीमान साहू श्रेयांसप्रसादजी जैन को जो पत्र लिखा है, उसे उन्होंने ज्ञानपीठ कार्यालय में भेजा है। यह प्रसन्नता की बात है कि श्रीमान साहूजी ने श्री गणेश वर्णी दि० जैन शोध संस्थान के लिए ज्ञानपीठ के वाराणसी कार्यालय में खाली होने वाली अलमारियों को भेंट करने का निर्णय लिया है। यथासमय तदनुसार व्यवस्था की जायेगी।

जहां तक ग्रन्थागार का प्रश्न है, इन पुस्तकों की ज्ञानपीठ को संपादन, प्रकाशन और शोध-खोज सम्बन्धी कार्यों के लिए आवश्यकता है और रहेगी। भारतीय ज्ञानपीठ का भवन जब दिल्ली में तैयार हो जायेगा तब ग्रन्थागार को अधिक व्यापक बनाया जायेगा। इस सम्बन्ध में कृपया मेरा पिछला पत्र भी देख लें जिसमें यह सारी स्थिति स्पष्ट कर दी गयी थी। यह स्वाभाविक है कि आपकी अपेक्षा तमाम ग्रन्थों को वर्णी शोध संस्थान के ग्रन्थागार में रखने की हो। ज्ञानपीठ भी आप ही की संस्था है। दिल्ली में इस प्रकार के पुस्तकालय की और भी अधिक आवश्यकता है।

सर्वार्थसिद्धि के मुद्रण के सम्बन्ध में मैंने आपको विस्तार से पत्र लिखा था, मिला होगा। आपके उत्तर की प्रतीक्षा है।

आशा है आपका स्वास्थ्य ठीक चल रहा है। योग्य सेवा लिखें।

आपका,

(लक्ष्मीचन्द्र जैन)
निदेशक

पं० फूलचन्द्रजी शास्त्री,
~~श्री दि० जैन उदासीन आश्रम, तुकोगंज, इन्दौर।~~

BHARATIYA JNANPITH, B/45-47 CONNAUGHT PLACE NEW DELHI-110 001



फोन : ६३५८१

पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट

[रजिस्ट्रेशन पी० टी० नं० ए-२११०, बम्बई]

ए-४, बापूनगर, जयपुर-३०२०१५ (राजस्थान)

क्रमांक .... दिनांक ४-१-८५ १९८

श्रीमान् परम आदरणीय पू. पंडितजी साहब

सादर जय जिनेन्द्र

पत्र आपके २ अगस्त [illegible] कुछ पारिवारिक तथा सामाजिक व्यस्तता एवं साथ प्रवास में होने के कारण उत्तर देने में विलम्ब हुआ उसके लिये क्षमा प्रार्थी हूं [illegible] छपाने बाबत आपने जो ~~[illegible]~~ पद्धति लिखी सो ठीक - इसके तो आप ही पूर्ण अनुभवी एवं निर्णय करने वाले हैं - मैं तो मात्र आपके साथ नाम जुड़ गया है बाकी तो सब आपका ही कार्य है और अब भी आप ही करने वाले हैं - कम्पोज तो आपने लिखा वही ठीक है लेकिन किसी भी प्रेस में कार्य देने के पहले उसको अनुमानत: कितने फर्मे बनेंगे इसका अनुमान तो देना ही होगा उसी के अनुसार कागज की भी व्यवस्था होगी तथा छपाई आदि का एस्टीमेट भी लिया जावेगा आपने लिखा है कि हम लोग तैयार करके छपाई के लिये भेजते जावेंगे सो मेरे [illegible] तो इन्दौर आप विराजते हैं तो इन्दौर का ही प्रेस का निर्णय करें उचित एवं सुविधाजनक होगा अन्य स्थान के प्रेस रखने में लगन भी ज्यादा लगाने के साथ असुविधा भी बहुत होगी अत: मेरे ख्याल से तो आप पुस्तक के फर्मे का अनुमान लगाकर इन्दौर के प्रेसों से एस्टीमेट मंगालेवें इस कार्य के लिये मैं ~~[illegible]~~ जमनालालजी साहब जयपुर आने वाले हैं उनसे बात करके यह प्रेस की व्यवस्था का कार्य उनको सौंप दूंगा आप चिन्ता न करें - प्रेस की व्यवस्था के लिये आपको चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है - वह इन्दौर की ही करें तो उपयुक्त रहेगा - साथ में श्री हीरालालजी आपकी इस समस्या के निवारण के लिये हैं ही अत: आशा है यह कार्य शीघ्र ही संपन्न हो सकेगा - आर्थिक पैसे की व्यवस्था के लिये आप निश्चिन्त रहें।

(ॐ)

जहां तक विषय का प्रश्न है उसके तो पूर्ण निर्णायक आप ही हैं- उसको लिये आपको
मौलिक [illegible] रखना नहीं है - मेरा कार्य भी हीरालालजी कर ही रहे हैं
फिर भी मैं तैयार होकर [illegible] हो [illegible]

पं. आयुष्मानजी के संबंध में लिखा सो अभी अनुपलब्ध होने से इच्छा थी
शीघ्र [illegible] को मिलते के लेकिन अभी आप [illegible] से प्राप्त
होने पर ही यह कार्य हो पायेगा [illegible] यह भी सत्य है कि [illegible]

योगसार के दोहों का अनुवाद आपके [illegible] प्रसन्नता
हुई - अनुवाद अच्छा भावपूर्ण है आप वर्णी संस्थान से छपावें
छपने पर यहां बिक्री के लिये मंगायेंगे

आपने वर्णी संस्थान की रीति नीति बाबत लिखा सो यह तो हरेक
संस्था की अपनी २ अलग रीति होती है उसी से संस्था का चलना होता है
[illegible] संस्था की जैसी रीति होगी उसी के साथ हम भी आपका साथ देंगे
[illegible] रहा है - आप पूरी कीमत में मंगा रहे हैं तो भी हमें कोई एतराज नहीं

श्रीमान् पंडितजी साहब आपका स्वास्थ्य तो इंदौर में ठीक रहता होगा
आप अपने जीवन का शेष काल इंदौर में ही बितावें तो आपको सब प्रकार से
[illegible] होगा - यहां जनता को भी लाभ मिलेगा तथा आपकी शारीरिक
स्वस्थता को भी अनुकूलता रहेगी

श्रीयुत [illegible] यहां आये हैं [illegible] हुए - उनको
[illegible] के बराबर [illegible] प्राप्त नहीं होने से पत्रादि कभी भी नहीं आने से थोड़ी
चिंता बनी रहती है - बीच में किसी ने कहा था कि उनका स्वास्थ्य भी
[illegible] गया है अतः उनको चाहिये कि वे [illegible] पत्र लिखें [illegible]

श्री [illegible] ऐसी है कि [illegible] अभी तक निकला नहीं
उसमें [illegible] चाहिये कि यह [illegible] नहीं - [illegible]
[illegible] रहा है बाकी [illegible] कर सकता है [illegible] - पत्रोत्तर देवें

योग्य कुशलता श्री हीरालालजी साहब से [illegible]

[illegible]

श्री   श्री दि. जैन उदासीन आश्रम
तुकोगंज - इन्दौर
१८-२-८४

ध. ध. श्री पं. लालचंदभाई मोदी
सा. जयजिनेन्द्र

आपका कृपा पत्र मिला. भाई के पत्र का उत्तर उनको दे दिया है. भाई से पुस्तक आने पर किसी समय निकाल कर अनुवाद कर देने का निर्देश दिया है.

आपने जो उद्धरण भेजा है, उसका अनुवाद और भावार्थ लिख रहे हैं —

स्वजातीय द्रव्यमें स्वजातीय और विजातीय द्रव्योंके गुणोंका आरोपण करना, इसका नाम असद्भूत व्यवहार है। यथा —

ज्ञान ज्ञानको ही विषय करता है, फिर भी जिसके कारण इस लोकमें जीव अजीव भी ज्ञानके ज्ञेय कहे जाते हैं, वह असद्भूत व्यवहार नय कहलाता है॥१॥

स्वजातीय द्रव्यमें स्वजातीय विभाव पर्यायका आरोपण करना असद्भूत व्यवहार है। यथा —

विशेषार्थ — आगममें नयोंका विचार दो प्रकारसे किया गया है. एक अध्यात्म दृष्टिसे और दूसरा आगम दृष्टिसे. यहां अध्यात्म दृष्टिसे विचार करने पर असद्भूत व्यवहारनयके

फिर भी आप और अधिक जानना चाहें तो पत्र अवश्य लिखेंगे

दो भेद होजाते हैं— उपचरित असद्भूत व्यवहारनय और अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनय. जहाँ स्वजातीय द्रव्यमें स्वजातीय गुणका आरोप किया जाता है, वहां वह अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय होता है. और जहां स्वजातीय द्रव्यमें विजातीय द्रव्यके गुणका आरोप किया जाता है, वहां वह उपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय होता है.

इसी प्रकार स्वजातीय द्रव्यमें जब अबुद्धिपूर्वक स्वजातीय विभाव पर्यायका आरोप किया जाता है, तब वह अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय होता है. और जब स्वजातीय द्रव्यमें बुद्धिपूर्वक विजातीय द्रव्यकी विभाव पर्यायका आरोप किया जाता है, तब वह उपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय होता है. यह अध्यात्मनयों को ध्यानमें रखकर संक्षेपमें उत्तर दिया है.

आगम की अपेक्षा विचार करनेपर तो असद्भूत व्यवहारनयके भी उक्त प्रकार से दो ही भेद होते हैं— उपचरित असद्भूत व्यवहारनय और अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनय. शरीर मेरा ऐसा कहना अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनयका विषय है तथा देश मेरा ऐसा कहना या मानना उपचरित असद्भूत व्यवहारनयका उदाहरण है. ~~जैसा~~ ऐसा नियम है कि उपयोगाकार ज्ञान स्वयं अपनेको ही जानता है. क्योंकि न तो ज्ञान ज्ञेयके पास जाता है और न ज्ञेय ज्ञानके पास आता है. फिरभी इन दोनोंमें ज्ञाप्य-ज्ञापक संबंधका व्यवहार बनजाने से, सहज ही यह व्यवहार हो जाता है कि इसने इसको जाना. ऐसे व्यवहारका नाम ही असद्भूत व्यवहार है

वस्तुतः जितना भी ज्ञेय है, उस प्रकारका ही
ज्ञानरूप ज्ञान परिणाम होता है, इसीको उक्त
विधिसे ज्ञानने ज्ञेयको जाना ऐसा कहा जाता है
निश्चयनयसे ज्ञान स्वयंको ही जानता है. ज्ञेय को
जाना यह उसका व्यवहार है. जैसा कि नियमसारमें
कहा भी है —

जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणयेण केवली भयवं
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाणं ॥१५९॥

व्यवहारनयसे केवली भगवान सबको जानते हैं और
देखते हैं, निश्चयनयसे केवलज्ञानी नियमसे आत्माको
जानते और देखते हैं।

आलापपद्धतिमें असद्भूत व्यवहारनयके तीन भेद
दृष्टिगोचर होते हैं. उसके अनुसार आपने जो श्लोक
भेजा है, उसका शुद्धपाठ इस प्रकार होगा–

जीवाजीवमपि ज्ञेयं ज्ञानं ज्ञानस्य गोचरात्
उच्यते येन लोकेऽस्मिन् सोऽसद्भूतो निगद्यते॥१॥

ज्ञानके विषय होनेसे ज्ञेय स्वरूप जीव और अजीवको
भी ज्ञान, जिसके कारण इस लोकमें कहा जाता है
वह असद्भूत व्यवहारनय ~~कहलाता~~ है।

नयचक्रमें इसी अर्थमें, उक्त श्लोक
लिखा गया है सो सानुवाद प्रकाशमें
इसको आप लिखें। है वह 'ज्ञानरूप ज्ञान-
गोचरात्' इस पाठको मान कर लिखा है।
सभी साधर्मी भाइयोंको सविनय जयजिनेन्द्र कहें।

आपका
फूलचन्द्र शास्त्री



संरक्षक
१ श्री बाबू फूलचन्द जी
रिटायर्ड जज
२. श्री सेठ हरिश्चन्द जी
लक्ष्मी भण्डार
३. बाबू गुलाबचन्द इंजीनियर
४ श्री शिखरचन्द जी
विनीत टाकीज
५. सि० बाबूलाल जी
सिवई पेपर मार्ट
६ पं० मोहनलाल जी शास्त्री
७ प० सभाचन्द जी

अध्यक्ष
स० सि० नेमीचन्द जी जैन
फोन २३३१७

उपाध्यक्ष
स० सि० रतनचन्द जी
श्री मोतीलाल जी बड़कुल
सि० कोमलचन्द जी

प्रधानमन्त्री
श्री शीलचन्द जी, गल्ला बाजार
श्री सुरेशचन्द जी गढ़ावाल

मन्त्री
सि० पूरनचन्द जी
श्री० रमेशचन्द भारतीय
श्री सुरेशचन्द जी, जैन प्रतिष्ठान

कोषाध्यक्ष
स० सि० सुखचन्द जी
महाकौशल खादी भंडार
श्री शीलचन्द जी, कोवा वाले

आडीटर
श्री हुकमचन्द जी सिंघई

संयोजक वाचना शिविर
बाबू फूलचन्द जी,
रिटायर्ड जज

श्री षट्खण्डागम् स्वाध्याय शिविर
पिसनहारी मढ़िया जी, जबलपुर (म.प्र.)

दिनांक . . .

दिनांक 15-4-1984

।।श्री ।।

मान्यवर महोदय, आदरणीय पूज्य पं. श्री फूलचन्द्र जी सिद्धान्त शास्त्री

सादर जयजिनेश ।

इस पत्र के साथ एक मुद्रित पत्र सम्बद्ध है । उससे सम्पूर्ण समाचार अवगत करने की कृपा कीजिए । आचार्य श्री की इच्छा के अनुकूल हमारी प्रार्थना है ।

प्रकृत वाचना कार्य में भाग लेने हेतु हमारा निमंत्रण अवश्यमेव स्वीकार करने की कृपा कीजिए । हम आपके विशेष आभारी होंगे । आशा ही नहीं हमें पूर्ण विश्वास है कि आप हमें हताश नहीं करेंगे ।

दिनांक 25-4-1984 के दो दिन पूर्व पधारने की स्वीकृति दीजिए । और जबलपुर पहुँचने की सुनिश्चित तिथि व वाहन भी सूचित करने की कृपा कीजिए । आवागमन के संपूर्ण खर्च आदि की और आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था समिति की ओर से रहेगी ।

षट्खण्डागम भाग 7 व 15 की 1-1 या 2-2 प्रतियाँ मंदिरों से प्राप्त कर साथ लाने की कृपा कीजिए आपके साथ ही वापिस की जायेंगी ।

धन्यवाद,

विनीत,

नेमीचन्द जैन

भा. जैन सिद्धान्त षट्खण्डागम वाचना
... समिति
... जबलपुर





Fever
Get Blood Tested
for Malaria-
Treatment.

~~श्री पं० फूलचन्द जी शास्त्री सिद्धान्त शास्त्री जी~~

~~श्री दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र~~

हस्तिनापुर

जि. मेरठ

250404

पिन PIN

सनत कुमार प्रेम कुमार

४८/१२०, जन. गंज,

कानपुर

कानपुर
20-2-85

आदरणीय पं० जी

सादर जयजिनेन्द्र।

हस्तिनापुर से चलकर मेरठ में लगभग पचास मिनट गाड़ी मिल गई थी। रिजर्वेशन भी मिल गया था। मैं प्रातः 9।। बजे कानपुर सकुशल पहुंच गया किन्तु मार्ग में 2 घंटे लेट हो गई थी।

श्री शास्त्री जी का पत्र आया होगा। समाचार दीजियेगा।

श्री आनन्द जी मेरठ में हड्डी के लिये प्लास्टर चढ़ा लिया होगा। उन जी को प्रणाम।

हस्तिनापुर में 3 दिन के निकट रह न पाता किन्तु वाकई नहीं हूं। अत्यधिक स्नेह मुझे मिला

हमारे घर परिवार का प्रणाम स्वीकार हो। मैंने मिलकर ज्योतिषाचार्य पार्सल के लिये लिख दिया है। अपने कुशल क्षेम का समाचार दीजियेगा। श्री जी का न्योता-पत्र समाचार भी दीजियेगा।

आपका

सनत कुमार जैन

श्री प्रकाश जी को यथायोग्य विनय सहित समाचार दीजियेगा।

क्षेत्रपाल - ललितपुर
५-५-८८

श्री अशोककुमारजी
सं० जिनेन्द्र

आपके पिताजी श्री पं. फूलचन्द्र जी को ललितपुर में रख दिया इसकी पूज्य आचार्य महाराज तथा समस्त जैन पंचायत को परम हर्ष है। वाचना का कार्य २२/४ से शुरू है। और पण्डितजी भगवानदासजी के यहाँ ठहरे हैं और वहीं भोजन करते हैं। वाचना के लिये प्रातः काल ८ बजे पधारते हैं, ११ बजे तक वापिस हो जाते हैं। वाहन में आते जाते हैं। स्वास्थ्य अच्छा है। पूज्य आचार्य महाराज की आज्ञा से उन्हें वाचना का कुलपति बनाया गया है सब कार्य उन्हीं के निर्देशन में हो रहे हैं।

२५, २६ और २७ मई को एक महत्त्वपूर्ण विद्वत् गोष्ठी बुलाई जा रही है जिसका नेतृत्व उन्हें ही करना है। वाचना का समापन श्रुतपञ्चमी — १ जून सन् ८८ को होगा। उसके बाद ही पण्डित जी को भेजेंगे। आपको अमेरिका जुलाई में जाना है एक माह तैयारी के लिये प्राप्त होगा। जिस तरह आपको पण्डितजी के स्वास्थ्य की चिन्ता है उसी प्रकार हम सबको है। पण्डितजी से मिलने के लिये पं. जगन्मोहनलाल जी शास्त्री, अस्वस्थ होकर भी कटनी से पधार रहे हैं। विद्वत् गोष्ठी में समाज के प्रतिष्ठित ३०-३५ विद्वान आमन्त्रित हैं।

आपने पण्डितजी को जो पत्र लिखा उसे देखकर ही पत्र लिखने का भाव हुआ है। आशा है आप हमारा अनुरोध रखकर कुलपति की गरिमा का ध्यान रखते हुए पण्डितजी को जल्दी वापिस होने के लिये नहीं लिखेंगे।

आपका
पन्नालाल साहित्याचार्य

"श्री" धन्यकुमार गंगाराम कोरे
मु. पो. कारंजा (जि. अकोला)
३।४।५० ५४४०५

श्री मा. पू. पंडितजी

सादर प्रणाम

आप सिवनी जानेके बाद मैं शोलापुर पहुंचा। आप न होनेसे अच्छा नहीं लगा। उस दिन रविवार २८ को सिद्धचक्र ३४।६ का मंडल विधान होता है। वहाके समाजद्वारा तथा ट्रस्टियोंद्वारा आपके साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ वह जानकर अतीव खेद हुआ।

वहा पं. जवाहरलालजी सिंहईसे भी बात हुई। ऐसा प्रतीत हुआ की उन्हें अध्यात्मरुचि नहीं है। तथा रतनचंदजी मुख्तार का उनके उपर बहुत प्रभाव है। वैसे तो वे आगमपरिणामी कहने लगे।

अब अपने एक सानुकूल निर्णय है कि हमारे पास २५-३० हजार आये है २-३ लोगोंसे। अब आपके द्वारा एक स्वतंत्र परिचया-~~त्मक कोष, तथा व वाङ्मय कोष~~ पारिभाषिक कोष आवश्यक तुरन्त ओके प्रतीक्षा है।

और श्रद्धेयजी आपको आशीर्वादरूपसे उपर की लिखता हूँ। अशोक परदेश चला जायेगा। छोटेको प्यार तथा आशीर्वाद। कृपया पत्र लिखकर जो परिणाम भेजो और लोग ठिकाने प्राप्त होंगे सो भी लिखें।

यदि आपका शोलापुर से पत्र होवे तो आगे मैं सहारनपुर नहीं जाता।

कृपाभिलाषी
धन्यकुमार ग. कोरे

(मूल पर तारीख नहीं है। पत्र देहली से ३० अगस्त को चला और ३१ अगस्त को मिला।)

पं. जगन्मोहनलाल जी के पत्र की नकल

श्रीयुक्त पं. फूलचन्द जी साहिब।

सादर जुहारु जिनेन्द्र।

अपरञ्च मैं देहली पहुँच गया हूँ। वर्णीवाणी के पृष्ठ २३९-२४०-२४१-२४२ पृष्ठ पर जो "मोक्षप्राप्ति में उच्चगति आवश्यक नहीं तथा मोक्ष के लिये जाति कुल आवश्यक नहीं" और मोक्ष के लिये जाति या वेश आवश्यक नहीं" इन शीर्षकों से जो लेख दिये हैं उन पर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद यह है कि ये लेख और इनके शब्द वर्णी जी के हैं या नहीं। इसकी परीक्षार्थ वर्णी जी की हस्तलिपि आप वहाँ वर्णी जी महाराज के नाम रजिस्ट्री से भेज दें। जब तक इसका निर्णय न हो वर्णीवाणी का विक्रय बन्द कर दीजियेगा।

जगन्मोहनलाल जैन

भाई उदयचन्द जी

यदि पं. फूलचन्द जी वहाँ न हों तो आप उनके पास मेरे पत्र की नकल भेज दें और आप हस्तलिपि वहाँ पर वर्णी जी के पास भेज दें और वर्णीवाणी को कहीं किसी के पास भेजें नहीं जब तक निर्णय न करा दिया जाय।

जगन्मोहन लाल

[illegible]



फोन ६१५८१

पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट

[रजिस्ट्रेशन पी० टी० न० ए-२११०, बम्बई]

ए-४, बापूनगर, जयपुर ३०२०१५ (राजस्थान)

क्रमांक ---- ------

दिनांक 28.11.84

११८

समादरणीय पं० श्री फूलचन्दजी 'सिद्धान्ताचार्य', इन्दौर

सादर जय जिनेन्द्र

आशा है आप सानन्द एवं सकुशल होंगे।

आपकी सेवा में एक पत्र भेज रहा हूँ। आप इसे पढ़कर शीघ्र ही उचित मार्गदर्शन कराने की कृपा करें। कृपया इस पत्र का उत्तर शीघ्र ही उपरोक्त पते पर देने का कष्ट करें, अथवा समाचार-पत्र के माध्यम से मार्गदर्शन करने की कृपा करें।

शेष शुभ। योग्य सेवा लिखें।

आपका

अभय कुमार जैन

द्वारा

श्री अभिनन्दन कुमार जैन

प्रतिष्ठाचार्य ब्र० बाबूलाल.... श्री अभिनन्दनकुमारजी शास्त्री पं० टोडरमल स्मारक भवन, जयपुर से प्राप्त पत्र

विद्वत् समाज मार्ग दर्शन करे क्या सूर्य कीर्ति --- ?

मेरे पास जलगाँव (महा०) से मेरे एक मित्र का पत्र आया है, जिसमें उन्होंने सूर्यकीर्ति भगवान की धातु की ६ इंच की प्रतिमा बनवाने का तथा प्रतिष्ठा करवाने का अनुरोध किया है।

सूर्य कीर्ति भगवान से आशय पूज्य गुरुदेव श्री कानजी स्वामी की चार भव बाद की पर्याय से है, जिसमें वे तीर्थंकर पद प्राप्त करके मुक्त होने वाले है। उनके तीर्थंकर होने की बात पूज्य बहिन श्री चम्पाबेन ने अपने जातिस्मरण ज्ञान के आधार पर कही है। पूज्य स्वामीजी, बेन श्री चम्पाबेन शान्ताबेन एवं एक अन्य भाई पिछले भव में विदेह क्षेत्र में थे। जिस समय आचार्य कुन्दकुन्द विदेह क्षेत्र गये थे, उस समय भी वे चारों जीव वहाँ उपस्थित थे। उक्त घटना बेन श्री के जाति स्मरण में आई है। भविष्य में पूज्य स्वामीजी के तीर्थंकर होने तथा पूज्य चम्पाबेन एवं शान्ताबेन के गणधर होने की बात भी बेन श्री के जातिस्मरण ज्ञान के आधार पर कही गई है।

पूज्य गुरुदेव श्री कानजी स्वामी ने दिगम्बर सन्तों की वाणी का मर्मोद्घाटन करके हम जैसे लाखों प्राणियों पर जो महान उपकार किया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूज्य बेन श्री भी ज्ञानी धर्मात्मा है।

अपने मित्र के उक्त प्रस्ताव से मैं असमंजस में पड़ गया हूँ कि सूर्यकीर्ति भगवान की प्रतिष्ठा आगमानुकूल है या नहीं ? सुना है कि सोनगढ़ में भी नवनिर्मित नन्दीश्वर जिनालय में सूर्यकीर्ति भगवान की प्रतिमा प्रतिष्ठित होने जा रही है। लगता है उसी से प्रेरणा पाकर उक्त प्रस्ताव मेरे पास आया है। यदि वहाँ प्रतिष्ठा करा दी गई तो उसके आधार पर देश भर में अनेक स्थानों से ऐसी प्रतिमाएं प्रतिष्ठित करने की माँग आने लगेगी।

भरत चक्रवर्ती द्वारा तीन चौबीसी की प्रतिमा प्रतिष्ठित कराने का पौराणिक उल्लेख तो है, परन्तु आगम में सूर्य कीर्ति नाम के किन्हीं तीर्थंकर का उल्लेख मेरे देखने में नहीं आया। यदि किन्हीं के देखने में आया हो तो उसमें हमें अवश्य अवगत करायें, तथा यह भी बतायें कि क्या उनकी प्रतिष्ठा कराना सम्भव है ? यदि आगम में उल्लेख नहीं है तो क्या एक ज्ञानी धर्मात्मा गृहस्थ के जाति स्मरण ज्ञान के आधार पर

इस प्रकार की प्रतिष्ठा कराई जा सकती है ? ध्यान रहे ; यह मेरा आशय पूज्य बहिन श्री के जातिस्मरण ज्ञान की सत्यता पर प्रश्न चिन्ह लगाना नहीं है , अपितु दिगम्बर आम्नाय के संदर्भ में आगमानुकूल निर्णय लेने से है।

पूज्य गुरुदेव श्री का हम लोगों पर अनन्त उपकार है , अत: उनकी जितनी भी अधिक महिमा बढे उसमें हमें उतनी ही अधिक प्रसन्नता है , किन्तु आगम का ठोस आधार न होने से असमंजस की स्थिति खड़ी हो गई है । इस स्थिति से उबरने के लिये मेरा पं० श्री नाथूलालजी शास्त्री एवं प० धन्नालालजी आदि बुजुर्ग प्रतिष्ठाचार्यों एवं श्री पं० फूलचन्दजी शास्त्री बनारस , पं० कैलाशचन्दजी शास्त्री बनारस , पं० जगन्मोहनलालजी शास्त्री कटनी , पं० प्रकाशचन्दजी हितैषी आदि ख्याति प्राप्त विद्वानों से विनम्र अनुरोध है कि इस संदर्भ में मेरा मार्ग दर्शन करें ।

नवीन प्रतिष्ठाचार्य बुजुर्ग प्रतिष्ठाचार्यों व विद्वानों से ही तो मार्ग दर्शन लेगे तथा उनका भी कर्तव्य है कि वे नवीन प्रतिष्ठाचार्यों को दिशा निर्देश करे । अत: मेरा निवेदन है कि शीघ्र ही इस सम्बन्ध में अपने विचारों से अवगत कराये , ताकि आगमानुकूल परम्परा विकसित हो सके ।

इन्दौर

दिनांक १३-१२-८४

प्रतिष्ठाचार्य ब्र० श्री अभिनंदनकुमारजी शास्त्री ,

सस्नेह जय-जिनेन्द्र ,

आपका दिनांक २५ नवम्बर का डाला हुआ पत्र प्राप्त हुआ । पढ़कर आश्चर्य हुआ । आगमिक परम्परा की दृष्टि से विचार करते है तो अभी तक सभी जिन मन्दिरों में भविष्य में होने वाले तीर्थंकरों के जिन बिम्ब दृष्टिगोचर नही होते , क्योंकि जो सिद्ध पद को प्राप्त हो गये है या वर्तमान मे हो रहे है उन्ही के ही जिन बिम्ब पाये जाते है। जहां पर भी भविष्य कालीन तीर्थंकरों के जिन बिम्ब विराजमान किये गये है , वह आगमिक परम्परा का अतिरेक है ,अर्थात आगम की परम्परा की अवज्ञा है । जाति स्मरण का नाम लेकर ऐसी अघटित घटना को संभव बनाना केवल अज्ञान का ही प्रचार प्रतीत होता है , इसमें अणुमात्र भी सत्यता प्रतीत नही होती है।

वर्तमान में एक बहिन के जाति स्मरण नाम के आधार से कहने पर भी कानजी स्वामी को भविष्य कालीन तीर्थंकर मान लेना यह मात्र कल्पना का विषय है , इसे सत्य मानना सम्भव प्रतीत नही होता क्योंकि जाति स्मरण का विषय भविष्य कालिन किसी घटना को निर्देश करना नही है। अभी तक आगम में ऐसा कोई उल्लेख देखने में नही आया कि किसी बहिन या भाई को असंख्य- अबज वर्ष भवों का जाति स्मरण ज्ञान हुआ हो। पुराणों में जो उल्लेख मिलते है वे मात्र कुछ पूर्व भव सम्बन्धी ही मिलते है और फिर श्री कानजी स्वामी असंयमी थे , फिर उनमें तीर्थंकर होने जैसा कौन सा चिन्ह था, जिसे देखकर उन्हें जाति स्मरण हुआ हो।

सन १९५७ में जब सोनगढ़ मे विद्वत- परिषद का अधिवेशन हुआ था, उस समय मुझे वहां कारण वश रहना पड़ा था इसलिये मैं समय समय पर रात्रि चर्चा में भी सम्मिलित होता था , तथा श्री कानजी स्वामी क्या कहते है यह भी एकाग्रता से सुनता था । उस समय सीमन्धर भगवान के समवशरण में जिन महानुभावों के नाम स्वामीजी के साथ होने में लिये जाते थे , उनमें जो वर्तमान में नाम लिये जाते है , उनमें कन्वर

दिखाई देता है। उस समय समवशरण में दोनो बहिने भी श्री कानजी स्वामी के साथ उपस्थित थी, इस रूप में जो नाम लिये जाते है उन नामो में भी परिवर्तन हुआ है, इससे मालुम पड़ता है कि यह घटना मात्र कल्पना के आधार पर ही रची गई है। इसमें वास्तविकता अणुमात्र भी दिखाई नही देती।

श्री कानजी स्वामी ने वर्तमान में अध्यात्म के प्रचार - प्रसार में विशेष योगदान दिया है, इस अपेक्षा से उन्हें कदाचित बड़प्पन भी दिया जाये तो दिया जा सकता है परन्तु वे तीर्थंकर होने वाले है इस अपेक्षा से उन्हें अणुमात्र भी बड़प्पन नही मिलना चाहिए।

पूर्वोक्त आधारों को देखते हुए सूर्यकीर्ति के नाम से उनकी प्रतिमा स्थापित करना यह घोर अज्ञान है, ऐसा तो होना नही चाहिये। जो ऐसा करते है वे दिगम्बर परम्परा को भ्रष्ट करने में सहायक माने जायेगे।

<u>आजकल दो अन्य नयी परम्परायें चल पड़ी है :-</u>

१. वर्तमान मुनियोंकी मूर्ति स्थापित करना तथा

२. बहिनों के द्वारा आगम शास्त्र का लिखा जाना,

जो मूल परम्परा के अत्यन्त विरुद्ध है। ऐसी असत्य परम्पराओंको किसी व्यक्ति द्वारा या समाज द्वारा प्रोत्साहन नही मिलना चाहिए, चाहे वह पन्डित हो या अन्य कोई हो।

फूलचन्द्र शास्त्री
(फूलचन्द सि.शास्त्री)

हार्दिक अनुरोध
— नेमीचन्द पाटनी, आगरा

पूज्य गुरुदेव श्री कानजी स्वामी की चौथी स्मृति दिवस एवं सोनगढ़ पंचकल्याणक सम्बन्धी समाचार हिन्दी व गुजराती आत्मधर्म में छपे हैं, उसके साथ पंचकल्याणक के बारे में एक पत्रिका भी आई थी, पर उसमें सूर्यकीर्ति की मूर्ति विराजमान करने संबंधी कोई समाचार नहीं था। परन्तु कुछ मुमुक्षु भाइयों के पत्रों से पता चला कि चौथी स्मृति दिवस पर १५.११.८५ को सूर्यकीर्ति अनुमोदन फण्ड इकट्ठा किया गया है, जिससे मुझे बहुत चिन्ता हुई, पर साथ ही स्थान-स्थान से ऐसे पत्र भी आने लगे हैं कि हमें सोनगढ़ से प्रेरणा मिली है कि आपके अपने मन्दिर में सूर्यकीर्ति की मूर्ति विराजमान करो। हमारे यहाँ इस बात पर दो मत बन गये हैं। हम क्या करें?

अत: समाचारों से मैं विचलित हो उठा और तत्काल आद० बाबूभाईजी एवं डॉ० हुकमचन्दजी से विचार-विमर्श करने जयपुर गया। आद० बाबूभाईजी एवं डॉ० साहब भी अधिक चिन्तित थे, क्योंकि वहाँ इसप्रकार के और भी अधिक समाचार थे, पत्र, तार, फोन आ रहे थे। प्रतिष्ठाचार्य ब्र० अभिनन्दनकुमारजी के सामने भी यह समस्या आई और उन्होंने विद्वानों की सम्मति जानने पत्रों में व विद्वानों को जो पत्र लिखे थे, उनके भी कुछ उत्तर आये थे।

मैंने बाबूभाईजी एवं डॉ० साहब से बहुत विचार-विमर्श किया, आद० लालचन्दभाई से भी फोन पर दो बार बातचीत की। इस विस्फोटक स्थिति से सभी चिन्तित तो थे ही, इस बात पर एकमत भी थे कि यह काम तत्काल रुकना चाहिए। बिना आगम प्रमाण के कोई ऐसी नवीन परम्परा आरंभ होना दिगम्बर समाज के लिए तो घातक है ही, सोनगढ़ की प्रतिष्ठा को भी गहरी हानि पहुँचाने वाली है। स्थिति निरन्तर विकराल होती जा रही है, क्योंकि मुमुक्षु समाज में भी दोनों ओर से भारी उत्तेजना है, यदि यह कार्य नहीं रुका तो स्थिति बहुत खराब हो जाने की आशंका है।

मैंने सोनगढ़ ट्रस्ट से त्यागपत्र दे दिया है, तो भी मैं एक दिगम्बर जैन और मुमुक्षु भाई के नाते इस काम के प्रति जिम्मेवार सोनगढ़ कर्णधारों से हार्दिक विनम्र अनुरोध करता हूँ कि, इस कार्य को अपने व समाज के हित में अभी तत्काल स्थगित कर दें और इसकी घोषणा तत्काल आत्मधर्म व अन्य समाचार-पत्रों में प्रकाशित करा दें, जिससे समाज में शान्ति हो।

उनकी उत्कट भावना है तो समाज के दस-बीस मान्य विद्वानों से विचार-विमर्श कर उनके सहयोग से जो भी शास्त्रसम्मत हो, वह करें, पर अभी जल्दबाजी में कुछ न करें, अन्यथा बहुत बड़ी हानि की सम्भावना है।

आगम और परमागम की श्रद्धा के साथ मुझे पूज्य गुरुदेव श्री कानजी स्वामी के प्रति भी अपार श्रद्धा है, क्योंकि उन्होंने मात्र मुझे ही नहीं, लाखों जीवों को अध्यात्म की लैन में लगाया है। हम यदि उनके सच्चे अनुयायी हैं तो हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जो उनकी भावना के अनुकूल न हो और उनकी प्रतिष्ठा को हानि पहुँचाए। पता चला है कि भोगीभाई ने गुरुदेव श्री की उपस्थिति में सोनगढ़ में सूर्यकीर्ति तीर्थंकर की मूर्ति विराजमान करने का प्रस्ताव किया था, जिसे गुरुदेव श्री ने यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि ऐसी गलती कभी न करना। सोनगढ़ में तो विराजमान करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, पर कहीं भी विराजमान मत करना। ऐसी गलत परंपरा आरंभ नहीं करना है। आत्मा का हित करना है तो स्वाध्याय करो, आत्मा को समझने का प्रयत्न करो। इसमें कुछ नहीं रखा है।

उनके इस रुख को देखकर फिर उनकी उपस्थिति में इसप्रकार की बातें करने की किसी की हिम्मत नहीं हुई, अब उनकी अनुपस्थिति में ऐसा करना कहाँ तक उचित है? हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि ऐसा करने वालों के हृदय में

गुरुदेव श्री के बहुमान में कोई कमी नहीं है, पर गुरुभक्ति के नाम पर आगम की अवहेलना भी उचित नहीं कही जा सकती।

मैंने गुरुदेव श्री की दो-दो यात्राओं का संचालन किया है। उस समय उनके नजदीकी रहने का बहुत अवसर मिला है। उस समय ऐसे भी बहुत अवसर आये कि जब कोई अप्रभावना का हेतु उपस्थित हुआ तो उनका एक ही आदेश रहता था कि हमें विवाद में नहीं पड़ना है, कोई ऐसा काम नहीं करना है, जिसमें विवाद उत्पन्न हो।

जब तक वे रहे, तब तक तो मैं महीनों उनके चरणों में पालियाने रहता ही था, पर उनके स्वर्गवास के बाद भी सोनगढ़ की प्रभावना में दिन-रात चिन्तित रहा। पर जब देखा कि वहाँ कोई भी काम कायदे से नहीं होता, ट्रस्टियों की कुछ नहीं चलती, ट्रस्ट के निर्णयों की निरन्तर अवहेलना होती है तो गहराई से विचार कि शेष जिन्दगी शान्ति से आत्माराधना एवं गुरुदेव श्री के बताये जिनमार्ग की प्रभावना में बीते — इस भावना से बारह में से सात ट्रस्टियों के साथ त्यागपत्र दे दिया और सोचा कि अब वहाँ के बारे में कुछ सोचना ही नहीं, पर यह विकट स्थिति देखकर चुप नहीं रहा गया, तो मेरे हृदय से समाज से, सभी मुमुक्षु भाइयों से और सोनगढ़ के स्वयम्भू कार्यकर्ताओं से हार्दिक अनुरोध है कि अभी इस कार्यक्रम को तत्काल रोक दें, इसकी सूचना समग्र समाज को दें, जिससे सर्वथा शान्ति स्थापित हो सके। कोई भी व्यक्ति इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर व्यर्थ का हठ नहीं करे, इसी में सबका हित है। समाज के मूर्धन्य विद्वानों से भी हार्दिक अपील करता हूँ कि वे अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर आगम और विवेक से इस समस्या का सही निदान खोजें और संबंधित व्यक्तियों को वात्सल्य से समझाकर उसे क्रियान्वित करें। जो उचित है, वही करें।

पूज्य गुरुदेव श्री के प्रति अगाध श्रद्धा और वीतरागी जिनमार्ग के प्रति अटूट आस्था होने के कारण ही यह अनुरोध सार्वजनिक रूप से कर रहा हूँ।

श्री वीतरागाय नमः । जयपुर २९।११।८४

आदरणीय पंडितजी सा.

सविनय चरण स्पर्श

आशा है आप का स्वास्थ्य ठीक होगा।

